CMYK

अधिकतम :26°C
न्यूनतम : 12°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, सोमवार 17 नवम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 93 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 | 25 जमादिउल उला 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अन्याय बड़ा हो, तो प्रतिरोध उससे भी बड़ा होना चाहिए: योगी पेज 2



कोलकाता टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 30 रनों से हराया खेल टाइम्स



आखिर क्यों नहीं रुकते देश में आतंकवादी हमले सम्पादकीय



मेक्सिको में भ्रष्टाचार के खिलाफ जेन-जी का प्रदर्शन पेज 12

## दिल्ली लालकिला ब्लास्ट मामले में नया बड़ा खुलासा

# सुसाइड बॉम्बर की तलाश में था उमर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली लाल किला ब्लास्ट केस के आतंकी डा. उमर नबी से जुड़े कुछ लोगों को जम्मू-कश्मीर पुलिस ने हिरासत में लिया है। उसने पूछताछ में सामने आया है कि डाक्टरों वाला ये व्हाइट कॉलर मॉड्यूल पिछले साल ही एक सुसाइड बॉम्बर की तलाश में था। इसका जिम्मा डा. उमर पर ही था। वही मॉड्यूल के एजेंडे को लगातार आगे बढ़ा रहा था।

उमर का मानना था कि मॉड्यूल में एक सुसाइड बॉम्बर का होना जरूरी है। अधिकारियों ने बताया हिरासत में काजीगुंड का जसीर उर्फ दानिश भी है। उसके मुताबिक अक्टूबर 2023 में कुलगाम की एक मस्जिद में उसकी डाक्टरों वाले इस टेरर मॉड्यूल से मुलाकात हुई थी। इसके बाद उसे फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी ले जाया गया, जहां किराए के कमरे में उसे रखा गया। मॉड्यूल चाहता था कि वह ओवर-ग्राउंड वर्कर बने, लेकिन उमर ने उसे कई महीनों तक सुसाइड बॉम्बर बनने के लिए ब्रेनवॉश किया। मॉड्यूल की प्लानिंग इसलिए फेल हुई क्योंकि जसीर ने आर्थिक स्थिति खराब होने और इस्लाम में आत्महत्या हराम होने का हवाला देकर सुसाइड बॉम्बर बनने से इन्कार कर दिया था। दिल्ली में सुभाष मार्ग सिग्नल पर 10 नवम्बर को हुए ब्लास्ट में 13 लोग मारे गए थे। 20 से ज्यादा घायलों का इलाज जारी है। 3 की हालत गंभीर है। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग और कुलगाम में एनएसजी ने फर्टिलाइजर्स की दुकानों की तलाशी ली। उनके रिकॉर्ड जांचे गए। साथ ही कार डीलर्स, विस्फोटक मैगजिन, मिलावट करने वाले और संवेदनशील रॉ मटेरियल का मैनेजमेंट करने वाली इंडस्ट्रीज की भी जांच की गई। दिल्ली धमाके के बाद से दिल्ली पुलिस अलर्ट पर है। सेंट्रल दिल्ली में एंटी-टेरर सिक्योरिटी बढ़ाई गई है। शनिवार रात अभियान में पुलिस ने 34 लावारिस वाहन जब्त किए। साथ ही 417 वाहनों का चालान किया गया। पुलिस ने बाजारों, धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में हथियारबंद जवान तैनात किए हैं। होटल, गेस्ट हाउस, साइबर कैफे, केमिकल शॉप्स और सिम विक्रेताओं पर सघन वेरिफिकेशन चल रहा है। किराएदारों और मजदूरों की जांच भी बढ़ाई गई है। हरियाणा के नूंह में डा. उमर नबी ने एक घर में किराए का कमरा लिया हुआ था। यहां की सुरक्षा बढ़ाई गई है। मकान की मालिक फरार है, जो अल-फलाह यूनिवर्सिटी में इलेक्ट्रिशियन का काम कराने वाले शख्स की बहन है।



**दावा: जिसका ब्रेनवॉश किया, उसने इस्लाम में खुदकुशी को हराम बताकर कर दिया था इन्कार**

## डा. उमर के साथी अमीर को एनआईए ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लाल किला क्षेत्र में हुए कार बम धमाके की जांच कर रही राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को बड़ी सफलता मिली है। एजेंसी ने उस कश्मीरी निवासी को गिरफ्तार कर लिया है, जिसने आत्मघाती हमलावर के साथ मिलकर इस आतंकी वारदात को अंजाम देने की साजिश रची थी।

इस हमले में 13 निर्दोष लोगों की मौत हो गई थी, जबकि करीब 32 अन्य घायल हुए थे। यह गिरफ्तारी मामले की दिशा बदल सकती है और आतंकियों के नेटवर्क को उजागर करने में अहम साबित हो सकती है। एनआईए के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी अमीर रशीद अली उस कार का पंजीकृत मालिक है, जिसका इस्तेमाल आत्मघाती हमलावर द्वारा धमाके में किया गया था। प्रारंभिक जांच से सामने आया है कि आरोपी ने हमलावर के साथ मिलकर पूरी योजना तैयार की थी। एजेंसी ने दिल्ली पुलिस से केस अपने हाथ में लेने के बाद आरोपी की तलाश के लिए व्यापक अभियान शुरू किया था। कई राज्यों में खोज अभियान चलाने के बाद आखिरकार अमीर रशीद अली को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। सूत्रों के मुताबिक, एनआईए अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी की आतंकियों से संपर्क की अवधि कितनी लंबी थी, वह किस नेटवर्क के संपर्क में था और इस साजिश में अन्य कितने लोग शामिल थे।

**■ इसी के नाम थी धमाके में इस्तेमाल की गई कार**

## श्रीनगर थाने में ब्लास्ट तेज रोशनी व गर्मी से हुआ : फॉरेंसिक अधिकारी

**श्रीनगर/नई दिल्ली।** श्रीनगर के नौगाम पुलिस स्टेशन में 14 नवम्बर को सैंपलिंग के दौरान हुए ब्लास्ट को फॉरेंसिक टीम ने एक दुर्घटना बताया है। उसने स्पष्ट किया कि यह आतंकी हमला नहीं था। फॉरेंसिक टीम की जांच में सामने आया है कि एफएसएल और एनएसजी की टीम अमोनियम नाइट्रेट, पोटेशियम नाइट्रेट, सल्फर और अन्य केमिकल्स के आखिरी बॉक्स से सैंपल की जांच कर रही थीं, तभी बहुत ज्यादा रोशनी होने के कारण बाहर गर्मी बढ़ी और धमाका हो गया। ये सैंपल दिल्ली ब्लास्ट मामले में फरीदाबाद से जब्त लगभग 360 किलो विस्फोटक सामग्री से लिए गए थे। दरअसल 14 नवम्बर की रात करीब 11.20 बजे नौगाम थाने में ब्लास्ट हो गया, जिसमें 9 लोगों की मौत हो गई और 32 लोग घायल हो गए थे। इनका 92 आर्मी बेस और एसकेआईएमएस सौरा हास्पिटल में इलाज चल रहा है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीजीपी नलिन प्रभात और संयुक्त सचिव (कश्मीर) प्रशांत लोखंडे ने संयुक्त बयान में कहा कि जब्त केमिकल बहुत खतरनाक और संवेदनशील थे। इसलिए टीम ज्यादा सावधानी से काम कर रही थी। इसके बावजूद धमाका हो गया।

# घाटी की जगह अब पाक-बांग्लादेश में आतंकियों की भर्ती

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर और दिल्ली में लालकिले के पास धमाके के बाद कई अहम तथ्य उजागर हैं। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि आईएसआई भारत में आतंकवाद के लिए अब आतंकियों की भर्ती कश्मीर में करने की बजाए पाकिस्तान व बांग्लादेश में करने लगी है।

ऐसा केंद्र सरकार की घाटी में बढ़ती कार्रवाई के बाद किया जा रहा है। भारतीय सेना में सेंट्रल कमांड के चीफ ऑफ स्टाफ रहे सेवानिवृत लेफ्टिनेंट जनरल रवींद्र प्रताप शाही (एवीएसएम) कहते हैं कि घाटी में पिछले कुछ वर्षों में सैन्य बलों की सख्ती के चलते पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों की कमर टूटी है। वे सख्त निगरानी के कारण लोकल रिक्रूटमेंट नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में उन्होंने अब नया पैंतरा अपनाते हुए आतंकियों को बांग्लादेश व पाकिस्तान में बुलाकर प्रशिक्षण देना शुरू कर दिया है। ये पिछले दिनों की चल रही जांच में सामने आया है। वर्ष 1983-85 व 1994-95 तक कश्मीर के अनंतनाग, पहलगाम और राजौरी में तैनात रहे ले. जनरल आरपी शाही कहते हैं कि संभव नहीं है कि महज तीन-चार माह में 360 किलो विस्फोटक इकट्ठा कर लिया जाए। किसी को शक न हो इसलिए आतंकी संगठनों ने अपने मंसूबों को साकार करने के लिए डाक्टरों को चुना। विदेशी ताकतों ने ट्रेनिंग और वित्तीय मदद की है, जिसका खुलासा इंटरपोल की मदद से जल्द ही होगा। शाही कहते हैं कि जांच एजेंसियां, सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस की सक्रियता के चलते बड़ी साजिश नाकाम हो गई। अब सेना को एक बार फिर अपना रौद्र रूप दिखाने का वक्त आ गया है। कैप्टन योगेंद्र सिंह यादव कहते हैं कि पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन ऐसे हमले से भारत को उकसा रहा है कि वह उससे युद्ध करे। वे नहीं चाहते हैं कि भारत विकासशील से विकसित राष्ट्र बने लेकिन हमें इसका माकूल जवाब देना होगा। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि ऑपरेशन सिंदूर 2.0 शुरू किया जाए।



**■ केंद्र सरकार की जम्मू- कश्मीर में बढ़ती सख्ती के बाद आईएसआई ने बदली भारत में रणनीति**

## संक्षिप्त समाचार

### ड्रग तस्करी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में 110 म्यूल बैंक खाते फ्रीज

**नई दिल्ली।** दिल्ली में ड्रग तस्करी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 110 म्यूल बैंक खातों को फ्रीज कर दिया है और करीब 70 लाख रुपये नकद जब्त किए हैं। एजेंसी को तलाशी के दौरान दुबई-आधारित क्रिप्टोकरंसी वॉलेट के उपयोग के सबूत भी मिले। ईडी ने यह कदम नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की उस शिकायत के आधार पर उठाया, जिसमें नवम्बर 2024 में 82.53 किलो हाई-ग्रेड कोकीन की बरामदगी का मामला दर्ज किया गया था। इस ड्रग की अंतर्राष्ट्रीय कीमत करीब 900 करोड़ रुपये आंकी गई थी। एनसीबी ने इस मामले में पहले ही पांच लोगों को गिरफ्तार कर रखा है। ईडी ने 14 नवम्बर को दिल्ली-एनसीआर और जयपुर में कुल पांच जगहों पर तलाशी ली। इस दौरान 110 म्यूल बैंक खाते फ्रीज (इनमें 73 यूपीआई और डिजिटल वॉलेट से जुड़े खाते शामिल), 70 लाख रुपये नकद, कई डिजिटल डिवाइस और दस्तावेज, दुबई आधारित क्रिप्टो वॉलेट के जरिये धन भेजने के सबूत हैं।

### दिल्ली में एक्यूआई 450 पार पहुंचा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में ठंड के साथ-साथ प्रदूषण का लेवल बढ़ गया है। रविवार सुबह 8.30 बजे तक एक्यूआई लेवल 450 से ज्यादा रिकॉर्ड किया गया। उत्तर भारत से बफीर्ली हवाएं लगातार चलने से राजस्थान में सर्दी बरकरार है। रविवार को सीकर जिले में कोल्ड-वेव का येलो अलर्ट जारी किया गया है। जयपुर, अजमेर संभाग के जिलों में सुबह-शाम शीतलहर (कोल्ड-वेव) का प्रभाव है। इन संभाग के अधिकांश जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे दर्ज हो रहा है।शीतलहर ने मैदानी राज्यों में ठिठुरन बढ़ा दी है। मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, छत्तीसगढ़, पंजाब, हरियाणा और बिहार-झारखंड में ठंड बढ़ गई है। बीते चौबीस घंटे में 2डिग्री से 3डिग्री सेल्सियस तक पारा लुढ़क गया है। राजस्थान के फतेहपुर में 5डिग्री और सीकर में 5.4डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है। मध्य प्रदेश के 4 जिलों में पारा 10 डिग्री के नीचे चल रहा है। रीवा और नौगांव में पारा 7 डिग्री के आसपास चल रहा है।

### सुरेश गोपी को मिला मनोरमा न्यूज न्यूजमेकर पुरस्कार

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने रविवार को यहां एक समारोह में केंद्रीय पर्यटन और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री एवं अभिनेता सुरेश गोपी को मनोरमा न्यूज़ न्यूज़मेकर पुरस्कार 2024 प्रदान किया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने सिनेमा और राजनीति की चुनौतियों पर प्रकाश डाला और दोनों क्षेत्रों में उत्कृष्ट सफलता के लिए सुरेश गोपी की प्रशंसा की। श्री राधाकृष्णन ने युवाओं को प्रेरित करने के लिए देश में सकारात्मक विकास को उजागर करने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया और बेजुबानों को आवाज़ देने में पत्रकारिता की ज़िम्मेदारी पर ज़ोर दिया।

## आतंकवाद 1989-90 में कश्मीर से शुरू हुआ: थरूर

**श्रीनगर।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने रविवार को कहा कि आतंकवाद 1989-90 में कश्मीर से शुरू हुआ और धीरे-धीरे मुंबई, पुणे, दिल्ली तक फैल गया है। भारत पिछले 30 साल से आतंकवाद से चुनौती झेल रहा है। अब इस पर कठोर और असरदार एक्शन की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि हर आतंकी घटना में दो चीजें बेहद अहम होती हैं। यह पता लगाना कि वारदात किसने और क्यों की और ऐसे हमलों को दोबारा होने से रोकने के उपाय। हर मुद्दे को युद्ध और शांति के चश्मे से नहीं परखा जा सकता। आतंकवाद पर सख्ती जरूरी है, लेकिन देश के विकास के बड़े लक्ष्य को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। थरूर का ये बयान जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम और नेशनल कॉन्फ्रेंस के चीफ फारूक अब्दुल्ला के दिल्ली ब्लास्ट पर दिए बयान पर आया।



**■ कहा: भारत पिछले 30 साल से आतंकवाद से चुनौती झेल रहा**

# पीएम ने बुलेट ट्रेन परियोजना टीम के सदस्यों से की बातचीत

**सूरत/नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने सूरत में निर्माणाधीन भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना की टीम के सदस्यों से बातचीत की और उनसे समय-सारिणी के लक्ष्यों के पालन सहित परियोजना की प्रगति के बारे में जानकारी ली।

प्रधानमंत्री ने देश की सबसे महत्वाकांक्षी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में से एक मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर (एमएएचएसआर) की प्रगति की समीक्षा शनिवार को की थी और सूरत में निर्माणाधीन बुलेट ट्रेन स्टेशन का दौरा किया था। यह परियोजना देश के हाई-स्पीड कनेक्टिविटी के युग में प्रवेश का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने समीक्षा के साथ ही बुलेट ट्रेन से जुड़े कई कर्मचारियों बातचीत की। केरल की इंजीनियर ने गुजरात के नवसारी के नॉइज़ बैरियर फ़ैक्ट्री में काम करने का अनुभव साझा किया, जहां रीबार केज वेल्डिंग के लिए रोबोटिक इकाइयों का उपयोग किया जा रहा है। श्री मोदी ने उनसे देश की पहली बुलेट ट्रेन के निर्माण के व्यक्तिगत अनुभव और इस ऐतिहासिक उपलब्धि को परिजनों के साथ साझा करने के बारे में पूछा। प्रधानमंत्री के सवाल पर उन्होंने कहा कि देश की पहली बुलेट ट्रेन के निर्माण में योगदान पर गर्व होता है।



## जयंत चौधरी रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए

**लखनऊ/मथुरा।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के राष्ट्रीय अधिवेशन-2025 में रविवार को जयंत चौधरी सर्वसम्मति से फिर से अध्यक्ष चुने गए हैं। मथुरा के कोसीकलां में रविवार को आयोजित पार्टी अधिवेशन में मौजूद प्रतिनिधियों ने श्री जयंत का स्वागत किया। अधिवेशन में आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक प्रस्तावों पर भी व्यापक चर्चा हुई। आर्थिक प्रस्ताव के तहत कृषि भूमि के विभाजन और युवाओं के पलायन को रोकने के लिए गांव-कस्बों में स्थानीय रोजगार सुनिश्चित करने का संकल्प दोहराया गया।



# समुद्रयान चेन्नई के ओशन इंस्टीट्यूट में ले रहा आकार

चेन्नई, वार्ता

**चेन्नई के** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओशन टेक्नोलॉजी (एनआईओटी)में समुद्रयान आकार ले रहा है। इस वैज्ञानिक पनडुब्बी के हिस्से असेम्बल हो रहे हैं। दिलचस्प बात है कि पहले समुद्रयान के शत-प्रतिशत पार्ट्स इम्पोर्ट किए जाने थे, लेकिन कोविड और जियो पॉलिटिकल कारणों से पार्ट्स नहीं मिल पाए।

नतीजतन, अब 2025 में समुद्रयान के 50 फीसदी हिस्से भारतीय संस्थानों ने ही तैयार कर लिए। एनआईओटी के उपनिदेशक एस. रमेश ने कहा कि समुद्रयान का बेसिक फ्रेम, मत्स्य-6000, कम्युनिकेशन, नेविगेशन और कंट्रोल सिस्टम सॉफ्टवेयर भारत में ही विकसित किए गए हैं। कुछ कैमरे, सेंसर, अकास्टिक फोन और सिंटेक्टिक फोम आयात करने पड़े। लक्ष्य है कि 2026 में 30 मीटर, 200 मीटर और 500 मीटर की गहराई में समुद्रयान के तीन अलग-अलग रिहर्सल और टेस्ट होंगे। सभी उपकरणों और हर हिस्सों को नार्वे की एजेंसी डीएनवी (डेट नार्स्क वेरीटॉस) से सर्टिफिकेशन हासिल हो चुका है। समुद्रयान का टाइटेनियम मिश्रधातु से बना मुख्य ढांचा एनआईओटी परिसर के असेंबली हाल में आ चुका है। इसे तैयार करने में इलेक्ट्रान बीम वेल्डिंग का देश में पहली बार इस्तेमाल हुआ है। समुद्रयान मिशन भारत का पहला मानवयुक्त समुद्र मिशन है, जिसका मकसद मत्स्य-6000 नाम के मानवयुक्त पनडुब्बी में 3 वैज्ञानिकों को समुद्र की 6,000 मीटर की गहराई तक भेजना है। यह भारत के डीप ओशन मिशन का एक हिस्सा है। इसके तहत समुद्र के संसाधनों और जैव-विविधता का अध्ययन किया जाएगा। 2027 में गगनयान के मानव मिशन के साथ हिंद महासागर में 3 भारतीय एक्वानाट्स समुद्र की गहराई में गोता लगाएंगे। समुद्रयान सागर निधि जहाज से हिंद महासागर पहुंचेगा। 30 मीटर प्रति मिनट की गति से उतरते हुए करीब 4 घंटे में यह 6 किमी की गहराई तक पहुंचेगा। सैंपल कलेक्शन, सर्वे, स्कैनिंग और साइंटिफिक गतिविधियों के लिए चार घंटे मिलेंगे। समुद्रयान के मोबाइल व्हीकल मत्स्य-6000 में एक्वानाट सैंपल लेंगे। मत्स्य-6000 को इस तरह डिजाइन किया गया है कि इसमें 3 एक्वानाट यात्रा कर सकेंगे। 2.1 मीटर व्यास के व्हीकल में सामान्य रूप से 12 घंटे, इमरजेंसी में 96 घंटे रहने का प्रावधान है। मत्स्य-6000 को इस तरह डिजाइन किया गया है कि इसमें 3 एक्वानाट यात्रा कर सकेंगे। 2.1 मीटर व्यास के व्हीकल में सामान्य रूप से 12 घंटे, इमरजेंसी में 96 घंटे रहने का प्रावधान है।



**■ यान के 50 फीसदी हिस्से स्वदेशी**

**■ ये खास वैज्ञानिक पनडुब्बी चार घंटे में 6 किमी की गहराई में पहुंचेगी**

मिरगी

घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

मिरगी के लक्षण

- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना

अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'

M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.) M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)

- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता

मार्शल चिकित्सा केन्द्र

निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रतिबंधित कफ सिरप मामले में 28 लोगों के खिलाफ मामले दर्ज

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में कोडीन युक्त प्रतिबंधित कफ सिरप प्रकरण में शनिवार को अंतर्राज्ईय गिरोह के सरगना शुभम जायसवाल और उसके पिता भोला जायसवाल सहित 28 कारोबारियों के खिलाफ कोतवाली में मामले दर्ज किए गए है। गाजियाबाद पुलिस द्वारा कुछ दिनों पहले प्रतिबंधित कफ सिरप को लेकर बड़े ड्रग रैकेट का खुलासा किया गया था। इस मामले के तार जुड़ते हुए मुख्य आरोपी मैदागिन निवासी शुभम जायसवाल और उसके पिता भोला प्रसाद तक पहुंचे हैं। इस प्रकरण में उत्तर प्रदेश खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन और पुलिस की जांच में पाया गया कि करोड़ों रुपये की प्रतिबंधित कफ सिरप बेची और खरीदी गई।

### सरकारी जमीन पर कब्जे के मामले में गठित एसआईटी टीम ने जांच शुरू की

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में अतीक अहमद के गुर्गों द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जे के मामले में गठित दो सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) टीम ने रविवार से अपनी जांच शुरु कर दी है। एसआईटी की टीम में शामिल आईजी डा. बलकार सिंह और आवास आयुक्त मामले की जांच कर रहे हैं। जांच के बाद गोपनीय रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के मरियाडीह और रसूलपुर काशीपुर गांव में 22 आराजियों पर अतीक एवं अशरफ के करीबी जैद खालिद ने कब्जा किया हुआ था। बताया जा रहा है यह जमीन एटीएस को यूनिट स्थापित करने के लिए शासन की तरफ से जारी की गई थी, यहीं पर ईवीएम रखने के लिए वेयरहाउस बनाए जाने का भी प्रस्ताव था।

# चुनाव आयोग ने मतदाता विवरण डिजिटलीकरण की समय सीमा बढ़ाई

**कोलकाता, वार्ता**

■ अब तक लगभग 50 लाख फॉर्म शामिल हो चुके

चुनाव आयोग (ईसीआई) ने पश्चिम बंगाल में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में गणना प्रपत्रों के माध्यम से एकत्रित मतदाता विवरणों के डिजिटलीकरण को पूरा करने के लिए नवम्बर के अंत तक की समय सीमा तय की है।


राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय के अनुसार बूथ स्तर पर पहले से ही चल रहे डिजिटलीकरण कार्य में अब तक लगभग 50 लाख फॉर्म शामिल हो चुके हैं। सीईओ कार्यालय के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर यूनीवार्ता को बताया कि आयोग के निर्देशानुसार रविवार से डेटा प्रविष्टि की गति बढ़ाई जाएगी। पूरी प्रक्रिया महीने के अंत तक पूरी होने की उम्मीद है। राज्य के सीईओ मनोज कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में शनिवार शाम को जिलाधिकारियों और उनके अधीनस्थ चुनाव अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक के दौरान समय सीमा को अंतिम रूप दिया गया। ईसीआई के वरिष्ठ अधिकारी वर्चुअली तरीके से बैठक में शामिल हुए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ईसीआई की चार सदस्यीय टीम चार नवम्बर से शुरू हुई संशोधन प्रक्रिया की प्रगति का आकलन करने के लिए 18 से 21 नवम्बर तक पश्चिम बंगाल का दौरा करेगी। प्रतिनिधिमंडल में उप चुनाव आयुक्त ज्ञानेश भारती, प्रमुख सचिव एसबी जोशी और मलय मलिक और उप सचिव अभिनव अग्रवाल शामिल होंगे। चार दिवसीय प्रवास के दौरान ईसीआई की टीम कोलकाता, दक्षिण 24 परगना, नादिया, मुर्शिदाबाद और मालदा में एसआईआर कार्यान्वयन की समीक्षा करेगी। गौरतलब है कि यह इस महीने ईसीआई टीम का दूसरा दौरा होगा। यह राज्य में संशोधन प्रक्रिया पर आयोग की करीबी निगरानी को रेखांकित करता है। इससे पहले भारती के नेतृत्व में एक टीम ने उत्तर बंगाल का दौरा किया था और गणना शुरू होने के तुरंत बाद चार जिलों में प्रगति की समीक्षा की। तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा एसआईआर चार नवम्बर को शुरू हुआ और अगले साल मार्च तक समाप्त होने की उम्मीद है। पश्चिम बंगाल में आखिरी बार 2002 में इतना व्यापक संशोधन हुआ था।

# सरकार को एसआईआर पर घेरेंगे विपक्षी दल

## अब नई रणनीति के साथ जनता के बीच जाने की तैयारी

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ बिहार में हार के बाद कांग्रेस ने 12 राज्यों के नेताओं को बुलाया दिल्ली

बिहार में हार के बाद कांग्रेस पार्टी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2-0 वाले राज्यों के नेताओं को दिल्ली बुलाया है, क्योंकि पार्टी अब नई रणनीति के साथ जनता के बीच जाना चाहती है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार मंगलवार 18 नवम्बर को सुबह इंदिरा भवन में तमिलनाडु, केरल, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, पुडुचेरी, अंडमान, निकोबार द्वीप और लक्षद्वीप के पार्टी नेताओं को दिल्ली बुलाया गया है। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे करेंगे और इसमें लोकसभा में विपक्ष के नेता विपक्ष राहुल गांधी तथा संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल मौजूद रहेंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार कांग्रेस एसआईआर मामले को लेकर जनता के बीच नई रणनीति के तहत जाना चाहती है। क्योंकि मतदाता सूची पुनरीक्षण 2-0 वाले 12 राज्यों में से तमिलनाडु, केरल, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। यही वजह है कि बिहार में मिली हार के बाद पार्टी इन राज्यों में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है। सूत्रों ने बताया कि इंडिया गठबंधन आगामी लोकसभा सत्र में भी एसआईआर पर जोरदार हंगामा करने की तैयारी में हैं। इस मामले को लेकर नवम्बर के अंतिम सप्ताह में कांग्रेस पार्टी दिल्ली की रामलीला मैदान में बड़ी रैली करने की तैयारी में है। गौरतलब है कि एसआईआर 2-0 कार्यक्रम शुरू हो चुका है और यह 4 दिसम्बर तक चलेगा।

### मोदी के चेहरे और शाह के चक्रव्यूह के आगे विपक्ष चारों खाने चित: कृपा शंकर सिंह

**जौनपुर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्य मंत्री कृपा शंकर सिंह ने रविवार को बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे और गृह मंत्री अमित शाह के चुनावी चक्रव्यूह के आगे विपक्षी महागठबंधन चारों खाने चित हो गया। कृपा शंकर सिंह आज जौनपुर स्थित अपने आवास पर ष्यूनीवार्ताष् से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव में जीत विकास में विश्वास रखने वाले हर बिहारी की जीत है। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास कर रहा है और उनके कार्यों और नीतियों की वजह से बिहार विधानसभा चुनाव में राजग को प्रचंड बहुमत मिला है। जंगलराज और तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों को अब बिहार में लूट का मौका नहीं मिलेगा।

## स्वाधीनता में वीरों एवं वीरांगनाओं का योगदान अविस्मरणीय

# अन्याय बड़ा हो, तो प्रतिशोध उससे भी बड़ा हो: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ वीरांगना ऊदा देवी ने पीपल के पेड़ पर चढ़कर 36 अंग्रेज सैनिकों को ढेर किया था
■ लखनऊ के पासी चौराहा पर वीरांगना ऊदा देवी की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वीरांगना ऊदा देवी ने विदेशी हुकूमतों के चूलों को हिलाने एवं अत्याचार का जवाब देने के लिए 16 नवम्बर 1857 को लखनऊ के सिकंदरबाग में पीपल के पेड़ पर चढ़कर 36 अंग्रेज सैनिकों को ढेर किया था। उनका नाम इतिहास में अमर हो गया।

वीरांगना ऊदा देवी का बलिदान प्रेरणा देता है कि अन्याय बड़ा हो तो प्रतिरोध उससे भी बड़ा होना चाहिए। योगी ने कहा कि वीरांगना ऊदा देवी ने अन्याय के खिलाफ लड़ने के लिए देश के क्रांतिकारियों एवं युवाओं को मार्गदर्शन भी दिया। मुख्यमंत्री योगी एवं केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को लखनऊ के सेक्टर-19, वृंदावन कॉलोनी स्थित पासी चौराहा पर वीरांगना ऊदा देवी की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की स्वाधीनता में वीरों एवं वीरांगनाओं का योगदान अविस्मरणीय है। इस मामले में लखनऊ की भूमि अनोखी है। उन्होंने कहा कि 1857 के प्रथम स्वातंर्त्य समर का केंद्र बिंदु उत्तर प्रदेश ही था। शहीद मंगल पांडेय ने बैरकपुर में इसकी हुंकार भरी थी। धन सिंह कोतवाल ने उसे मेरठ में आगे बढ़ाया था। झांसी में महारानी लक्ष्मीबाई अमर योद्धा के रूप में उसे नेतृत्व दे रही थीं। बिठूर में तात्या टोपे उस लहर को मजबूती प्रदान कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बेगम हजरत महल का भी जिक्र किया और कहा कि वीरांगना ऊदा देवी पासी जैसे अमर सेनानियों के साथ मिलकर विदेशी फिरंगियों को भगाने के लिए प्रथम स्वातंर्त्य समर की अमर योद्धा के रूप में वे स्मरण की जाती हैं। वीरांगना ऊदा देवी न केवल नारी शक्ति, बल्कि हर हिदुस्तानी के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में विरासत का सम्मान कर रही है।

### जो काम वो नहीं कर पाए, वो योगी कर रहे हैं

**लखनऊ।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं योगी को धन्यवाद देना चाहूंगा कि जो काम वो लोग नहीं कर पाए, वो योगीजी कर रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि मुगलों के इतिहास को बढ़ा-चढ़ाकर नाम देने वालों ने पासी समुदाय का नाम नहीं दिया। रक्षा मंत्री ने कहा कि मैं तो कभी कल्पना नहीं कर सकता था कि कोई ऐसा मुख्यमंत्री आएगा, जो समाज के बारे में इतना सोचेगा, जो योगी जी ने करके दिखाया है। उन्होंने कहा कि बहराइच में महाराजा सुहेलदेव जी का भव्य स्मारक बनाया गया है, ऐसा ही एक भव्य स्मारक महाराजा बिजली पासी जी का लखनऊ में भी बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जो यह फैसला किया है, इसकी भी सराहना की जानी चाहिए।

# एसआईआर को लेकर लठैतवादी दलों का डरना अच्छी बात: मौर्य

**लखनऊ, वार्ता**



उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर लठैतवादी दलों का डरना अच्छी बात है। उपमुख्यमंत्री मौर्य ने समाजवादी पार्टी का नाम लिए बगैर इशारों में हमला करते हुए कहा है कि ष्मतदाता सूची के एसआईआर की प्रक्रिया शुरू होने के बाद 'लठैतवादी' दलों में जो घबराहट दिख रही है, वह लोकतंत्र के लिए अच्छी बात है। उन्होंने रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए कहा कि 'लठैतवादी' दलों को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनर्निरीक्षण (एसआईआर) से डरना अच्छी बात है। अभी तक ऐसे दल लाठियों के बल पर अपनी राजनीति चमकाते थे। लेकिन एसआईआर जैसे नेक कार्य के बाद ऐसे दलों की राजनीति पर हमेशा के लिए विराम लग जाएगा। एसआईआर को लेकर एक दिन पूर्व बिहार विधानसभा चुनाव के रुझान को लेकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा था कि बिहार में जो खेल एसआईआर ने किया है, वह अब देश के अन्य राज्यों में दोहराया नहीं जा सकेगा। उन्होंने दावा किया कि इस 'साजशि' का भंडाफोड़ हो चुका है और आने वाले समय में पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश सहित किसी भी राज्य में भाजपा ऐसी रणनीति लागू नहीं कर पाएगी।



सेंसेक्स 84562.78
निफ्टी 25910.05



सोना रु. 125428
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 160656
प्रति किलो



# वैश्विक कारकों से तय होगी बाजार की दिशा

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही डेढ़ फीसदी से अधिक की तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में वैश्विक कारक बाजार की दिशा तय करेंगे। घरेलू स्तर पर कंपनियों के तिमाही परिणाम कुल मिलाकर अच्छे रहे हैं और बाजार इस समय अपने उच्चतम स्तर के करीब बना हुआ है।

अब निवेशकों की नजर भारत. अमेरिका व्यापार वार्ता की प्रगति पर है। साथ ही अगले सप्ताह आयात-निर्यात के आंकड़े आने वाले हैं जो बाजार को प्रभावित कर सकते हैं। लगातार दो सप्ताह की गिरावट के बाद बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1,346.50 अंक (1.62 प्रतिशत) की बढ़त हासिल कर शुक्रवार को 84,562.78 अंक पर पहुंच गया। पांचों दिन सूचकांक हरे निशान में बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 417.75 अंक यानी (1.64 फीसदी) की साप्ताहिक बढ़त के साथ 25,910.05 अंक पर बंद हुआ। मझौली और छोटी कंपनियों में अपेक्षाकृत कम तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.58 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.98 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त में रहा। सेंसेक्स की 30 में से 22 कंपनियों के शेयरों में साप्ताहिक बढ़त देखी गई। अच्छे तिमाही परिणाम के दम पर एशियन पेंट्स का शेयर 11 प्रतिशत उछल गया। एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 5.40 प्रतिशत, भारती एयरटेल में 4.88, अडानी पोर्ट्स में 4.34, टीसीएस और सनफार्मा दोनों में 3.76, टेक महिंद्रा में 3.68 और बीईएल में 3.07 प्रतिशत की तेजी रही। सप्ताह के दौरान एलएंडटी का शेयर 2.93 फीसदी, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 2.75, आईसीआईसीआई बैंक का 2.17, इंफोसिस का 1.70, एक्सिस बैंक का 1.59, टाइटन का 1.48, मारुति सुजुकी का 1.30 और भारतीय स्टेट बैंक का शेयर 1.19 प्रतिशत चढ़ा। आईटीसी, एनटीपीसी, एचडीएफसी बैंक और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी हरे निशान में रहे।

ट्रेंट में सबसे अधिक 5.09 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट रही। बजाज फाइनेंस का शेयर 4.54 फीसदी, टाटा स्टील का 4.02, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का 3.46, इटरनल का 0.78 और कोटक महिंद्रा बैंक का 0.67 प्रतिशत टूट गया।

## जीएसटी सुधारों के बाद देश में कृत्रिम धागों से मिलेगी कपड़ा उद्योग को गति

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत नई पीढ़ी के सुधारों में कपास और कृत्रिम धागों (एमएमएफ) पर कर की दर एक समान पांच प्रतिशत कर दी गई है, जिससे कपड़ा उद्योग की रफ्तार और बढ़ने की उम्मीद है। कपड़ा उद्योग पारंपरिक रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण अंग रहा है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार देश के सकल घरेलू उत्पाद में कपड़ा एवं वस्त्र उद्योग का योगदान 2.3 प्रतिशत रहा। कुल औद्योगिक उत्पादन में इसका योगदान 13 प्रतिशत और निर्यात में 12 प्रतिशत है। भारत कपड़े और वस्त्रों का दुनिया में छठा सबसे बड़ा निर्यातक है। वित्त वर्ष 2023-24 में 34.4 अरब डॉलर का कपड़ा द्धतैयार वस्त्र और अन्य उत्पाद समेतत्रऋ निर्यात किया गया था और इस क्षेत्र के वैश्विक व्यापार में देश की हिस्सेदारी 3.91 प्रतिशत है। कृषि के बाद यह सबसे बड़ा रोजगार देने वाला क्षेत्र है। इसमें 4.5 करोड़ लोग सीधे काम करते हैं। कपास उगाने में पानी की काफी खपत के कारण यह अधिक महंगा होता है। यही कारण है कि दुनिया में अब कृत्रिम धागे ही ज्यादा इस्तेमाल किए जाते हैं। जीएसटी के तहत सितम्बर तक कपास पर पांच प्रतिशत और एमएमएफ पर 18 प्रतिशत कर लग रहा था। कारण देश में एमएमएफ का इस्तेमाल अब भी कपास से पीछे है। गत 22 सितम्बर से लागू अगली पीढ़ी के सुधारों में अब कपास और एमएमएफ दोनों पर बराबर कर लगाया जा रहा है।

# चावल, गेहूं, दालों में साप्ताहिक तेजी चीनी नरम खाद्य तेलों में घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। गेहूं और दालों के दाम भी चढ़ गए। चीनी सस्ती हुई जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 76 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,818.29 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं 11 रुपये की मजबूती के साथ 2,857.13 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। आटे की कीमत 3,312.86 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग अस्थिर रही। बीते सप्ताह मूंगफली तेल औसतन 149 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। सरसों तेल की औसत कीमत स्थिर रही। पाम ऑयल में 21 रुपये प्रति क्विंटल की साप्ताहिक बढ़त देखी गई। सोया तेल 38 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। सूरजमखी तेल की कीमत 72 रुपये और वनस्पति की 78 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। दाल.दलहनों में साप्ताहिक तेजी रही। चना दाल की कीमत 46 रुपये और मूंग दाल की 50 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। तुअर दाल पांच रुपये और उड़द दाल तीन रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल की औसत कीमत स्थिर रही। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव आठ रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। वहीं चीनी 16 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे- दाल-दलहन: दाल चना 7857.75 रुपये, मसूर काली 8098.83 रुपये, मूंग दाल 10089.10 रुपये, उड़द दाल 10372.10 रुपये, तुअर दाल 10506.18 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2857.13 रुपये और चावल 3818.29 रुपये प्रति क्विंटल।

# तापमान में हल्की मौसमी गिरावट होने की संभावना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ प्रदेश के मध्यवर्ती भागों में 18 नवम्बर तक आंशिक शीतलहर की स्थिति बरकरार रह सकती है, तापमान में गिरावट कम होगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में दिन और रात का तापमान सामान्य से काफी नीचे रहने की वजह से बीती रात इटावा, बरेली, कानपुर, बाराबंकी एवं अमेठी में शीतलहर का असर दिखाई दिया हैं। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 24 घंटों में न्यूनतम तापमान में हल्की मौसमी गिरावट होने की संभावना है, जिसके चलते रात एवं भोर के समय प्रदेश के मध्यवर्ती भागों में 18 नवम्बर तक आंशिक शीतलहर की स्थिति बरकरार रह सकती है, वहीं सोमवार से हवाओं की दिशा परिवर्तन के साथ तापमान में गिरावट कम होगी।

मौसम विज्ञान विभाग के वैज्ञानिक डा.एके सिंह ने कहा कि प्रदेश में इस समय कोई सक्रिय मौसम तंत्र मौजूद नहीं है, लेकिन पश्चिमी हिमालईय क्षेत्रों से आ रही ठंडी एवं शुष्क उत्तर-पश्चिमी हवाओं के कारण रात के तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की जा रही है। आसमान साफ रहने की वजह से रात में विकिरणीय शीतलन बढ़ गया है, वहीं मध्य भारत पर बने प्रतिचक्रवात के प्रभाव से ठंडी हवाओं के अधोगमन ने भी प्रदेश के मौसम को और अधिक शीतल बना दिया है। उन्होंने कहा कि इन सम्मिलित प्रभावों के परिणामस्वरूप पिछले कुछ दिनों से प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में दिन और रात दोनों तापमान सामान्य से काफी नीचे बने हुए हैं। हालांकि दिन में धूप निकलने के बाद शीतलहर का प्रभाव काफी हद तक कम हो जाएगा, लेकिन इस अवधि में अधिकतम तापमान भी सामान्य से 1.4 डिग्री सेल्सियस नीचे रहने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार 17 नवम्बर से हवाओं के दिशा परिवर्तन के साथ तापमान में गिरावट की यह प्रवृत्ति थमने लगेगी तथा ठंड में थोड़ी कमी महसूस होगी। इससे प्रदेश को शीतलहर जैसी स्थितियों से आंशिक राहत मिलने की उम्मीद है। इसी दौरान प्रात:कालीन घंटों में हल्की धुंध व कहीं-कहीं हल्का कोहरा भी पड़ सकता है।

# फ्रंटियर टेक्नोलॉजी अपनाने से बदल जाएगी खेती की सूरत

**नई दिल्ली।** अगर भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनना है ,तो कृषि को डेटा, नवाचार और तकनीक पर आधारित बनाना होगा। यह वास्तव में 'हर किसान तक तकनीक पहुंचाने' की रूपरेखा है, ताकि खेती अधिक लाभकारी, टिकाऊ और भविष्य के लिए तैयार हो सके। इस डेटा और फ्रंटियर टेक्नोलॉजी से भारत के खेतीबाड़ी के काम में तकनीकी क्रांति आएगी।

डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन 2-0 में किसानों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना होगा। यह बात नीति आयोग की हाल ही जारी एक खास रिपोर्ट में कही गई है। 'कृषि की पुनर्कल्पना: फ्रंटियर टेक्नोलॉजी आधारित परिवर्तन हेतु एक रोडमैप' नामक यह रिपोर्ट भारत के कृषि क्षेत्र में बड़े तकनीकी बदलाव लाने की रूपरेखा प्रस्तुत करती है। यह रोडमैप देश के 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए बनाया गया है। इस रिपोर्ट ने यह भी कहा है कि केवल तकनीक अपनाने से नहीं, बल्कि उसे 'स्मार्ट तरीके से लागू और जोड़ने' से असली बदलाव आएगा। कृषि भारत की अर्थव्यवस्था, रोजगार और खाद्य सुरक्षा की रीढ़ है, इसलिए किसानों की आय बढ़ाना और पैदावार को बेहतर करना एक ऐसा जरूरी कदम है, जिस पर प्रगति जारी रखनी होगी। इस रास्ते में प्रमुख रुकावटें जलवायु परिवर्तन, सीमित भूमि, घटती उपज, तकनीकी असमानता, डेटा की कमी और वित्तीय बाधाओं की है। इसके अलावा मिट्टी और दूसरे प्रकार के डेटा की कमी, किसानों के भरोसे का अभाव, डिजिटल डिवाइड यानी तकनीकी को लेकर विभाजन, प्रतिभा की कमी, पूंजी की सीमाएं और नीति असंगति के कारकों को भारतीय कृषि के पिछड़ जाने के अहम बिदु के रुप में देखा गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का कृषि क्षेत्र ऐसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है, जो विकास और पैदावार में बाधा डालती हैं। देश के 86 प्रतिशत किसान छोटी जोत वाले हैं जिनके पास औसतन 0.74 हेक्टेयर भूमि है। खेती की प्रमुख चुनौतियों में कम पैदावार, छोटी जोत और जलवायु परिवर्तन के असर शामिल हैं। कटाई के बाद होने वाला नुकसान सालाना 18 अरब अमे. रिकी डॉलर से अधिक है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# हादसे में जीजा-साले की मौत

## रिश्तेदार के अंतिम संस्कार से लौटते समय भैंसा बुग्गी से टकराई बाइक







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** थाना क्षेत्र के गांव भूतपुरी रामगंगा पुल के समीप देर शाम सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब बाइक सामने से आ रही भैंसा बुग्गी से टकरा गई।

हादसे में गंभीर रूप से घायल दोनों को राहगीरों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धामपुर लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें उपचार से पहले ही मृत घोषित कर दिया। घटना से मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार दोनों मृतक जीजा-साले थे और किसी रिश्तेदार के अंतिम संस्कार से घर लौट रहे थे। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान अंकित (25) पुत्र जसवंत सिंह और हरीराज सिंह (40) पुत्र ध्यानी सिंह, निवासी गांव मंदौरा थाना शेरकोट के रूप में हुई है। दोनों रविवार की देर शाम अफजलगढ़ क्षेत्र की ओर से वापस लौट रहे थे। भूतपुरी रामगंगा पुल के पास उनकी बाइक चार लेकर आ रही भैंसा बुग्गी से भिड़ गई, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर अफजलगढ़ तथा धामपुर पुलिस अस्पताल पहुंचे और परिजनों से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल धामपुर मृदुल कुमार ने बताया कि मामले में अफजलगढ़ पुलिस के द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# सपा कार्यकर्ता एसआईआर प्रक्रिया की कर रहे निगरानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** समाजवादी पार्टी के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) सरकार द्वारा नियुक्त बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के साथ समन्वय स्थापित कर एसआईआर प्रक्रिया की निगरानी कर रहे हैं।

बीएलओ सपा कार्यकर्ताओं, जन प्रतिनिधियों व स्थानीय लोगों की मदद से हर मतदाता का फॉर्म भरवाने और चुनाव आयोग द्वारा मांगे गए आवश्यक दस्तावेज समय पर उपलब्ध कराने में मदद कर रहे हैं ताकि किसी भी वैध मतदाता का नाम सूची से न हटे।



नगर में सरायमीर क्षेत्र के बीएलए नियुक्त हुए सपा प्रदेश सचिव (अ.स.) शमशाद रशीद महीगीर के निवास स्थान पर रविवार को आयोजित कैंप में बीएलओ के पास बड़ी संख्या में स्थानीय लोग पहुंचे और एसआईआर प्रक्रिया में भाग लिया।

इस मौके पर शमशाद रशीद महीगीर के अलावा सभासद शानू मालिक, गोपाल शर्मा व बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# धामपुर में बाहरी पुलिस की दबिशों से हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर में पिछले कुछ दिनों से बाहरी जिलों की पुलिस की आमद लगातार बनी हुई है। दो दिन पहले शामली पुलिस की दबिश के बाद अब रविवार को उत्तराखंड के रुड़की थाना क्षेत्र की पुलिस ने पक्का बाग में दबिश दी। पुलिस एक महिला और एक पुरुष की तलाश में पहुंची थी, जिन्होंने रुड़की में चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

सूत्रों के अनुसार सीसीटीवी फुटेज में दोनों की पहचान होने के बाद रुड़की पुलिस धामपुर पहुंची।

### रुड़की पुलिस ने पक्का बाग में की छानबीन

जांच में पता चला कि महिला पहले ही किसी अन्य मामले में सरेंडर कर जेल जा चुकी है। वहीं चोरी में शामिल पुरुष का कोई सुराग पुलिस को नहीं मिल सका। मौहल्ले में काफी देर तक छानबीन करने के बाद पुलिस खाली हाथ लौट गई।

बाहरी पुलिस की लगातार आमद को लेकर नगर में चर्चा का माहौल बना हुआ है और लोग तरह तरह की कयासबाजी कर रहे हैं।

# खुद को दरोगा बताकर टैक्सी चालक को ठगा

**बिजनौर।** खुद को दरोगा बताकर एक टैक्सी चालक से ठगी करने का मामला सामने आया है। फर्जी दरोगा ने आगरा जाने के लिए गाड़ी बुक कराई और सरकारी खाते से पैसे भेजने का झांसा देकर चालक से ही पांच हजार रुपए अपने नम्बर पर ट्रांसफर करवा लिए। रुपये मिलते ही उसके दोनों मोबाइल नंबर बंद हो गए। थाना नहटौर के ग्राम नसीरपुर सलामताबाद निवासी निखिल चौधरी टैक्सी चलाता है। शनिवार को निखिल कुमार को आन लाइन कॉल आई कि वह दरोगा मनोज कुमार बोल रहे है। वह वर्तमान में कोतवाली शहर में तैनात है। उन्हें आगरा जाना है। जिस पर 12 प्रति किमी के हिसाब से निखिल की टैक्सी बुक कराई और उसे शहर कोतवाली आने के लिए बोला गया। बातचीत के दौरान फर्जी दरोगा ने निखिल से सरकारी खाते से पैसे डालने की बात कहते हुए एक दूसरे नंबर पर पहले तीन हजार व दो हजार रुपए डलवा लिए। इसके बाद फर्जी दरोगा ने पांच हजार रुपए डालने की बात कही। शक होने पर निखिल ने पैसे न होने की बात कही, जिस पर फर्जी दरोगा ने फोन काट दिया। इसके बाद से नंबर बंद आ रहा है। देर शाम शहर कोतवाली पहुंचे निखिल ने जब दरोगा मनोज कुमार के बारे में जानकारी की, तो पता चला कि मनोज कुमार नाम का कोई दरोगा शहर कोतवाली में नहीं है। जिस पर निखिल को अपने साथ ठगी का एहसास हुआ। निखिल ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है। अपराध निरीक्षक धीरेन्द्र गंगवार ने बताया कि मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है।

## एक नजर

### चेयरमैन ने किया नर्सिंग होम का उद्घाटन



**किरतपुर।** मोतीचूर गेट के पास स्थापित फैमिली नर्सिंग होम का भव्य उद्घाटन रविवार की शाम नगर पालिका परिषद के चेयरमैन अब्दुल मन्नान, मुफ्ती इफ्तिखार व मुफ्ती महमूद ने फीता काट कर किया और मौलाना शमीम अख्तर ने दुआ कराई। चेयरमैन अब्दुल मन्नान ने कहा कि फैमिली नर्सिंग होम का शुभारंभ नगरवासियों के लिए एक बड़ी सौगात है। किरतपुर जैसे विकसित होते कस्बे में गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना हम सब की प्राथमिकता होनी चाहिए। इस हॉस्पिटल के खुलने से आस-पास के लोगों को इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। हॉस्पिटल स्वामी डॉ. मौहम्मद सारिम अनवर, राशिद अनवर, अरशद नदीम, मोनिस अनवर तथा डा. मोहित भाटी ने सभी अतिथियों एवं आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि अस्पताल में अनुभवी डॉक्टरों के साथ विभिन्न बीमारियों के उपचार के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। कार्यक्रम में नगर के कई डॉक्टर, पैथोलॉजिस्ट, पत्रकार, अधिवक्ता और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### रेहड़ में शांति समिति की बैठक



**रेहड़।** क्षेत्र में कानून व्यवस्था को अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से थानाध्यक्ष ने रविवार की अपराहन थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया। नवागत थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी को ग्राम प्रधानों, पूर्व ग्राम प्रधानों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने समस्याओं से अवगत कराया तथा सुझाव भी दिए। थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी ने शासन के निर्देशों व गाइडलाइंस का हवाला देते सभी से कानून व्यवस्था में सहयोग का आह्वान किया। यातायात व्यवस्था, मिशन शक्ति एवं साइबर ठगी के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए ग्राम प्रधानों को जागरूक किया। उन्होंने यातायात माह के अलावा भी सुरक्षा की दृष्टि से दुपहिया वाहन चालको को हेलमेट लगाने और चार पहिया वाहन पर बेल्ट लगाकर सुरक्षित चलते हुए यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी ने छोटे छोटे मामले अथवा मनमुटावों को आपस में मिल बैठकर निपटाने का भी आह्वान किया। बैठक में अदनान नासिर, पूर्व प्रधान पूरन सिंह, पूर्व प्रधान डॉ. इरशाद, मौ. गुफरान, ग्राम प्रधान ऋषिपाल सिंह, योगेंद्र कुमार, कामिल खान आदि मौजूद रहे।

### वित्त मंत्रालय में स्टेनो पद पर चयन



**बिजनौर।** नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम धमरौला निवासी सपा के वरिष्ठ नेता हितेश यादव के छोटे भाई आदित्य यादव का भारत सरकार के वित्त मंत्रालय में स्टेनोग्राफर के पद पर चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक राम अवतार सैनी, सपा जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन, जिला महासचिव धनंजय यादव सहित कई पार्टी पदाधिकारी, रिश्तेदार और ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में शिरकत की और आदित्य को बधाई दी। हितेश यादव ने बताया कि आदित्य शुरू से मेधावी छात्र रहे और उनकी पूरी पढ़ाई नूरपुर के गुरु तेग बहादुर स्कूल से हुई। कार्यक्रम में डॉ. रहमान, अफजल उल हक, कासिम कुरैशी, नसीम अहमद, उदल सिंह चौहान, राजेश यादव, अशोक यादव, मास्टर कमल यादव आदि उपस्थित रहे।

### महिपाल ने हेलमेट मारकर गुलदार भगाया

**बिजनौर।** यदि मनुष्य मुसीबत के समय साहस न छोड़े तो वह बड़ी मुसीबत का सामना कर सकता है। इसका उदाहरण बीती रात बिजनौर के मौहल्ला खत्रियान निवासी महिपाल सिंह ने जलालाबाद बाईपास पर उस समय दिया, जब एक गुलदार ने अचानक उस पर हमला कर दिया। हुआ यूं कि महिपाल सिंह कल किसी काम से मोटरसाइकिल द्वारा नजीबाबाद गया था। रात्रि आठ बजे वह जब वापस आ रहा था, तो जलालाबाद बाईपास पर पीछे से आकर एक गुलदार ने उसके सिर पर झपट्टा मारा, जिससे महिपाल सिंह मोटरसाइकिल से गिर गया। इससे पूर्व कि गुलदार फिर उस पर हमला करता, महिपाल सिंह ने साहस दिखाते हुए हेलमेट से गुलदार के मुंह पर ताबड़तोड़ तीन-चार वार किए, जिससे वह वहां से भाग गया। गुलदार के जाने के बाद महिपाल सिर पर हुए घाव की परवाह करते हुए मोटरसाइकिल पर ही बिजनौर आ गया और डॉक्टर के यहां अपनी मरहम पट्टी कराई।

### बस की टक्कर से ट्रैक्टर चालक की मौत

**कोतवाली देहात।** थाना क्षेत्र के ग्राम पेरूवाला निवासी रावेन्द्र सिंह के यहां बिहार का रहने वाला हीरा (28 वर्ष) काम करता था। हीरा ट्रैक्टर चलाता था। शनिवार देर शाम वह ट्रैक्टर ट्राली में बजरी भरकर वापस लौट रहा था। जैसे ही वह ग्राम डेहरी के पास पहुंचा, तभी नगीना की ओर से तेज गति से आ रही एक प्राइवेट बस ने ट्राली में पीछे से टक्कर मार दी। ट्राली में टक्कर लगने के बाद ट्राली चालक हीरा के ऊपर पलट गई। ट्राली में भरी बजरी भी हीरा के ऊपर आ गिरी। इस दौरान हीरा ट्राली के नीचे दब गया। आसपास काम कर रहे ग्रामीणों ने हीरा को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई। बस चालक बस लेकर भाग रहा था। बरुकी पुलिस चौकी पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने बस को गणपत्ये मंडप के सामने रुकवाया तथा बस चालक को हिरासत में ले लिया। पुलिस बस को पुलिस चौकी ले आई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### मनचले की जमकर धुनाई

**नजीबाबाद।** एक महिला फोन पर बात कर रहीं थी तभी एक मनचले ने उसे छेड़ दिया। जिसके बाद गुस्साई महिला ने उसकी जमकर धुनाई कर दी। वहां पर मौजूद कुछ लोगों के द्वारा इस घटना की वीडियो बनाई गई, जो वायरल हो रही है। इस संबंध में मंडी चौकी प्रभारी एसआई नक्षत्र पाल से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि मनचले लड़के द्वारा महिला से माफी मांग ली गई थी। जिस पर महिला द्वारा कोई कार्रवाई न करने की बात कही गई और मामला समाप्त किया गया।

# बिजली के अनाप शनाप बिल आने से उपभोक्ता परेशान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद में विद्युत उपभोक्ताओं का दोहरा शोषण हो रहा है। एक तरफ उपभोक्ताओं को अनाप-शनाप बिल भेजे जा रहे हैं और दूसरी तरफ उन्हें ठीक कराने के नाम पर दलाल गिरोह के द्वारा अवैध वसूली की जा रही है।

मालूम हो कि वर्तमान में विद्युत उपभोक्ताओं का सबसे ज्यादा शोषण हो रहा है। उपभोक्ताओं को अनाप-शनाप बिल भेजे जा रहे हैं। पूर्व की तुलना में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार तो हुआ है, लेकिन इसकी कीमत कई गुना ज्यादा चुकानी पड़ रही है। विद्युत उपभोक्ताओं को अनाप-शनाप बिल भेजे जा रहे हैं। उपभोक्ताओं के द्वारा पूरा बिल जमा करने के बावजूद नए बिल में भी बकाया राशि लिखी हुई आ जाती है। मीटर रीडर हर माह उपभोक्ताओं के पास रीडिंग लेने नहीं पहुंचते हैं। वह कई-कई माह में रिडिंग लेने पहुंचते हैं। जिसकी वजह से उपभोक्ताओं पर बिल के अलावा जुर्माना लगा दिया जाता है। सीमित आए वाले आम उपभोक्ता यह बिल जमा नहीं कर पाते हैं। जिसकी वजह से उनके कनेक्शन काट दिए जाते हैं। कनेक्शन जुड़वाने के नाम पर अतिरिक्त शुल्क वसूला जाता है। सूत्रों का कहना है कि पूरे जनपद में विभिन्न विद्युत कार्यालयों में ऐसे दलाल गिरोह सक्रिय हैं, जो बिल ठीक कराने के नाम पर अवैध वसूली करते हैं। मौका लगने पर यह उपभोक्ताओं से रकम लेकर लापता हो जाते है। यह बिल सही कराने के नाम पर वसूली करने के बावजूद काम नहीं करा पाते हैं। विद्युत कार्यालयों में परेशान उपभोक्ताओं को टक्कर मारते हुए देखा जा सकता है।

### बिल ठीक कराने के नाम पर अवैध वसूली करने वाला गिरोह सक्रिय

# विधायक तसलीम की टीम मदद में जुटी

## एसआईआर को लेकर मतदाताओं का कर रहे भ्रम दूर





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** एसआईआर को लेकर सपा विधायक तसलीम अहमद की टीम मतदाताओं की मदद में जुटी है। टीम मतदाताओं के कागजात पूरे करा रही है और एसआईआर को लेकर पैदा भ्रम को दूर रह रही है।

नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र के सभी 364 बीएलओ अपने अपने फार्म मतदाताओं तक पहुंचा चुके हैं। अब बारी है, इनको जल्द से जल्द भरकर जमा करने की। सपा विधायक तसलीम अहमद के कार्यालय में फार्म भरने की समस्त जानकारी आसानी से मिल रही है। फार्म कैसे भरा जाएगा और इसमें कौन-कौन से कागजात लगेंगे, इसकी जानकारी दी जा रही है। विधायक प्रतिनिधि नितिन कश्यप व पूर्व सभासद अनवर खान मंसूब मतदाताओं की पूरी मदद कर रहे है।

सपा विधायक हाजी तसलीम अहमद ने कहा कि उनके घर के दरवाजे मतदाताओं के लिए हर वक्त खुले हुए है। विधानसभा क्षेत्र का प्रत्येक कार्यकर्ता इस अभियान में लोगों की सहायता करने में जुटा है। एक भी मतदाता सत्यापन से न छूटे, इसके लिए सभी लोग जागरूकता दिखा रहे हैं और एक दूसरे का सहयोग कर रहे हैं।

सपा विधायक हाजी तसलीम अहमद ने कहा कि जागरूकता व समय पर काम करने से जरूर सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि सपा की पूरी टीम मतदाताओं के बीच मौजूद है।

# नेशनल हाईवे पर जगह-जगह पाथे जा रहे उपले

## हाईवे के अधिकारी पूरी तरह से आंखें बंद किए हुए, गौवंश ने जमाया कब्जा





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नजीबाबाद से रेहड़ के बीच जनपद में कई स्थानों पर ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे को अपनी प्रॉपर्टी समझ लिया है। हाईवे पर जगह-जगह उपले पाथे जा रहे है और बीचो-बीच पशुओं को बांधा जा रहा है। हाईवे के अधिकारियों की लापरवाही की वजह से यह सिलसिला तेजी पकड़ता जा रहा है।

गौरतलब है कि नजीबाबाद से रेहड़ के बीच जनपद में फोरलेन नेशनल हाईवे का निर्माण किया गया है। हाईवे का निर्माण हुए अभी कुछ ही साल बीते है और इसकी हालत खस्ता हो गई है। हाईवे जगह-जगह से टूट रहा है। अपने पाप छिपाने के लिए पेबंद लगा कर इसकी मरम्मत की जा रही है। गंभीर बात यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में जहां से नेशनल हाईवे गुजर रहा है, वहां पर इस पर अवैध कब्जे भी शुरू हो गए हैं। खासतौर पर नेशनल हाईवे के किनारे जहां-जहां ग्रामों की आबादी मौजूद हैं, वहां की हालत तो बहुत बुरी है। धामपुर व नगीना के बीच में ग्राम पीपलसाना की कुछ आबादी नेशननल हाईवे के किनारे बसी हुई है। ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे के बीच में डिवाइडर पर उपले पाथने शुरू कर दिए हैं। हाईवे का निर्माण कर रही कंपनी के द्वारा शर्तों के मुताबिक चौड़े डिवाइडर में हरियाली के लिए वृक्षारोपण किया गया था। पीपलसाना में ग्रामीणों ने पेड़-पौधे उखाड़ कर उपले पाथने शुरू कर दिए हैं और बिटोड़े भी जमा दिए हैं। नगीना में सेंट मेरी स्कूल के सामने हाईवे के बीचों-बीच उपले पाथे जा रहे है। कोतवाली देहात से नजीबाबाद के बीच में कई ग्रामों में ग्रामीणों ने हाईवे पर अवैध कब्जा कर रखा है। यह अपने पशु भी हाईवे पर ही बांध रहे है और उपले भी बीचों-बीच पाथ रहे है। तेज रफ्तार से जब वाहन निकलते है, तो अक्सर महिलाएं व बच्चे उनके सामने आ जाते है। वाहन चालकों को अचानक ब्रेक लगाने पड़ते है। अगर ब्रेक नहीं लगाया गया, तो बड़ा हादसा हो सकता है। गंभीर बात यह है कि यहां से हर रोज हाईवे के अभियंता गुजरते हैं, लेकिन किसी ने भी इस अतिक्रमण व गुंडागर्दी को संज्ञान में नहीं लिया है। नगीना थाना क्षेत्र के ग्राम पुरैनी व अलीगढ़ में भी अवैध कब्जा किया गया है। शेरकोट व अफजलगढ़ के बीच में भी कई जगह हाईवे पर पशु बांधे जा रहे है और उपले भी पाथे जा रहे है। गन्ने का सीजन शुरू हो गया है। ऐसे में अब हाईवे पर रात में गन्ने से भरी बुग्गियां व ट्रैक्टर-ट्राली खड़ी कर दी जाती हैं। जिनमें रिफलेक्टर भी नहीं लगे होते हैं। सर्दी का मौसम शुरू हो गया है और रात को तेज रफ्तार से दौड़ रहे वाहनों के चालक को गन्ने की गाड़ी दिखाई नहीं देती है। जिसकी वजह से किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। क्योंकि कोहरा आना भी शुरू हो गया है।

नेशनल हाईवे के अभियंता कम गुनहगार नहीं हैं। फिलहाल तो अभियंताओं का मरम्मत जारी रहने की वजह से इधर से गुजरना ज्यादा हो रहा है, फिर भी वह अतिक्रमण नहीं रोक पा रहे हैं। किसी भी ग्रामीण को नोटिस नहीं दिया जा रहा है।

दूसरी तरफ नेशनल हाईवे पर अतिक्रमण करते हुए उपले पाथने व पशु बांधने का जब जागरूक ग्रामीण विरोध करते हैं, तो आरोपी ग्रामीण उल्टा उन्हें ही खरी-खोटी सुनाते हैं। आरोपी ग्रामीणों का कहना होता है कि वह तो ऐसा ही करेंगे, जिससे शिकायत करनी हो कर लो। जागरूक ग्रामीण जब हाईवे के अभियंताओं से शिकायतें करते हैं, तो वह आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करने के बजाए उन्हें शिकायतकर्ता का नाम बता देते हैं। जिससे बेवजह ग्रामीणों के बीच दुश्मनी हो जाती है। जिसकी वजह से जागरूक ग्रामीणों ने आरोपी ग्रामीणों व अभियंताओं को उनके हाल पर ही छोड़ दिया है। लेकिन इसका खामियाजा वाहन चालकों व सवारियों को भुगतना पड़ेगा। हादसे का शिकार वो ही बनेंगे। अभियंताओं के साथ-साथ प्रशासन व पुलिस को भी इस तरफ ध्यान देना चाहिए।

# हादसे का सबब बन रहे गौवंश



**बिजनौर।** जनपद में इसी सप्ताह हादसों में कई जानें जा चुकी हैं। हर रोज सड़कें नौ जवानों के खून से लाल हो रही हैं। ज्यादातर हादसों की वजह तेज रफ्तार व ओवर लोडिंग हैं। जनपद में ज्यादातर वाहन ओवरलोड दौड़ रहे हैं। शराब पीकर वाहन चलाने के मामले भी काफी ज्यादा हो रहे हैं। दिन छिपने के बाद ज्यादातर वाहन चालक शराब पी लेते हैं। उनकी शराब खोरी हादसों का सबब बनती है। यातायात पुलिस शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं करती है। पुलिस न तो शराबी चालकों की जांच करती है और न ही उनका लाइसेंस निरस्त करने की कार्यवाही अमल में लाती है। दिन में बाइक चालक हवा से बातें करते हैं। उनके द्वारा इतनी तेज बाइक दौड़ाई जाती है कि मौत भी उनके साथ-साथ रफ्तार पकड़ लेती है। मौका लगते ही मौत झपटा मार कर उन्हें उड़ा ले जाती है। मृतक अपने पीछे परिवार को रोता-बिलखता और बेसहारा छोड़कर अंतिम यात्रा को निकल जाते हैं। अगर बाइक चालक अपनी ही जान की परवाह कर लें, तो उनके बच्चों व अन्य परिजनों पर दुखों का पहाड़ नहीं टूटेगा। लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि हाथ में एक्सीलेरेटर व स्टेयरिंग आते ही नौजवान तथा शराबी चालक आउट ऑफ कंट्रोल हो जाते हैं। पुलिस वाहन चैकिंग करते हुए मोटा चालान काटती है। अकेले जनपद बिजनौर में इसी साल पुलिस करोड़ों रूपए का जुर्माना वसूल चुकी है। लेकिन पुलिस करे तो क्या करे। जुर्माना वसूले जाने के बावजूद चालक नहीं सुधर रहें हैं। जब तक वाहन चालक खुद ही अपनी जान व बच्चों के भविष्य की चिंता नहीं करेंगे तब तक इसी तरह हादसे होते रहेंगे। अकेले पुलिस हादसों को रोकने की जिम्मेदारी नहीं संभाल सकती है। सड़कों पर मौजूद गौवंश भी हादसे का सबब बन रहे है। सुप्रीम कोर्ट के द्वारा सख्ती करने के बावजूद सड़कों से आवारा गौवंश को नहीं हटाया जा रहा है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# बाग में पेड़ पर शव लटका मिलने से फैली सनसनी





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम मेघपुर में आज सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब ग्राम शिवपुरी मार्ग स्थित एक आम के बाग में (58 वर्षीय) हनीफ पुत्र यासीन का शव पेड़ से लटका हुआ मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा

प्राप्त समाचार के अनुसार सुबह टहल रहे ग्रामीणों ने आम के पेड़ पर व्यक्ति का शव लटका देखा। जिसके बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राम प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना स्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

# 800 से अधिक मेधावी सम्मानित

## शिक्षा के महत्व पर दिया बल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अनुसूचित जाति जनजाति मेधावी छात्र कल्याण समिति के तत्वावधान में आयोजित जनपद स्तरीय एससी-एसटी वर्ग मेधावियों का सम्मान समारोह विक्की हल्दुवा की अध्यक्षता एवं चंद्रहास सिंह गुलशरन एवं ओमप्रकाश सिंह के संयुक्त के संचालन में आयोजित हुआ।

मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार (आईएएस) विशेष सचिव सिंचाई विभाग ने कहा कि शिक्षा सामाजिक समानता, बौद्धिक विकास और आत्म-सम्मान की कुंजी है। डॉ. प्रिया कोठारी ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीम राव अम्बेडकर ने कहा था कि शिक्षा केवल साक्षरता से बढ़कर है। यह व्यक्ति को विवेक और आत्म-सम्मान सिखाती है और यह उत्पीड़ित समुदायों के लिए मुक्ति का साधन है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि राहुल कुमार डी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरिओम, डॉ. रोहित कुमार यादव, इंजीनियर सुशील कुमार, डॉ. रामकुमार, अमित कुमार, आरके सागर, मणिकांत सिंह ने शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए कहा कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है, जो पीता है दहाड़ता है। इस अवसर पर जय राम सिंह, डॉ. भूपेंद्र, जितेंद्र के राव, योगेंद्र कुमार, महेंद्र सिंह, गुलशन सिंह, धर्मपाल सिंह, सुशील कुमार, हरि सिंह, अमर सिंह, डॉ. जितेंद्र, प्रमोद कुमार, उमेश कुमार रवि, वीरेंद्र कुमार, देवेंद्र कुमार, राजेश कुमार रवि, कैप्टन विशन लाल, सुभाष चंद्र, पवन, सुरेश कुमार, भारती, उमेश सिंह, तेजपाल सिंह, प्रवेंद्र रायसेन, ओम प्रकाश सिंह, संजय कुमार, नाहर सिंह, देवेंद्र कुमार, लाल सिंह, छोटे सिंह, अतर सिंह, धर्मवीर सिंह, अशोक कुमार, अंकुश कुमार, चंदू सिंह, हरिराज केसरी, रीवा सिंह, कौशल, गौतम, शालू भारती, शिवानी, करण सिंह, विजेंद्र कुमार, रमेश लाल, दिनेश कुमार, बृजेश कुमार, ब्रह्म सिंह, जगदेव सिंह आदि ने संबोधित किया।

## एक नजर

### शिविर में मरीजों का नेत्र परीक्षण



**नहटौर।** रामा विष्णु सरस्वती शिशु मंदिर में हिमालयन अस्पताल जौलीग्रांट के तत्वावधान में नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा हेतु एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। स्कूल के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित करके एवं फीता काटकर किया। इस अवसर पर डॉक्टरों की टीम ने मरीजों का पंजीकरण एवं जांच करना प्रारंभ किया, जिसमें 300 मरीजों ने अपना पंजीकरण कराया। 80 मरीजों का डॉक्टर ने ब्लड प्रेशर, शुगर आदि बीमारियों की जांच की, जिसमें 70 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिह्नित किया। डॉक्टरों की टीम में आए नेत्र चिकित्सक डॉ. मनोज वर्मा ने मरीजों को अवगत कराया कि आंख एक महत्वपूर्ण शरीर का अंग है। इसके बिना मनुष्य जीवन बेकार है। उन्होंने मोबाइल कम से कम देखने की सलाह दी तथा अधिक से अधिक चश्मे का प्रयोग एवं आंखों को झपके मारकर न धोएं, दोपहिया वाहन पर चश्मा अवश्य लगाए आदि नेत्र सुरक्षा संबंधित जानकारी दी। डॉक्टर की टीम में डा. आशीष, डा. शिल्पी चौधरी आदि मौजूद रहे। कार्यकम को सफल बनाने में शिव कुमार, जागेश कुमार, सीमा गुप्ता आदि का सहयोग रहा।

### बेकाबू ट्रैक्टर-ट्रॉली ने तोड़ा रेलवे फाटक



**स्योहारा।** क्षेत्र में रविवार सुबह एक बड़ी लापरवाही तब देखने को मिली जब तेज रफ्तार व बेकाबू ट्रैक्टर-ट्रॉली ने रेलवे फाटक को जोरदार टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। अचानक हुए हादसे से रेलवे फाटक की बैरियर पूरी तरह टूट गई और रेल परिचालन में भी बाधा उत्पन्न होने की आशंका बनी रही। सूचना मिलते ही जीआरपी टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। जीआरपी अधिकारियों के अनुसार रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचाना गंभीर अपराध है और इस मामले में संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जा रही है। हादसे के बाद मौके पर स्थानीय कुछ दलाल सक्रिय हो गए और ट्रैक्टर-ट्रॉली को छुड़ाने की कोशिश करते दिखाई दिए लेकिन जीआरपी ने कड़ी सख्ती दिखाते हुए वाहन को किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ा। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर-ट्रॉली का स्वामी क्षेत्र में दबंग प्रवृत्ति का माना जाता है, जिसके चलते मामले को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं तेज हैं। पुलिस का कहना है कि लाप. रवाही, तेज रफ्तार और सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाने जैसे गंभीर आरोपों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### मिट्टी माफियाओं पर कार्रवाई



**नजीबाबाद।** क्षेत्र में मोटे महादेव पर अवैध रूप से मिट्टी का खनन कर रहे खनन माफियाओं पर बड़ी कार्यवाही करते हुए खनन अधिकारी द्वारा दो डंपर और एक जेसीबी मशीन को पकड़ लिया गया है और उस पर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। खनन विभाग द्वारा एक जेसीबी समेत मिट्टी से भरे दो डंपरों को पकड़ा गया है। खनन अधिकारियों की धड़ पकड़ अभियान शुरू है। जिससे खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। खनन अधिकारी द्वारा नजीबाबाद पुलिस टीम के साथ कार्रवाई करते हुए खनन से भरे डंपर व जेसीबी मशीन को थाना मंडावली की चौकी मोटा महादेव पर खड़ा कर दिया है। इस विषय में जब थाना प्रभारी मंडावली से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि खनन का मामला हमारे क्षेत्र का नहीं है। थाना नजीबाबाद पुलिस द्वारा यह कार्रवाई संयुक्त रूप से खनन अधिकारी के साथ की गई है। जगह न होने की वजह से डंपर और जेसीबी मशीन को मोटा महादेव चौकी थाना मंडावली पर खड़ा किया गया है। जब इस विषय में थाना प्रभारी नजीबाबाद राहुल कुमार से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि साहनपुर चौकी क्षेत्र खालापार में मिट्टी खनन किया जा रहा था। जिस पर कार्रवाई की गई है। लेकिन खनन अधिकारी द्वारा लिखित रूप में कागज थाना मंडावली को दिए गए हैं। जिलाधिकारी बिजनौर से इस विषय में जानकारी प्राप्त की गई, तो उनके पीआरओ द्वारा यह जानकारी प्राप्त हुई है कि शिकायत के आधार पर खनन अधिकारी द्वारा यह कार्रवाई की गई है।

### बिजरानी रेंज में मिला गुलदार का शव

**कालागढ़।** कार्बेट टाइगर रिजर्व में देर शाम बिजरानी रेंज अंतर्गत रिंगौड़ा बीट फूलताल ब्लॉक कम्पाउंड संख्या 03 में स्थानीय स्टाफ द्वारा गश्त के दौरान एक व्यस्क गुलदार मृत अवस्था में देखा गया। उक्त मृत गुलदार के नाखून, दांत, हड्डियाँ आदि सभी अंग मौके पर सुरक्षित पाये गये। तत्काल घटना की सूचना उच्चाधिकारियों व वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी, कार्बेट टाइगर रिजर्व को दी गई। मृत गुलदार का मौके पर ही एन.टी.सी.ए. के निर्धारित मानकों व नियमानुसार उच्चधिकारियों, कॉर्बेट फाउंडेशन, डब्लू. डब्लू.एफ व एन.टी.सी.ए. के प्रतिनिधियों तथा स्थानीय स्टाफ की उपस्थिति में पशु चिकित्सक के पैनल द्वारा शव विच्छेदन की कार्यवाही की जा रही है। उक्त गुलदार की मृत्यु के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के पश्चात ज्ञात हो सकेगा।

# आर्मी कान्वेंट एकेडमी में खेल प्रतियोगिताएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** आर्मी कान्वेंट एकेडमी में चार दिवसीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ।

प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र के ग्राम भोगपुर स्थित आर्मी कॉन्वेंट एकेडमी में चली चार दिवसीय प्रतियोगिता में दो दिन इनडोर व दो दिन आउटडोर गेम हुए। जिसमें सामान्य ज्ञान, हिन्दी-अंग्रेजी रीडिंग-राइटिंग, लूडो, शतरंज, सिंगिंग, कला-आलेखन सहित 100, 200, 400, 800 मीटर रेस, रिले रेस, लॉन्ग जंप, हाई जंप, जैवलिन थ्रो, शॉट पुट, बैडमिंटन, वॉलीबॉल और कबड्डी जैसी प्रतियोगिताएं कराई गईं।

खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतियोगियों को चार भागों में बांटा गया था। जिसमें ब्लू हाउस प्रथम, रेड हाउस द्वितीय, येलो हाउस तृतीय और ग्रीन हाउस चतुर्थ रहा। चारों हाउस संचालिकाओं में रेनू शर्मा, गगनदीप कौर, योगिता तोमर और सुखमनदीप कौर का विशेष योगदान रहा। रेड हाउस कैप्टन सिमरन कौर, ब्लू हाउस कैप्टन यशनीत कौर, ग्रीन हाउस कैप्टन शिवा और येलो हाउस कैप्टन गौरव ने अपनी टीमों का नेतृत्व किया। कोच राजन कांबोज के नेतृत्व में प्रशिक्षित हुए। बच्चों ने खेलों में जोरदार प्रदर्शन किया। जबकि स्कूल प्रबंधक प्रभदीप सिंह व रजविंदर कौर ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

प्रतियोगिता में नवनीत, यशनीत, गुरुवंश, सिमरन, विजेता, मानसीरत, जसप्रीत, गुरजोत, कार्तिक, नवजोत, शिवा, रोहन, जगमीत, अनीशा, दीपक, रोमन ने विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जबकि शतरंज में अंशु (कक्षा दो) ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल को गौरवान्वित किया। स्कूल प्रबंधन ने बच्चों को भविष्य में भी खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और अनुशासन व साहस के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# गेहूं की उच्च एवं गुणवत्तायुक्त उत्पादकता हेतु महत्वपूर्ण टिप्स

**नगीना।** वर्तमान समय में गेहूं की बुवाई का कार्य चल रहा है। किसान गेहूं की बुवाई करते समय गेहू से उच्च उत्पादकता प्राप्त करने हेतु यदि कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं का ध्यान रखें तो वे अधिक उत्पादन दे सकते हैं। कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के प्रभारी अधिकारी डॉ. के के सिंह ने बताया कि नवंबर माह में गेहूं की बुवाई हेतु संस्तुत प्रजातियों का ही चयन करें। संस्तुत प्रजातियों में डी.बी.डब्ल्यू. -327, डी.बी.डब्ल्यू. -370, डी.बी.डब्ल्यू. -371, डी.बी.डब्लू.- -372, डी.बी. डब्लू-332, डी.बी.डब्लू-187, डी.बी.डब्ल्यू.- -303, एचडी- 3226, पी.बी.डब्ल्यू.- 723, डब्लू एच-1270, एचडी-3386 आदि शामिल हैं। गेहूं की बुवाई करने से पूर्व यदि खेत में नमी कम हो तो खेत में पलेवा अवश्य करें। यदि खेत में पर्याप्त नमी रहती है तो गेहूं के बीजों का जमाव बहुत ही अच्छा होता है। बुवाई से पहले गेहूं के बीज का शोधन अवश्य करें। बीज शोधन हेतु 3 ग्राम कार्बेंडाजिम या 5 ग्राम ट्राइकोडर्मा प्रति किग्रा बीज की दर से शोधित करके ही बुवाई करें। प्रति हेक्टेयर बुवाई हेतु 100 किग्रा बीज का ही चयन करें। गेहूं की बुवाई सीडड्रिल, हैप्पी सीडर या सुपर सीडर से करें। नवंबर माह में गेहूं की बुवाई हमेशा लाइन से लाइन की दूरी 23 सेंटीमीटर एवं पौधे से पौधे की दूरी 5 से 10 सेंटीमीटर रखनी चाहिए।

# स्योहारा में फव्वारा चौक की बदहाली



## कभी सेल्फी प्वाइंट रहा फव्वारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर का ऐतिहासिक फव्वारा चौक जो कभी शाम ढलते ही लोगों की भीड़ और चमकदार रोशनी से जगमगाया करता था। आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। कभी यह स्थान नगर का सबसे लोकप्रिय सेल्फी प्वाइंट माना जाता था, लेकिन अब हालात ऐसे हैं कि यहां लोगों की जगह आवारा कुत्तों ने अपना डेरा जमा लिया है।

नगर पालिका के पिछले कार्यकालों में फव्वारा चौक को बोर्ड की बैठकों में प्रमुख एजेंडा मानते हुए लगातार बजट पास किया गया। कभी नई लाइटें लगाई गईं, कभी तिरंगा ऊंचाई पर लहराया गया तो कभी फव्वारे को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाकर आकर्षक बनाया गया। उस समय फव्वारा चौक न सिर्फ स्थानीय लोगों के लिए बल्कि आस-पास के क्षेत्र से आने वाले लोगों के लिए भी एक छोटा सा टूरिस्ट स्पॉट बन चुका था। पिछले चुनाव के बाद नगर पालि. का की जिम्मेदारी संभालने वाले अध्यक्ष शेख फैसल वारसी ने भी विकास कार्यों को प्राथमिकता दी। उनके कार्यकाल में फव्वारा चौक समेत नगर में कई जगहों को टूरिस्ट प्लेस की तर्ज पर निखारा गया, जहां लोग फोटो खिंचवाने और घूमने के लिए पहुंचा करते थे। शहर के आधुनिक स्वरूप का यह प्रयास उस समय काफी सराहनीय रहा, लेकिन विडंबना यह है कि पिछले लगभग एक वर्ष से फव्वारा चौक की सुध लेने वाला कोई नहीं है, न रोशनी बची न पानी की धार और न कोई सफाई व्यवस्था। जहां कभी फव्वारे की जगमगाहट नगर की पहचान हुआ करती थी। आज वहां टूटी टाइलें, जंग लगी रेलिंगें और चारों ओर पसरी गंदगी देखकर लोग अफसोस जताने पर मजबूर हैं।

नगरवासियों का कहना है कि हर साल फव्वारा चौक के लिए बजट पास होने की खबरें तो आती हैं लेकिन जमीन पर कुछ होता दिखाई नहीं देता। लगातार बजट पास हुआ, फिर भी न मरम्मत हुई और न सौंदर्यीकरण। स्थानीय लोगों में चर्चा है कि पालिका के जनप्रतिनिधि और कर्मचारी अब इस महत्वपूर्ण स्थल की परवाह तक नहीं कर रहे हैं। फव्वारा चौक जैसे महत्वपूर्ण स्थान की अनदेखी नगर की छवि पर भी सवाल खड़े कर रही है। नगरवासियों की मांग है कि फव्वारा चौक को तुरंत साफ कराया जाए, लाइटें और पानी व्यवस्था बहाल की जाए।

सौंदर्यीकरण कर इसे पुन: आकर्षक बनाया जाए। इस स्थल को फिर से पर्यटन और सेल्फी प्वाइंट के रूप में विकसित किया जाए। अभी की स्थिति यह है कि स्योहारा का फव्वारा चौक जगमगाहट से जर्जरता तक का सफर पूरा कर चुका है और नगरवासी उम्मीद लगाए बैठे हैं कि कभी न कभी उनकी आवाज नगर पालिका तक पहुंचे और यह ऐतिहा. सिक चौक फिर से अपनी पुरानी रौनक वापस पा सके।

## सर्व खाप के चौधरियों की पंचायत में बिजनौर से गए हजारों किसान

**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान के नेतृत्व में सैकड़ों गाड़ियों से हजारों कार्यकर्ता शोरूम में होने वाली सर्व खाप पंचायत में भाग लेने के लिए बिजनौर से रवाना हुए। आज नुमाइश ग्राउंड पर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता इकट्ठा हुए और वहां से काफिले के रूप में मुजफ्फरनगर शोरूम के लिए रवाना हुए। शोरूम सर्व खाप 16, 17, 18 को सभी बिरादरियों के खाप चौधरियों की पंचायत हो रही है। जिसमें समाज में हो रही कुरीतियों पर विचार विमर्श किया जाएगा और सुधार करने के लिए नियम बनाए जाएंगे। बिजनौर से जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान, युवा जिला अध्यक्ष मनप्रीत सिंधु, मुकेश जंघाला, राजेंद्र सिंह, अमरपाल सिंह, आशु चौधरी, अमित वालियान, कोमन सिंह, बलजीत सिंह, अमित चानमान, रामावतार सिंह, जितेंद्र सिंह, रजनीश अहलावत, मोनू प्रधान, विनीत चौधरी, अंकुर चौधरी, नरदेव सिंह, पुनीत कुमार, मुनेश अहलावत, मोनू, दीपक तोमर, दिनेश कुमार, बबलू प्रधान, हरीराज सिंह, मुनेंद्र काकरान, आकाश चौधरी, धर्मवीर सिंह समेत आदि किसान मौजूद रहे।

**न्यायालय-सिविल जज (जू.डि.)**
**स्थान-नगीना, जिला-बिजनौर**
वाद संख्या-353/2025
**अनीसा बनाम मौ. असलम आदि**
**(1)- मौ. असलम (2)- मेराज (3)- मौ. अफरोज (4)- मौ. फिरदौस (5)- मौ. फिरोज (6)- मौ. इशरत (7)- शमीम अहमद उर्फ छीम्मा पुत्रगण मौ. यामीन**
निवासीगण-ग्राम रवाना शिकारपुर, परगना-स्योहारा, तहसील-धामपुर, जिला-बिजनौर।

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत निषेधाज्ञा के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 19.11.2025 ई. को प्रतिवाद पत्र हेतु बवक्त 10:00 बजे दिन के असालतन या मार्फत के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया है और जो कुछ उमूर अहम मुतालिक के मुकदमा का जवाब दे सके या जिस के पास और कोई शख्स हो जो सवालात की दे सके, हाजिर हो और जवाबदेही दावा करे कि आपको लाजिम है। उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे जिन पर बताईये अपना जवाबदेही के इस्तेमाल करना चाहते है।


आपको इत्तला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे, तो मुकदमा बगैर हाजिर आपका समसुआ और फैसला होगा।

नियत दिनांक:- 19.11.2025

**प्रबंधक**
**सिविल जज (जू.डि.)**
**नगीना, बिजनौर**

# यातायात पखवाड़ा के तहत थाना परिसर में बैठक

## ड्राइवरों की आंखों का परीक्षण भी किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के निर्देशन में चलाए जा रहे यातायात पखवाड़ा के तहत आज थाना परिसर में पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक सिंह ने क्षेत्र के समस्त ट्रांसपोर्टर, पेट्रोल पंप मालिकों व वाहन चालकों को थाना परिसर में बुलाकर उनको यातायात संबंधी निर्देशों की जानकारी दी गई तथा मौके पर उपस्थित सभी ड्राइवर के आंखों का परीक्षण भी कराया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना परिसर में पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक सिंह व थाना अध्यक्ष राम प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन में क्षेत्र के समस्त ट्रांसपोर्टर पेट्रोल पंप के मालिकों व ड्राइवर की एक बैठक की गई। जिसमें प्रदेश में चलाए जा रहे यातायात पखवाड़े के तहत सभी ड्राइवर ट्रांसपोर्टर को रोड से संबंधित यातायात नियमों के बारे में बताया गया तथा उनका पालन करने के लिए कहा गया।

थाना अध्यक्ष राम प्रताप सिंह ने सभी ड्राइवर से गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट लगाए तथा गाड़ी चलाते समय शराब का सेवन न करें। उन्होंने गन्ना ट्रक ड्राइवर से गन्ने को बॉडी से बाहर न निकालने को कहा। गाड़ी को ओवर स्पीड न चलाए। समय पर गाड़ी की फिटनेस कराये तथा दुपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट के बाइक ना चलाएं। उन्होंने ड्राइवरों से कहा कि समय-समय पर अपनी आंखों का चेकअप कराते रहे तथा यातायात के नियमों का पालन करते रहे। इस दौरान थाना परिसर में डॉक्टर सीपी सिंह ने करीब 20 ट्रक ड्राइवर के आंखों का चेकअप किया।

इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक सिंह, थाना अध्यक्ष राम प्रताप सिंह, एसआई श्रीपाल सिंह, उप निरीक्षक जयवीर सिंह तथा क्षेत्र के समस्त गणमान्य व्यक्ति समस्त ट्रांसपोर्टर व बस चालक ट्रक ड्राइवर भारी संख्या में मौजूद रहे। सभी ट्रांसपोर्टरों ने थाना अध्यक्ष को भरोसा दिलाया कि वह यातायात के नियमों का सही से पालन करेंगे।

## एक नजर

### मधुमक्खियों के हमले में किसान की मौत

**छाछरी मोड़।** ग्राम सिकंदरी निवासी महेंद्र सिंह (50 वर्ष) गन्ने की छिलाई कर रहे थे। अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने उन पर हमला बोल दिया। वह जान बचाने के लिए इधर-उधर भागे और गन्ने के खेत में जा गिरे और वहीं बेहोश हो गये। जब वह शाम तक घर नहीं पहुंचे, तो घर वालों ने उनकी तलाश शुरू की। जब गन्ने के खेत में जाकर देखा, तो वह मृत अवस्था में पड़े हुए थे। घर वाले उनको उठाकर डॉक्टर के पास ले गए, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मक्खियों के काटने से मृत्यु का कारण पता चला। उनका अंतिम संस्कार विदुर कुटी गंगा घाट पर कर दिया गया। मृतक के दो बच्चे हैं और परिवार में शोक व्याप्त है।

### स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण



**स्योहारा।** उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं नोडल अधिकारी डा. के. के. राहुल ने रविवार को नूरपुर, जलीलपुर और स्योहारा सहित जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेलों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सीएचसी स्योहारा के अधीक्षक डा. बी.के. स्नेही के साथ पीएचसी स्योहारा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चिकित्साधिकारी एवं पैरामेडिकल स्टाफ अपनी ड्यूटी पर सक्रिय व तत्पर पाए गए। डा. राहुल ने मरीजों के उपचार, जांच व्यवस्था, साफ सफाई, पेयजल, दवा वितरण तथा भर्ती वार्डों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक मरीजों को देखा जाए तथा सभी जांचें समय से हों। सीएचसी अधीक्षक डा. बीके स्नेही ने भी पीएचसी सहसपुर व बुढ़नपुर में लगे आरोग्य मेलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उपस्थित स्वास्थ्य टीम में डा. जूही अग्रवाल, डा. आंचल त्यागी, डा. राकेश कुमार, डा. रहमत, राजेश कुमार, वीर सिंह, धीरेंद्र सिंह, योगेश, हरीश, प्रदीप, देवेंद्र, पवन, अमित कुमार, तुषार चंद्रा, शिवम, स्नेहलता, नेहा, सुनील, अनीता, अमृता व इंदु, भोगराज तथा सफाई कर्मी सुजाउद्दीन आदि शामिल रहे।

### जसवंत सिंह को पीएचडी की उपाधि

**नजीबाबाद।** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली में हुए 23वें दीक्षांत समारोह में जसवंत सिंह को हिन्दी विषय में की गई पीएचडी अवार्ड मिला। उनके शोध का विषय जयशंकर प्रसाद के गद्य-साहित्य में राष्ट्र की अवधारणा रहा। जसवंत सिंह वर्तमान में नजीबाबाद के नार्थ इंडिया कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन में विभागाध्यक्ष-कला संकाय एवं हिन्दी प्राध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। डॉ. सिंह ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने शिक्षकों, माता-पिता, परिवार व दोस्तों को दिया। उनकी इस उपलब्धि में उनके शोध निदेशक प्रो. अरुण देव, परिवार, दोस्तों व नॉर्थ इंडिया ग्रुप ऑफ कॉलेजेस संस्थान के सम्मानित प्रबंध तंत्र ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### घायल को अस्पताल में भर्ती कराया



**नहटौर।** हल्दौर चौराहे के पास बीती रात करीब आठ बजे एक व्यक्ति लहूलुहान अवस्था में पड़ा हुआ था। उसके सिर में गंभीर चोटे लगी थी। उधर जा रहे सीओ धामपुर अभय कुमार पांडेय की नजर पड़ने पर उन्होंने पुलिस कर्मियों से घायल को अस्पताल में भर्ती कराने के लिए कहा, जिसके बाद घायल को सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया गया है। घायल पुलिस चौकी के आसपास घूमने वाला अमर सिंह निकला। थानाध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि घायल का अस्पताल में उपचार कराया गया है। उसके सिर में चोट लगी है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जाएंगे।

### मामूली कहासुनी में चले लाठी-डंडे

**नहटौर।** ग्राम मुकर्रमपुर में देर शाम दो पक्षों के बीच मामूली कहासुनी को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और लाठी डंडे चल गए। लाठी डंडे चलने से यशपाल, राजेश व किशोर सागर घायल हो गए। घायलों को सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है। थाना अध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### पत्रकार के पिता के निधन पर शोक

**नजीबाबाद।** पत्रकार शहजाद मलिक के पिता कासिम अली (68 वर्ष) के निधन पर नगर के पत्रकारों ने शोक जताया है। पत्रकारों ने अल्लाह से मरहूम की मगफिरत व उन्हें जन्नतुल फिरदौस में आला मुकाम अता फरमाने की दुआ की। शोक व्यक्त करने वालों में अवधेश शर्मा, जकी मलिक, नौशाद मुल्तानी, इरफान अंसारी, शादाब जफर आदि शामिल रहे।

### दयानंद कालेज में हवन यज्ञ

**कोतवाली देहात।** दयानंद इंटर कॉलेज में आर्य समाज द्वारा हवन यज्ञ किया गया। इस अवसर पर विश्व शांति की कामना की गई। इस अवसर पर विश्व शांति की कामना की गई। इस दौरान चौधरी अमन सिंह ,अशोक त्यागी, मांगेराम सिंह, राहुल कुमार आदि मौजूद रहे।

### माँ भगवती का विशाल जागरण



**नांगल सोती।** मौहल्ला जोशीयान स्थित शीतला माता मंदिर पर बीती रात सैनी युवा जागरण कमेटी द्वारा मां भगवती का दूसरा विशाल जागरण आयोजित किया गया। जागरण का शुभारंभ मां चंडी देवी से लाई गई ज्योति प्रज्वलित कर विधिवत रूप से किया गया। इस जागरण में बिजनौर म्यूजिकल ग्रुप जागरण पार्टी ने अपनी प्रस्तुति दी। इस अवसर पर अक्षय सैनी, नरेंद्र सैनी, पंकज सैनी, राजबीर सैनी, सुशील सैनी, मदन सैनी, चंद्रपाल सैनी, गजेंद्र सैनी, रोहिताश सैनी, मनोज सैनी, नीरज सैनी, सचिन सैनी, नवनीत और सौरभ सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**नजीबाबाद।** नगर के आदर्श नगर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया। श्रीमद् भागवत कथा में पंडित दीपक शर्मा ने अपनी अमृतवाणी से भगवान श्री कृष्ण जी के वात्सल्य प्रेम, असीम प्रेम के अलावा उनके द्वारा किए गए विभिन्न लीलाओं का वर्णन कर वर्तमान समय में समाज में व्याप्त अत्याचार, अनाचार, कटुता, व्यभिचार को दूर कर सुंदर समाज निर्माण के लिए सभी को प्रेरित किया। 12 नवम्बर से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा 19 नवंबर को सम्पन्न होगी। इस मौके पर किरन, बीना, सुजाता, मधु, अंकुर, रीना, शैली, प्रीति, दीपा, मनीष, दीपक, दीपा, सविता, शीला, सुमन, सोनम सहित अनेक संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## एक नजर

### वरिष्ठ नागरिक महासमिति की बैठक



**धामपुर।** उत्तर प्रदेश वरिष्ठ नागरिक महासमिति शाखा बिजनौर की एक बैठक आर्य समाज मंदिर धामपुर में शाखा के अध्यक्ष धर्मेश कुमार की अध्यक्षता में महासचिव शिव कुमार सिंह के संचालन में संपन्न हुई। जिसमें अध्यक्ष द्वारा सभी वरिष्ठ नागरिकों से उनकी समस्याओं को सुना तथा निराकरण भी किया गया। सबसे महत्वपूर्ण समस्या मंगू सिंह सरकडा ने अपनी जमीन के संबंध में उठाई। इसके संबंध में भविष्य में एसडीएम से मिलकर निराकरण कराया जाएगा। बैठक में पराविधिक स्वयं सेवक जयवीर सिंह एडवोकेट ने सभी वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों पर प्रकाश डाला तथा उन्होंने बताया यदि किसी वरिष्ठ नागरिक को कोई समस्या होती है तो वह तत्काल उनसे संपर्क करें। जिला जज की तरफ से उनको परा विधिक स्वयं सेवक नियुक्त किया गया है। जिसमें वे तहसील धामपुर के सभी थाना के वरिष्ठों की समस्या सुनने के लिए नियुक्त है। बैठक में शाखा के संरक्षक जगदीश सिंह ने भी अपने विचार रखें। गजराज सिंह ने ओम का महत्व बताया तथा उस पर एक रचना सुनाई। बैठक में रामस्वरूप सिंह एवं राम सिंह सैनी द्वारा स्वयं निर्मित कविताएं सुनाईं। बैठक में राजेंद्र सिंह, पत्रकार अनिल कश्यप, पत्रकार देवेंद्र सिंह, प्रोफेसर राकेश चमोली, सेवानिवृत्ति निरीक्षक यश कुमार, डा. जसवंत सिंह, डॉ. राजेंद्र सिंह चौहान, राम कुमार सिंह, यशपाल सिंह, विनोद चादना, कुलदीप सिंह आदि वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे।

### हादसे में दम्पति सहित तीन घायल

**कोतवाली देहात।** बीती रात्रि नजीबाबाद निवासी अंकित वर्मा गाड़ी से जा रहा था। जैसे ही गाड़ी बिजनौर मार्ग पर रौनक बैंकट हॉल के सामने पहुंची, वैसे ही सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। गाड़ी की टक्कर लगने के बाद बाइक नीचे गिर गई। जिससे बाइक सवार राकिब पुत्र अखलाक तथा रुकसाना पत्नी रकीब निवासी नगीना गंभीर रूप से घायल हो गए। गाड़ी में चालक के साथ बैठा नोमान निवासी नजीबाबाद भी घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस तीनों घायलों को पीएचसी कोतवाली देहात लेकर आई जहां से गंभीर स्थिति देखते हुए राकिब तथा रुखसाना को मेडिकल हॉस्पिटल रैफर कर दिया गया। पुलिस ने चालक अंकित वर्मा निवासी नजीबाबाद को हिरासत में ले लिया तथा गाड़ी थाने ले आई। पुलिस के अनुसार अभी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर प्राप्त होने के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### कैडेट्स को हथियार व मैप प्रशिक्षण



**धामपुर।** 32 बटालियन धामपुर के ग्राम मोरना में चल रहे 12 दिवसीय राष्ट्रीय कैडेट कोर के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 110 के चौथे दिन रोज की तरह कैडेट्स को विभिन्न मुद्राओं में व्यायाम कराया गया। व्यायाम के पश्चात ड्रिल में हवलदार विनोद नेगी एवं हवलदार संजय, हवलदार मनोज राय आदि के द्वारा एनसीसी कैडेट्स को बाजू शस्त्र, सलामी शस्त्र तथा तेज चाल से मुड़ना, चाल से आगे कदम बढ़ाना सिखाया। रीडिंग मैप में उत्तर के प्रकार एवं फील्ड क्राफ्ट एवं बैटल क्राफ्ट में इंडिकेशन ऑफ लैंडमार्क को एनसीसी कैडेट्स को विस्तार से बताया गया। जबकि लेफ्टिनेंट धीरज शर्मा ने जीवन रक्षक उपकरण एवं पारंपरिक सुरक्षात्मक उपाय के विषय में पढ़ाया तथा लेफ्टिनेंट ललित कुमार ने भूकंप आने पर किया करना चाहिए तथा क्या नहीं करना चाहिए तथा बचाव कार्यो को विस्तार से समझाया। शिविर में सभी कैडेट्स प्रशिक्षण के दौरान एनसीसी पाठ्यक्रम को विस्तार से समझ रहे हैं । कैडेट्स विभिन्न प्रतियोगितायों में प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर कैंप कमांडेंट सीएस भट्ट, डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल ललित भट्ट, कैंप एडजुटेंट कैप्टन मौहम्मद यूनुस चौधरी, लेफ्टिनेंट शशांक कुमार शर्मा, लेफ्टिनेंट धीरज शर्मा, लेफ्टिनेंट ललित कुमार, लेफ्टिनेंट जाहिद अली, सुबेदार मेजर बलवंत सिंह, थर्ड अफसर रिंकी देवी, सुबेदार कृष्ण कुमार, सुबेदार पलजर भूटिया, नायब सूबेदार मधु सूदन, नायब सूबेदार विनिल कुमार, हवलदार विनोद नेगी, हवलदार संजय सिंह, हवलदार तिरलोक सिंह, हवलदार अर्जुन सिंह, हवलदार रघुवीर सिंह, हवलदार मनोज राय, हवलदार बिकास छेत्री, हवलदार प्रकाश सिंह आदि उपस्थित रहे।

### पुलिस ने चोरी का आरोपी दबोचा



**किरतपुर।** शेखर राजपूत पुत्र नरेश पाल निवासी मौहल्ला झंडा ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मोबाइल, आधार-कार्ड, पैन-कार्ड तथा 4,000 रुपये से भरे पर्स की चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटना के खुलासे के लिए पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद के निर्देशन में थाना किरतपुर पुलिस ने टीम का गठन किया। जांच में चोरी की वारदात में शामिल आरोपी मेहरबान (22 वर्ष) पुत्र जमील निवासी मौहल्ला अफगानान, किरतपुर का नाम सामने आया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर उससे चोरी किया गया एक मल्टी मीडिया मोबाइल तथा 2,800 रुपये बरामद किए हैं। बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ मु.अ.सं. 298/2025, धारा 303(2)/317(2) बीएनएस में नया अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई है। गिरफ्तारी व बरामदगी टीम में दरोगा दीपक नागर, म.उ.नि. उपासना, हैड कांस्टेबल लालू, कांस्टेबल पुनित त्यागी तथा म.का. कामिनी आदि शामिल रहे।

### आबादी में गुलदार दिखने से दहशत

**कोतवाली देहात।** क्षेत्र के ग्राम खुर्दी के आसपास गुलदार देखे जाने से ग्रामीण भयभीत हैं। ग्रामीण जंगल जाने से डर रहे हैं। ग्रामीणों ने पिंजरा लगवाने की मांग की है। ग्राम खुर्दी में ऋतिक त्यागी के खेत में एक गुलदार देखे जाने से ग्रामीण भयभीत हैं। गुलदार का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ग्रामीण ऋतिक त्यागी ने बताया कि शनिवार सुबह गुलदार को गांव के पास एक पेड़ पर चढ़ा हुआ देखा गया। इसके बाद गुलदार खेत में घुस गया, जिसकी ग्रामीणों ने वीडियो बना ली। ग्रामीणों ने गांव में पिंजरा लगवाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में स्कूल के बच्चों पर गुलदार के हमले का खतरा बना हुआ है।

### हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन

**धामपुर।** सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। टीचर कॉलोनी स्थित संघ कार्यालय पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। अंत में आयोजक परिवार को संस्था द्वारा राम दरबार का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में जिला प्रचारक प्रवीण सिंह, नगर अध्यक्ष अमित कुमार, रविंद्र सिंह, नगर कार्यवाहक आजाद वीर सिंह, लोकेंद्र कुमार, प्रिंस कुमार, अनिल राजपूत, आशुतोष कुमार, मोहित कुमार, अंकित कुमार, निखिल शर्मा आदि शामिल रहे। श्रीमद हनुमत भक्ति प्रचार मंडल से अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, महंत राहुल अग्रवाल, आचार्य दिनेश चंद्र भारद्वाज, मनोज रस्तोगी, रामप्रकाश वर्मा,विजय शर्मा, सर्वेश गिरी आदि शामिल रहे।

# आभा फाउंडेशन ने वृद्धजनों को बांटे लिहाफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** क्षेत्र की सामाजिक संस्था आभा फाउंडेशन द्वारा नगर क्षेत्र के ऐसे गरीब परिवारों के लोगों को जो 60 वर्ष की उम्र पार कर चुके हो को सर्दी से बचाव हेतु नि:शुल्क लिहाफ वितरित किए गए।

फादरसन पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 1200 लाभार्थियों को लिहाफ दिए गए, जिनमें 60 वर्ष और इससे ज्यादा उम्र के बुजुर्ग शामिल रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कमलेश सैनी (पूर्व विधायक), वीर सिंह (पूर्व जिला पंचायत सदस्य), खंड शिक्षा अधिकारी गजेन्द्र सिंह, हिन्दू इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल रविन्द्र कुमार शर्मा, होटल उद्यमी राय बहादुर आर्य, मुनीश कुमार आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पहुंचे लिहाफ प्राप्त करने वाले लोगों ने आभा फाउंडेशन का धन्यवाद किया और लिहाफ की गुणवत्ता की भी प्रशंसा की।



### दस दिसम्बर को साइकिल वितरण कार्यक्रम

उधर आभा फाउंडेशन की संस्थापिका आभा सिंह ने बताया कि फाउंडेशन समय-समय पर समाज सेवा के कार्य करती रहती है जैसे लिहाफ वितरण, नि:शुल्क चिकित्सा और नेत्र जांच शिविर, गरीब कन्याओं की शादी, चश्मा वितरण और राशन वितरण। आभा सिंह ने कार्यक्रम की सफलता के लिए अपनी पूरी फाउंडेशन टीम का भी धन्यवाद किया। उन्होंने आगे बताया कि 10 दिसम्बर 2025 को कन्याओं को साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी है, जिसके लिए पंजीकरण 25 नवम्बर 2025 से फादरसन पब्लिक स्कूल में शुरू होगा। उन्होंने बताया कि साइकिल विस्तृत करने का उद्देश्य गरीब परिवारों की बेटियों को जो दूर दराज से शिक्षा ग्रहण करने अपने स्कूल कॉलेज आती जाती है, साईकिल दी जाएगी ताकि उन्हें विद्यालय आने में देरी न हो।

## आरएसएम की संस्थापिका रानी फूल कुँवरि की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आरएसएम कॉलेज की संस्थापिका रानी फूल कुँवरि साहिबा की 53 वीं पुण्यतिथि स्मृति दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर कॉलेज में आयोजित हवन एवं यज्ञ में वैदिक मंत्रों के साथ आहुतियां दी गई।

पुरोहित अश्विनी शर्मा द्वारा कराये गए यज्ञ में मुख्य यजमान महाविद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष कुंवर मानवेंद्र सिंह राठौड़, सचिव डॉ. एस.के. राजपूत, प्राचार्य प्रो. रश्मि एस. रावल, डॉ. रंजन अग्रवाल, कार्यकारिणी के सदस्य जितेन्द्र चौधरी, डा. अमित, अवनीश चौहान एवं सेवानिवृत शिक्षकों में डा. प्रकाश वीर, डा. विजयपाल सिंह, डा. वीके सिंह, प्रो. राजेश सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे।

स्मृति दिवस कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकगणों में डा. एस.एस. कटियार, प्रो. पूनम घई, प्रो. एस.एल. पाल, प्रो. अमित कुमार सिंह प्रो. शौराज सिंह, प्रो. रमाकान्त, प्रो. ओ.पी. मौर्य, डा. रामकुमार सिंह, डा. मदनपाल सिंह, डा. भारती चौहान, डा.भावना वत्सल, डा.रवि धनकड़, डा. विवेक यादव, डा. कौशिक प्रसाद, डा. गोपाल कृष्ण तिवारी, डा. आदित्य कुमार, डा. आकाश, डा. अर्चना गहलोत, डा. राधा रानी बरनवाल, डा. एस.पी. सिंह, डा. विनय दुआ, डा. आर.पी. भारद्वाज, डा. अमित गिरी, डा. पंकज शर्मा, डा. सीमा सिंह, डा. राजेन्द्र चौधरी, डा. आशीष, डा. सुमेधा चौहान, डा. अनिल यादव, डा. इंदु सोलंकी, डा. इन्दु चौहान, डा. मनोज कुमार, तेजेन्द्र कुमार, अभिषेक कुमार, पंकज कुमार, विवेक कुमार, प्रशांत कुमार, सुभाष देवरा, पवन कुमार एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर हेलमेट किए वितरित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** यातायात माह के तहत रविवार की दोपहर थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पा देवी के नेतृत्व में ग्राम नंगला इस्लाम अंडरपास के समीप विशेष वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चला रहे लोगों को रोककर न केवल यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया, बल्कि उन्हें नि:शुल्क हेलमेट भी वितरित किए गए।

थाना प्रभारी पुष्पा देवी ने बताया कि अधिकांश सड़क हादसों में सिर की चोटें गंभीर रूप ले लेती हैं, जिनसे बचाव का सबसे प्रभावी साधन हेलमेट है। उन्होंने कहा कि हेलमेट जीवनरक्षक कवच की तरह है। छोटी-सी लापरवाही किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। उन्होंने चार पहिया वाहन चालकों को

### वाहन चेकिंग अभियान चलाया

भी सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की सलाह देते हुए कहा कि सुरक्षित यात्रा हम सब की जिम्मेदारी है। इस अभियान में कुल 50 हेलमेट वितरित किए गए, जो कौशिक पैथोलॉजी लैब की ओर से उपलब्ध कराए गए थे। लैब के संच. ालक सतीश कौशिक, मनोज सहित अन्य सहयोगी भी मौजूद रहे और उन्होंने लोगों को यातायात सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# पीबीएस फूड शुगर मिल के कांटे का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** जिला गन्ना अधिकारी पीएन सिंह ने ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक की उपस्थिति में चांदपुर परिक्षेत्र का सघन भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान पी.बी.एस. फूड शुगर मिल के कांटे का औचक निरीक्षण किया, जिसमें एक टिपलर गाड़ी की तौल कर कांटे के वजन की शुद्धता की जांच की गई और उसे शुद्ध पाया गया।

इस अवसर पर चीनी मिल गेट पर निरीक्षण के दौरान एक गाड़ी में रिफ्लेक्टर लगवाया गया। चीनी मिल प्रबंधन को तत्काल यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से मिल में आने-जाने वाले सभी वाहनों पर यथाशीघ्र रिफ्लेक्टर लगाना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। स्टाफ बैठक एवं कार्य गति में तेजी लाने के भी निर्देश दिए। तत्पश्चात जिला गन्ना अधिकारी गन्ना विकास परिषद पहुंचे जहां उन्होंने स्टाफ की बैठक ली।



### वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए

इसमें ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। बैठक में समसामयिक बिंदुओं पर गहन विचार-विमर्श किया और स्टाफ को निम्नलिखित कार्यों में तेजी लाने हेतु कड़े निर्देश दिए गए, जिनमें नए सदस्य एवं वारिस सदस्य का पंजीकरण कराया जाना, एक मोबा. इल नंबर पर चार से अधिक सट्टा धारकों की जांच एवं सुधार कराये जाने, आधार कार्ड को सट्टा से लिंक करने का कार्य करने, फॉर्मर रजिस्ट्री ऐप्स के माध्यम से किसानों के रजिस्ट्रेशन कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करना। जिला गन्ना अधिकारी द्वारा आधुनिक एवं प्राकृतिक कृषि पद्धतियों पर बल दिया। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे सरकारी अनुदान का लाभ उठाकर इस प्रणाली को अपनाएँ। पंचामृत खेती एवं जैव/नेचुरल फार्मिंग पंचामृत खेती (गन्ने के लिए एक योजना) के तहत ट्रेंच विधि, पेड़ी प्रबंधन, ड्रिप इरीगेशन, मल्चिंग और सहफसल को शामिल किया गया है, जिसका उद्देश्य गन्ने की उपज बढ़ाना और किसानों की आय दोगुनी करना है। वहीं जैव खेती और नेचुरल फार्मिंग रासायनिक मुक्त कृषि को बढ़ावा देती है। ये पद्धतियां जीवामृत और बीजामृत (बीज उपचार) जैसे प्राकृतिक उत्पादों का उपयोग कर मिट्टी के स्वास्थ्य और पर्यावरण को बेहतर बनाती हैं। किसानों को इन पद्धतियों को अपनाकर लागत कम करने और बेहतर गुणवत्ता वाली फसल प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

उन्होंने समस्त स्टाफ को निर्देशित करते कहा है कि वे गन्ना किसानों को इन तकनीकों के लाभों के बारे में जागरूक करें, जिससे उन्हें फॉर्मर रजिस्ट्री ऐप्स पर पंजीकृत कर सरकार की भविष्य दी जाने वाली सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवाया जा सके।

## वालिया ग्लोबल एकेडमी में बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया

**नजीबाबाद।** वालिया ग्लोबल एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने ताइक्वांडो का आकर्षक प्रदर्शन किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. सीपी सिंह प्रोफेसर डॉ. एके मित्तल व चौधरी ईशम ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास व स्वास्थ्य के लिए ही नहीं बल्कि सहयोग, सम्मान, नेतृत्व व सामूहिक प्रयास की भावना को विकसित करते हैं। मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के मैनेजर रमाकांत वालिया, अश्विन वालिया, श्रीमती जाझवी वालिया ने बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता सिवाच ने मुख्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा सभी प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता अध्यापक विनीत राणा, साकेत शर्मा, व मोहित कर्णवाल के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। संचालन अध्यापक कुमुद कुमार व छात्र-छात्राओं ने किया।

# आयुर्वेद जीवन का विज्ञान: डा. प्रदीप कुमार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में संचालित आयुप्रवेशिका कार्यक्रम का चौथा दिवस आज अत्यंत उत्साहपूर्ण, ऊर्जावान और शैक्षिक वातावरण के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में देश के ख्याति प्राप्त आयुर्वेदाचार्य एवं आयुर्वेद शिक्षा के स्तंभ मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. प्रदीप कुमार प्रजापति ने अपनी विशिष्ट उपस्थिति दर्ज कराते हुए सत्र की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय परंपरा के अनुसार भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से की गई। दीप प्रज्ज्वलन के इस मंगल क्षण में कॉलेज चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक वैद्य संदीप अग्रवाल तथा डीन अकादमिक डॉ. विशाल उपस्थित रहे। संपूर्ण वातावरण मंत्रोच्चार और दिव्य आयुर्वेदिक परंपरा की गौरवशाली ऊर्जा से सराबोर था। प्रो. डॉ. प्रदीप कुमार प्रजापति ने आयुर्वेद की महत्ता, इतिहास और वर्तमान प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आयुर्वेद केवल रोग उपचार की प्रणाली नहीं,



### आधुनिक चिकित्सा और आयुर्वेद के समन्वय पर जोर

बल्कि जीवन का विज्ञान है। यह मनुष्य को स्वस्थ, संतुलित और संतुष्ट जीवन जीने की कला सिखाता है। आज के तकनीकी युग में जहां जीवन की गति अत्यंत तीव्र है, वहीं आयुर्वेद मानसिक शांति, शारीरिक संतुलन और आध्यात्मिक उत्थान का पथ प्रदर्शित करता है। उन्होंने आधुनिक चिकित्सा और आयुर्वेद के समन्वय पर विशेष जोर देते हुए कहा कि दोनों चिकित्सा पद्धतियां एक-दूसरे की पूरक हैं। जहां आधुनिक चिकित्सा त्वरित उपचार और उन्नत जांच तकनीक प्रदान करती है, वहीं आयुर्वेद शरीर के मूलभूत दोष, धातु और मल के संतुलन पर आधारित समग्र उपचार देता है।

निदेशक वैद्य संदीप अग्रवाल ने भी कार्यक्रम में अपने प्रेरक विचार साझा करते हुए कहा कि कृष्णा आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज का उद्देश्य केवल छात्रों को डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि उन्हें एक संवेदनशील, कुशल और जन-संपर्क योग्य आयुर्वेदिक चिकित्सक बनाना है। आयुर्वेद की परंपरा वैदिक ज्ञान पर आधारित है, जिसे आधुनिक शोध तकनीकों के साथ जोड़कर ही हम इसे वैश्विक स्वास्थ्य व्यवस्था में मजबूत स्थान दिला सकते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को चाहिए कि वे आयुर्वेद के सिद्धांतों को केवल पुस्तकों तक सीमित न रखें, बल्कि जीवन शैली में भी उतारें। सही दिनचर्या, ऋतुचर्या, योग, ध्यान और आहार-विहार का अभ्यास ही आयुर्वेद के वास्तविक सार को समझने का माध्यम है।

आयुप्रवेशिका कार्यक्रम का यह दिवस विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी रहा। विद्यार्थियों ने मुख्य अतिथि और अन्य विशेषज्ञों से विभिन्न आयुर्वेदिक विषयों, शोध, आधुनिक चिकित्सा के साथ समन्वय तथा भविष्य के अवसरों पर संवाद किया। अनेक विद्यार्थियों ने अपने विचार साझा कर कार्यक्रम की उपयोगिता को रेखांकित किया। कार्यक्रम का संचालन गरिमामय, अनुशासित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में किया गया। कॉलेज परिसर में ऊर्जा, उत्साह और आयुर्वेद की समृद्ध परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला।

## एक नजर

### वन विभाग ने भूमि को कराया कब्जामुक्त



**नांगल सोती।** गंगा खादर क्षेत्र में वन विभाग की भूमि पर खड़ी गन्ने की फसल को जोत कर कब्जा मुक्त कराया गया। नांगल सोती निवासी राशिद उर्फ भूरे ने राजगढ़ रेंज के अंतर्गत गंगा खादर क्षेत्र में खसरा संख्या 256-257 में वन विभाग की लगभग 600-700 बीघा भूमि पर कुछ किसानों द्वारा अवैध कब्जा कर गन्ने की फसल बोने की शिकायत वन विभाग के उच्च अधिकारियों से की थी। वन विभाग के डीएफओ अभिनव राज, एसडीओ अंशु मित्तल, राजगढ़ रेंज के रेंजर विजेंद्र प्रताप सिंह, सहानपुर कोड़ियां रेंजर राजेश शर्मा डिप्टी रेंजर राम मुसाफिर यादव राजस्व विभाग से लेखपाल सत्यनारायण पुलिस बल के साथ खादर क्षेत्र पहुंचे, टीम ने पैमाइश कर वन विभाग की भूमि पर कुछ किसानों की खड़ी लगभग 10-12 बीघा गन्ने की फसल को ट्रैक्टर से जुतवाकर कब्जा मुक्त कराया। डिप्टी डेंजर राम मुसाफिर यादव ने बताया कि किसानों को कई बार फसल काटने के लिए कहा गया था, नहीं काटने पर कार्रवाई की गई है। कार्रवाई जारी रखते हुए पैमाइश कराकर वन विभाग की भूमि को कब्जा मुक्त कराया जाएगा।

### तहसील दिवस के दिन धरने पर रहे लेखपाल



**नगीना।** संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ शाखा नगीना के लेखपालों ने अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर शांतिपूर्ण धरना दिया। बाद में उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी वान्या सिंह को सौंपा और लंबित मांगों के शीघ्र समाधान की अपील की। ज्ञापन में कहा गया कि पिछले नौ वर्षों से लेखपाल पद की शैक्षणिक योग्यता व पदनाम परिवर्तन का प्रस्ताव लंबित है। साथ ही प्रारंभिक वेतनमान उच्चीकरण, एसीसी विसंगति दूर करने, मृतक आश्रितों को पुरानी पेंशन बहाल करने तथा राजस्व निरीक्षक व नायब तहसीलदार के अतिरिक्त पद सृजन की मांग उठाई गई। लेखपालों ने स्टेशनरी भत्ता 100 रुपये से बढ़ाकर 1000 रुपये करने और नियत यात्रा भत्ता देने की भी मांग की। उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश के करीब 3000 लेखपाल 500-1000 किमी दूर तैनाती के कारण तनाव में कार्य कर रहे हैं। 23 अगस्त 2018 के शासनादेश के तहत ऑनलाइन स्थानांतरण आवेदन लिए जा चुके हैं, लेकिन अब तक सूची जारी नहीं हुई, जबकि अन्य विभागों में स्थानांतरण हो चुके हैं। धरने में संघ अध्यक्ष सत्यवीर सिंह, सचिव जयपाल सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकुल शर्मा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अभिलाष कुमार, उपसचिव तुषार चौहान, कोषाध्यक्ष हिमाँशु, ऑडिटर रितिक कुमार सहित कई लेखपाल मौजूद रहे। लेखपालों ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन और तेज किया जाएगा।

### आमानगढ़ टाइगर रिजर्व का भ्रमण



**बिजनौर।** कृष्णा कालेज के विज्ञान विभाग के छात्र-छात्राओं ने अमानगढ़ टाइगर रिजर्व का भ्रमण किया। भ्रमण के लिए प्रबंधक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार निदेशक पवन कुमार प्राचार्य डा. परवेज अहमद खा, प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर छात्रों को रवाना किया। साइंस की प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने बताया कि अमानगढ़ टाइगर रिजर्व बिजनौर जिले में छात्र-छात्राओं के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षिक अनुभव का केंद्र है, जिसमें छात्र-छात्राओं ने वन विभाग द्वारा संचालित जिप्सी सवारी का आनंद लिया। इस दौरान उन्होंने बाघों की आबादी में अन्य वन्य जीवों जैसे भालू, हिरन, सांभर, चीतल, हाथियों को उनके प्राकृतिक आवास में देखा। वन अधिकारियों ने विद्यार्थियों को अमानगढ़ के पारिस्थितिकी तंत्र के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों ने ग्रास लैंड और डेंस फाररेस्ट के नमूने लिए तथा पक्षी प्रजातियों के सर्वेक्षण का अनुभव प्राप्त किया। चेयरमैन मनोज कुमार ने बताया कि इस भ्रमण ने विद्यार्थियों में पर्यावरण व वन्य जीवों के प्रति जागरूकता बढ़ाई। छात्रों के लिए यह अनुभव कक्षा की किताबों से बहुत अलग-अलग और असरदार रहा। उन्होंने प्रत्यक्ष रूप से परिस्थिति तंत्र आहार श्रृंखला में मानव प्रवेश के प्रभाव को देखा। महाविद्यालय किताबी पाठ्यक्रम के साथ-साथ क्षेत्रीय फील्ड वर्क को नियमित रूप से शामिल करता रहा है, इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण छात्रों में संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं। भ्रमण को सफल बनाने में डा. पूनम गुप्ता, डा. शोमा सिंह, डा. पायल राठी, संचित कुमार, शुभांशी वर्मा, अदीबा शारिक का विशेष योगदान रहा।

### नगरीय निकाय गजेटियर का कार्य प्रारम्भ



**चांदपुर।** नगर पालिका द्वारा गजेटियर का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है, जिसके अंतर्गत नागरिकों का आर्थिक डाटा कलेक्ट कराते हुए घर-घर पालिका कर्मचारियों को भेजा जाने लगा है। चेयरपर्सन जीनत परवीन ने बताया कि मुरादाबाद मण्डल आयुक्त के निर्देश पर नगरीय निकाय गजेटियर तैयार किया जा रहा है, जिसका मूल उद्द्श्य नगर के प्रत्येक परिवार की आर्थिक, सामाजिक स्थिति का प्राथमिक आंकड़ा संकलन कर उसे और अच्छी सुविधा प्रदान कराना है। साथ ही भविष्य के लिये विकास कार्यो की बेहतर योजनाएं तैयार की जा सके। उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिये पालिका कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है।

### मनरेगा लोकपाल सुनेंगे आवास योजना की शिकायतें

**बिजनौर।** मुख्य विकास अधिकारी/अतिरिक्त कार्यक्रम समन्वयक ने ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार एवं आयुक्त ग्राम्य विकास के पत्र के हवाले से जानकारी देते हुए बताया कि मनरेगा लोकपाल की सेवाएं अब प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की शिकायतों के निस्तारण के लिए भी ली जाएंगी। जनपद में तैनात मनरेगा लोकपाल सुशील कुमार त्यागी, (मोबाईल नम्बर-7275554033) को प्रधान मंत्री आवास योजना ग्रामीण से संबन्धित शिकायतें प्रस्तुत की जा सकती है। उन्होंने बताया की यह शिकायतें संबन्धित व्यक्ति श्री त्यागी को सीधे या विकास भवन के प्रथम तल पर स्थित कक्ष संख्या 210 एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारी कार्यालयों में कार्य दिवस में उपस्थित होकर दे सकते हैं। खण्ड विकास अधिकारी उपरोक्तानुसार अपने कार्यालय में व्यवस्था सुनिश्चित कराएंगें।

# एंजेल्स के एंजेल्स ने किया जश्न में गदगद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** दस साल जश्न में ऐंजेल्स के एंजेल्स ने दर्शकों को गदगद कर दिया। उत्साह के साथ मनाय गए जश्न का इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति ने दीप प्रज्वलन किया। जबकि बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मनमोह लिया।

**इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति ने किया उत्साहवर्धन**

नगर के सराय शरमीनस्थित एंजेल्स पब्लिक स्कूल का स्थापना दिवस (दस साला जश्न) हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्थापना दिवस कार्यक्रम बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। जश्न के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति इलाहबाद हाइकोर्ट नलिन कुमार श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलन कर शुभारम्भ किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि व स्कूल के संस्थापक जिला जज अहमदउल्ला खां व मेनेजिंग डायरेक्टर, शरमीन खान प्रधानाचार्य तेजेन्द्र सिंह का बुके देकर स्वागत किया। जबकि एंजेल्स ने स्वागत गीत सम्मान किया। जश्न में बच्चों ने सांस्कृतिक व देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति से देश प्रेम की अलख जगाई साथ ही शिक्षा के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने एंजेल्स के स्थापना दिवस पर पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि एंजेल्स पब्लिक स्कूल ने बच्चों को शिक्षित बनाने और एक अच्छा माहौल देकर भविष्य उज्जवल बनाने का जो काम किया है वह काफी प्रशंसनीय है। विद्यालय बनाने और उसमे एक बेहतर शिक्षा का इन्तेजाम यह इतनी बड़ी जिम्मेदार है जिसके लिए जीवन को समर्पित करके ही इतना खूबसूरत विद्यालय कायम किया जा सकता है। इससे आगे आने वाले समय में समाज शिक्षित होगा तो जीवन भी खुशहाल होगा और तरक्की के रास्ते पर ले जाएगा। बच्चे ऊंचे पायदान पर पहुंच कर अपने व समाज और परिवार के साथ शहर तथा जिले का भी नाम देश दुनिया में रोशन करेंगे। इस अवसर पर अरीफ आलम एड.,गौरी शंकर चौधरी, डा. अजीज उल्ला खां, डा. हामिदुल्ला खां, नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार सोनी, एसडीएम रामानुज, आदि मौजूद रहे।





सम्भल- एंजेल्स पब्लिक स्कूल के दस साला जश्न का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति नलिन कुमार श्रीवास्तव व जश्न में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देते बच्चे।

# गुम्बद का सर्वे करने से रोकने पर दो पर एफआईआर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भारतीय पुरातत्व विभाग के सर्वेक्षण अधिकारियो को मुख्य गुम्बद का निरीक्षण करने से रोकने और सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में दो पर मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने की चर्चा की जा रही है।

सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित शाही जामा मस्जिद का विवाद अदालत में विचाराधीन है। कोतवाली पुलिस ने जामा मस्जिद से जुड़े दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। आरोप है कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) मेरठ मंडल के अधिकारी विनोद कुमार रावत के नेतृत्व में टीम 8 अक्टूबर को पुरातत्व विभाग में संरक्षित शाही जामा मस्जिद का निरीक्षण करने पहुंचे थे। आरोप है कि निरीक्षण

**आठ अक्टूबर को सर्वे करने पहुंचने पर सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप, गुम्बद का सर्वेक्षण करने आई थी टीम**

के दौरान, इंतजामिया कमेटी के हाफिज ने मोहम्मद काशिफ खान को बुला लिया। आरोप है कि इन दोनों न एएसआई की टीम को मस्जिद के मुख्य गुंबद में प्रवेश नहीं करने दिया और विवाद की स्थिति पैदा करने और माहौल खराब करने की कोशिश की जबकि अभद्र भाषा का प्रयोग भी किया। सरकारी कार्य पूरा न होने के कारण टीम को मेरठ लौटना पड़ा। टीम ने इसकी लिखित जानकारी अपने कार्यालय को दी। तत्पश्चात पुरातत्व विभाग कीने पुलिस अधीक्षक सम्भल को पत्र भेजा। इसी पत्र के आधार पर हाफीज और मौहम्मद काशिफ खान के खिलाफ धारा 132,352 (2) के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की।

# मीडिया के बकायदारों के चेहरे जल्द किए जाएंगे बेनकाब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सत्ता ओर या विपक्ष समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित कराकर भुगतान के नाम पर सफेदपोशों की चेहरे की रंगत ही बदल जाती है। विज्ञापन प्रकाशित कराकर रकम डकारने वाले ऐंसे सफेदपोशों के चेहरे जल्द ही बेनकाब किये जायेंगे।

शहर और जिले में सफेद कुर्ते पाजामा पहनकर राजनैतिक दलों से जुड़ नेता सत्ता हो या विपक्ष हर समय समाचार पत्रों की सुर्खियां बटोरने में कोई कमी नहीं छोड़ते है। जबकि नामचीन औरी पार्टी व संगठन के सामने धन्नासेठ और पूरी तरह से समर्पित होने का नाटक करने में कोई चूंक नहीं छोड़ते है। ऐंसे नेता समाचार पत्रो में विज्ञापन प्रकाशन कराकर शीर्ष नेतृत्व की निगाह अपने को सबसे आगे की श्रेणी में दिखाने में कोई कोर कसर नहीं रखते हैं। लेकिन विभिन्न पार्टियों से जुड़ें ऐंसे सफेदपोश विज्ञापन लगवाकर रकम के भुगतान के नाम पर आज कल कहकर चक्कर कटवाते हैं। कई तो ऐंसे चेहरे हैं जो सत्ता में रहकर जमकर धन बटोरने में कोई कमी बाकी नहीं रखी अब सत्ता से बेदखल होकर वह भिखमंगे बनकर विज्ञापन की रकम डकारने के लिए चीरों को छिपाए हुए हैं। जबकि हर समय अगो की पंक्ति में दिखायी देने वाले अब नजरें बचाये फिर रहे हैं। विज्ञापन की रकम डकारने को हदों को पार कर रहे सफेदपोशों के जल्द ही नाम और चेहरों को समाचार पत्र में एक-एक कर बेनकाब किया जायेगा। हालांकि रविवार को विज्ञापन की रकम डकारने वाले भिखरी बने नेता का समाचार प्रकाशन के बाद अब खलबली मची हुई है। लेकिन रकम का भुगतान करने में अभी अपने हाथ जेबों में नहीं डाल रहे हैं।ऐंसे भिखमंगे नेताओं के चेहरों को जल्द ही बेनकाब किया जायेगा।

# गांव-गांव से विस्तारीकरण के लिए उठ रही आवाज़



सम्भल- प्रधानमंत्री के नाम रेलवे विस्तारीकरण को पत्र लिखकर भेजते ग्राम प्रधान।

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** सम्भल गजरौला रेल लाइन विस्तारिकरण की मांग को लेकर चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के अंतर्गत ग्राम प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष चौ गिरिराज सिंह से उनके निज आवास पर मिलकर एक पत्र प्रधानमंत्री के नाम लिखने का अनुरोध किया जिस पर चौधरी गिरिराज सिंह ने प्रधानमंत्री को एक पत्र मेल कर सम्भल से गजरौला रेल लाइन विस्तारिकरण के लिए रेल बजट मंजूर किये जाने की मांग की। इसके बाद लगभग 10 गांव में भ्रमण कर ग्रामप्रधानों से प्रधानमंत्री के नाम पत्र भी लिखवा गए। और ग्राम प्रधानों ने प्रधानमंत्री के नाम पत्र लिखें। इस दौरान प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष चौ गिरिराज सिंह ने कहां की यह मांग मांग पुरानी है हम बचपन से यह सुनते आए हैं कि संभल में रेल लाइन का शीघ्र विस्तार होगा।लेकिन आज तक रेल लाइन का विस्तार नहीं हो पाया है यह एक जनहित का मुद्दा है इससे सर्व समाज को लाभ पहुंचेगा। लोगों को आवागमन में सुविधा रहेगी। कम समय और कम पैसे में देश के दूसरे शहरों में आसानी से आ जा सकेंगे। समय और पैसे की बचत होगी। क्षेत्र का विकास होगा। आगे बोलते हुए समाजसेवी व अधिवक्ता चौ रविराज चाहल ने कहा की हमारी यह मांग काफी लंबे समय से चली आ रही है, हमें उम्मीद है कि हमारे प्रधानमंत्री हमारी यह मांग अवश्य पूर्ण करेंगे। हमारे प्रधानमंत्री ने देश के दुर्गम हिस्सों मे भी रेल का जाल बिछाया है। जहां की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। हमारा संभल शहर देश व प्रदेश में कल्कि भगवान की जन्मस्थली के रूप में जाना जाता है। देश व प्रदेश के हिंदू श्रृद्धालुओं का संभल आना जाना लगा रहता है। रेल लाइन का विस्तारीकरण हो जाने से लोगों को आने जाने की काफी सहूलियत मिलेगी। ग्राम रामपुर उर्फ यारपुर के ग्राम प्रधान दिनेश कुमार ने कहा कि हम प्रधानमंत्री से मांग करते हैं कि सम्भल गजरौला रेल लाइन विस्तारिकरण के लिए जल्द से जल्द रेल बजट जारी करवाया जाये।राजवीर सिंह ने कहा सम्भल में रेल यातायात की सही सुविधा नहीं होने के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सम्भल में रेल लाइन का विस्तारीकरण के जाना बहुत आवश्यक है। इस दौरान चौ गिरिराज सिंह चाहल, चौ रविराज चाहल, राजवीर सिंह, दुर्गेश कुमार, दिनेश कश्यप ग्राम प्रधाान रामपुर उर्फ यारपुर,मोहम्मद अजहरूद्दीन ग्राम प्रधान रूस्तमपुर नियावाली, मास्टर भूप सिंह आदि मौजूद रहे।

# सम्भल के डीएम को मिला नेक्सस ऑफ गुड अवार्ड



सम्भल- दिल्ली में डीएम का नेक्सस अवार्ड लेते सीडीओ गोरखनाथ भटट।

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** नेक्सस आफ गुड फाउंडेशन द्वारा पीएचडी चेम्बर ऑफ कॉमर्स के चौथे वार्षिक पुरस्कार समारोह के अन्तर्गत जिलाधिकारी सम्भल डा. राजेन्द्र पैंसिया को जनपद में उनके नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा जनपद में प्रशासन, शिक्षा, ग्राम्य विकास,पंचायती राज,नदियों के पुनरुद्वार एवं अन्य क्षेत्रों में किये जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

दिल्ली में यह अवार्ड रिटायर्ड पूर्व कैबिनेट सचिव भारत सरकार बीके चतुर्वेदी (आईएएस) द्वारा जिलाधिकारी के प्रतिनिधि मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट को प्रदान किया गया। नेक्सस आफ गुड द्वारा दिये जाने वाले पुरस्कारों का उद्देश्य शासन, शिक्षा, प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, स्वास्थ्य और सामुदायिक सेवा के क्षेत्र में अनुकरणीय पहलों को मान्यता देना है। समाज में उल्लेखनीय सकारात्मक प्रभाव डाल रही हैं। जिलाधिकारी के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा सम्भल के स्वरूप को बदलने के लिए जनपद में प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में किये गये उल्लेखनीय कार्यों प्राथमिक शिक्षा की पुनर्कल्पना क, ख, ग, घ मिशन तथा पीएम श्री स्कूल, सम्भल संवाद एप तथा जिला परियोजना निगरानी ईकाई (डीपीएमयू) , एक जिला पांच नदियाँ के अभियान के अन्तर्गत सम्भल में नदियों के पुनरुद्वार के लिए किए जा रहे कार्य तथा सम्भल में विरासत एवं तीर्थ स्थल पुनर्ग्रहण के अन्तर्गत प्राचीन 68 तीर्थों तथा 19 महा कूपों एवं प्राचीन 24 कोसीय परिक्रमा के विकास के लिए किये जा रहे कार्यों ,ग्राम्य विकास, आंगनवाड़ी के क्षेत्र तथा पंचायती राज आदि के क्षेत्र में किये गये उल्लेखनीय कार्यों के लिये दिया गया। नेक्सस ऑफ गुड का अर्थ होता है अच्छाइयों का केन्द्र। नेक्सस आफ गुड अवार्ड संघ लोकसेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष दीपक गुप्ता की ज्यूरी द्वारा जनपद प्रशासन, संस्था तथा व्यक्तियों का चयन किया तथा पूर्व आईपीएस किरण बेदी के एनजीओ सहित अन्य संस्थाओं को भी तथा आंगनबाड़ी में उल्लेखनीय काम करने के लिए मुख्य विकास अधिकारी वाराणसी को भी प्रदान किया गया। बताते चलें कि नेक्सस ऑफ गुड की स्थापना पूर्व केन्द्रीय मानव संसाधन विकास सचिव भारत सरकार अनिल स्वरूप द्वारा की गयी।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-हयात नगर थाने का भ्रमण के दौरान छात्राओं को जानकारी देते।

## जन आरेग्य मेले में 114 मरीज़ों को दवा

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** नगर के महिला चिकित्सालय में जन आरोग्य मेले में 114 मरीजों को देखकर दवा का वितरण किया गया।डा. मनदीप चाहल ने अस्पताल में जन आरोग्य मेले आए मरीजों की जांच कर दवा का वितरण किया। जिसमें शुगर, दर्द, खुजली, खांसी जुखाम, बुखार के मरीज आये। शुगर के मरीजों की जांच कर दवा दी गई।उन्होंने बताया कि अस्पताल में 114 मरीज आये। उनको देखकर व जांच कराकर दवा का वितरण किया गया।इस दौरान फार्मेसिस्ट लक्ष्मीकांत शर्मा,मानवेन्द्र शर्मा, विशेष कुमार, मंजू, नन्दकिशोर आदि मौजूद रहे।

## बबिता बनी जगन्नाथपुर की कोटेदार

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** गुन्नौर विकासखंड के गांव जगन्नाथपुर में राशन कोटेदार का चयन किया गया। जिसमें बबीता राशन कोटेदार निर्वाचित हुई गांव में लोगों के मत द्वारा निर्वाचन किया गया। जिसमें मोहनी को 03 मत, बंदना को 18 मत व बबीता पत्नी शिवम को 261 मत प्राप्त हुए। बबीता कोटेदार निर्वाचित हुई।

गुन्नौर विकासखंड के एडीओ पंचायत सुनील कुमार सिंह की अधयक्षता में चुनाव प्रक्रिया पूर्ण हुई। उन्होंने बबीता की जीत के नाम की घोषणा की। इस दौरान एडीओ उमेश कुमार ग्राम प्रधान सरोज सचिव बरन सिंह जितेंद्र आशीष कुमार,बदन सिंह,धनवती,सचिन प्रजापति आदि रहे।



सम्भल- शेरवुड इंटरनेशल स्कूल में खेल प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे।

## शेरवुड इंटरनेशनल कूल ने सम्मानित किए नौनिहाल

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** शेरवुड इंटरनेशनल स्कूल में बाल दिवस बड़े ही उत्साह और आनंद के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल परिसर में विभिन्न रोचक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम में बच्चों ने बलून रेस, बॉल बैलेंस रेस, टग आफ वार, बॉल विद बास्केट रेस, सिंपल रेस, बुक बैलेंस रेस, मेकअप रेस, नींबू-चम्मच रेस, पार्टनर रेस, ग्लास एंड बॉल गेम, अंब्रेला रेस, म्यूजिकल चेयर्स, कैट वाक, क्रिकेट मैच, फुटबाल मैच, बोतल गेम तथा अंब्रेला डांस आदि खेलों में भाग लेकर खूब मस्ती की। स्कूल की शिक्षिकाओं बागीशा रस्तौगी, सानिया, अरीबा, अदीबा, मुस्कान खान, मुस्कान पाल, फरहा, रेहनुमा और नूर ने अपनी-अपनी कक्षाओं के छात्रें के लिए अलग-अलग खेलों का संचालन किया। स्कूल की मैनेजर अर्शी मैम ने सभी बच्चों को बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और विजेता विद्यार्थियों को मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डायरेक्टर-मैनेजर मोहम्मद यूनुस ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं। आप सब अपने माता-पिता और स्कूल का नाम रोशन करें और जीवन में ऊँचाइयाँ प्राप्त करें। कार्यक्रम हर्षोल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ और बच्चों के चेहरों पर खुशी की मुस्कान देखते ही बन रही थी।

# विधायक पुत्र सुहैल इकबाल ने एसआईआर फार्म को लगवाया शिविर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** एसआईआर कार्य मे मतदाताओं को हो रही परेशानी को दूर करने के लिए धीरे धीरे राजनेता जाग रहे हैं। कैम्प लगाने और फार्म भरने का सिलसिला जारी है।

दरअसल जिस तरह से एसआईआर का कार्य चल रहा है उसको लेकर फार्म भरने के दौरान होने वाली त्रुटियां और वोटर लिस्ट 2003 की कॉपी को लेकर मतदाताओं को इधर से उधर भटकना पड़ रहा था और उपाय नहीं मिल पा रहा था उसको लेकर कुछ राजनीतिक दलों से जुड़े जनप्रतिनिधियों ने जिम्मेदारी को समझते हुए आगे आकर कैम्प लगाकर व्यवस्था बनानी शुरू कर दी है। विधायक पुत्र सुहैल इकबाल ने नगर के चौधरी सराय मे हाजी रौनक समाजसेवी के निवास पर लगवाये गये कैम्प का निरीक्षण करते हुए खुद भी एसआईआर के फार्म भरे और फार्म को लीकर मतदाताओं को समझाते हुए जागरूक किया। बता दें कि एसआईआर पर सवाल खड़े करने वाले नेताओं के गम्भीर नहीं होने का समाचार शाह टाइम्स में प्रकाशित किया गया था। जिसके बाद से नेता जाग गए हैं और जगह-जगह कैम्प लगवाकर एसआईआर के फार्म भरवाने में जुट गए हैं।

**शाह टाइम्स में प्रकाशित खबर का होने लगा असर**

## नि:शुल्क आईवीएफ के लिए शिविर में की जांच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** निशुल्क आईवीएफ के लगाये गये कैम्प मे मरीजों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लेते हुए कैम्प का लाभ लिया। करीब दो दर्जन मरीज कैम्प का लाभ लेने के लिए पहुंचे।

नगर के भूरे शाह रोड देहली दरवाजा मे स्थित सिल्वेंजा हॉस्पिटल मे रविवार को एक नि:शुल्क आईवीएफ कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प मे मशहूर आईवीएफ चिकित्सक डा. पल्लवी ने मरीजों से बातचीत करते हुए सस्ता एवं सुलभ उपाय बताया। बिना संतान के जिन्दगी गुजारने वाले लोगों को कैसे सनतान प्राप्त हो ओर इसके लिए किस तरह से अपना ईलाज कराये विस्तार से बताया गया। निशुल्क, निसंतान एवं टेस्ट टयूब बेबी परामर्श शिविर मे मरीजों को काफी राहत मिली।साथ ही रजिस्ट्रेशन कराये जाने पर 50 हजार की छूट प्रदान की।

# यातायात माह में जाम से मुक्ति नहीं

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** यातायात माह में भी अतिक्रमण के कारण जाम की समस्या सबसे बडी बन रही है।नगर का स्टेशन रोड, रेलवे रोड, इंदिरा चौक इसका सबसे बड़ा शिकार है। लोगों ने इसके लिए बाइपास बनाया जाने की मांग उठाई है।






नगर के अंदर भी सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण चरम पर है। अनूपशहर का पुल बन जाने के बाद भारी वाहन भी दिल्ली के लिए नगर के अंदर होकर गुजरते हैं।इससे हादसे की स्थिति बनी रहती है। नगर का रेलवे रोड,स्टेशन रोड,चन्दौसी रोड़, राजघाट रोड़ सभी अतिक्रमण की चपेट में हैं।इसे तो छोड़ दें।आगरा-मुरादाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित इंदिरा चौक भी पूर्ण रूप से अतिक्रमण की चपेट में है। यहां प्रतिदिन जाम की स्थिति बनती है।यह लगने वाला जाम सभी के लिए परेशानी का सबब है।अतिक्रमण के कारण लगने वाले जाम से यात्री ही नहीं बल्कि स्कूली बच्चे और आम लोग भी शिकार होते हैं।इस जाम की सबसे बड़ी वजह सड़क पर फैले सामान,ठेले और फड़ हैं। नगर में इनसे सड़क संकरी हो जाती है।आमने सामने आने वाले भारी वाहन जाम की वजह बन जाते हैं।इंदिरा चौक पर ऑटो रिक्शा, टेम्पो, रोडवेज और प्राइवेट बसें जाम का झाम बनती हैं।इसके साथ ही ठेले और फड़ वाले सड़क को घेर लेते हैं। प्रियंका गुप्ता ने कहा कि नगर में भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित किया जाये।ताकि यह वाहन नगर में न घुस सकें।इनसे हादसे का खतरा रहता है। भावना कौशल ने कहा कि इंदिरा चौक पर खड़े होने वाले रिक्शा,टेम्पो और ठेले वाले दूर किये जायें।इन्हें सड़क से अलग रखा जाये। पूजा गोयल ने कहा कि नगर में बाइपास बनाया जाये।जिससे नगर में वाहनों से लगने वाले जाम से निजात मिल सके।यह नगर का दुर्भाग्य है कि अभी तक बाइपास नहीं बन सका है। मीना वार्ष्णेय ने कहा कि यातायात माह में भी यातायात नियमों का ज्ञान न रखने वाले चालक वाहनों को चला रहे हैं लेकिन उन पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।

# वाहन चलाते मोबाइल का नहीं करें प्रयोग

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** यातायात माह नवंबर 2025 के अंतर्गत संचालित सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी यातायात व प्रभारी यातायात के नेतृत्व में आज बहजोई में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान आम जनमानस एवं वाहन चालकों को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा उपायों एवं विभिन्न सड़क संकेतों की विस्तृत जानकारी दी गई। लोगों को हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, सुरक्षित गति, ओवरलोडिंग से बचाव तथा मोबाइल फोन का प्रयोग न करने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया गया। साथ ही, सड़क दुर्घटना के समय घायल व्यक्ति की तत्काल मदद करने हेतु प्रेरित किया गया तथा राहवीर योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई, जिसमें दुर्घटना पीड़ित की सहायता करने वाले व्यक्ति को विधिाक सुरक्षा एवं प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने का संकल्प लिया तथा पुलिस टीम द्वारा सभी को सुरक्षित एवं जिम्मेदार यातायात व्यवहार अपनाने हेतु प्रेरित किया गया।



सम्भल- यातयात माह में राहगीरों व वाहन चालकों को जगारूक करते।

# रन फॉर यूनिटि में दौड़े भाजपा कार्यकर्ता

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** विधानसभा गुन्नौर में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर एकता पद यात्रा का आयोजन किया गया। रविवार को गुन्नौर विधानसभा के बबराला में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर मंडी समिति बबराला से हीरापुर,गुन्नौर, जगन्नाथपुर,सेंजना के बाद जुनावई तक एकता पद यात्रा निकाली गई। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी मुरादाबाद राजेश यादव ने बताया कि राष्ट्रीय एकता व अखंडता को बढ़ावा देने, युवाओं में एकता और देशभक्ति की भावना को जागृत करने के साथ ही सरदार पटेल के जीवन और उनके योगदान को याद करने के उद्देश्य से यात्रा का आयोजन किया गया है। पूर्व मंत्री अजीत कुमार ऊर्फ राजू यादव ने यात्र का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता और युवाओं में देशभद्रि की भावना जागृत करना बताया। भाजपा नेताओं ने उपस्थित कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों का धान्यवाद किया। इस दौरान पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू,जिला यात्रा संयोजक बिपिन गुप्ता,भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष शिखर गोयल,भाजपा जिला मंत्री कुमोद वार्ष्णेय, दीपक यादव, विनय वार्ष्णेय,धर्मेंद्र प्रजापति, विनीत गुप्ता,योगेन्द्र यादव, जयप्रकाश गुप्ता ,जूलियस सीजर शांतिस्वरूप, इंदीवर सिंह, उमेश, दिनेश, महीपाल सिंह, सचिन एवं सभी मंडल अध्यक्ष व बूथ अध्यक्ष एवं सभी हजारों कार्यकर्ताओं शामिल रहे।



## 2003 की सूची से नाम गायब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** एसआईआर पूरा करने को 2003 की मतदाता सूची में गड़बड़ी सामने आने लगी है। सूची से काफी नाम गायब मिलने पर मतदाता सोच में पड़ गए है। इसी को लेकर मौ. हिलाली सराय के मतदाताओं ने उपजिलाधिकारी को पत्र सौंपा और पूर्व में मतदान करने वाले मतदाताओं के नाम गायब होने की शिकायत नाम कैसे शामिल किये जाने की जानकारी की।

## सम्बंध विच्छेद

मेरा बेटा मौ. बिशारत गलत संगत में पड़ गया है और वह मेरा व मेरे परिवार वालों का कहना नहीं मानता है तथा छोटी-छोटी बातों पर आमादा फसाद होकर गाली-गलौंच लड़ाई-झगड़ा करता है। इसलिए मैने व मेरे परिवार ने अपने पुत्र मौ. बिशारत से अपने सम्पूर्ण सम्बंध विच्छेद कर लिये हैं और अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया हैं अब मेरा व मरे परिवार से मौ. बिशारत का कोई सम्बंध नहीं रहा है। वह अपने अच्छे बुरे का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**तबस्सुम पत्नी मौ. फिरासत**
नि. मौ. चौधरी सराय बड़ा इमामबाड़ा जनपद सम्भल।

# युवती की निडरता ने बचाई युवक की जान, भीड़ वीडियो बनाती रही

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मझोला थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित छठ घाट पर रविवार को उस समय हड़कंप मच गया जब कुछ युवकों के बीच अचानक विवाद भड़क उठा। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई और चार-पांच लड़कों ने एक युवक को बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। मारपीट में युवक गंभीर रूप से लहूलुहान हो गया, लेकिन मौके पर मौजूद अधिकांश लोग मदद करने के बजाय घटना का मोबाइल से वीडियो बनाते रहे।इसी दौरान वहां से गुजर रही एक युवती ने भीड़ का तमाशा देख कर हिम्मत दिखाई।

बिना किसी डर के वह मौके पर पहुंची और तुरंत पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी। युवती के साहसिक कदम के बाद हमलावर युवक घबरा गए। सूचना मिलते ही मझोला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मारपीट कर रहे सभी लड़कों को हिरासत में ले लिया। घायल युवक को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, झगड़े की शुरुआत किसी आपसी कहासुनी से हुई थी, जो कुछ ही मिनट में हिंसक रूप ले बैठी।

मौके पर मौजूद भीड़ घटना को रोकने के बजाय वीडियो बनाने में जुटी रही, जिससे पिट रहे युवक की हालत बिगड़ती चली गई। यदि युवती समय रहते हस्तक्षेप न करती तो बड़ी अनहोनी की आशंका थी।पुलिस ने मारपीट में शामिल युवकों के खिलाफ उचित कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। वहीं, युवती की बहादुरी की सभी प्रशंसा कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे समय पर साहस दिखाना हर किसी के बस की बात नहीं, लेकिन युवती के इस कदम ने एक युवक की जान बचा दी। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी आपात स्थिति में वीडियो बनाने के बजाय सहायता करें या पुलिस को सूचना दें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके।

# उद्योग व्यापार मंडल ने की बैठक



**चन्दौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की जिला कोर कमेटी की बैठक कैंप कार्यालय जवाहर रोड पर आयोजित की गई, जिसमें संगठन की नीति निर्धारण हेतु पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि संभल जिले में व्यापार मंडल के किसी भी व्यापा. रिक, सामाजिक अथवा जनसेवा संबंधी कार्यक्रम के लिए जिलाध्यक्ष की लिखित या मौखिक अनुमति अनिवार्य होगी, जिससे वरिष्ठ पदाधिकारियों और सदस्यों की गरिमा बनी रहे। जिला अध्यक्ष प्रेम ग्रोवर ने स्पष्ट किया कि संगठन में किसी प्रकार की अनुशासन हीनता, भ्रष्टाचार, दलाली या अनैतिक कार्यों को स्वीकार नहीं किया जाएगा और ऐसे पदाधिकारियों को संगठन से बाहर किया जाएगा। स्वच्छ छवि वाले व्यापारियों को संगठन में स्थान देने के लिए व्यापार मंडल एक विशेष अभियान भी संचालित करेगा। कोर कमेटी ने उमेश चंद्रा को वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष तथा रमेश ग्रेवाल को जिला संगठन मंत्री बनाने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया। बैठक में जिला अध्यक्ष प्रेम ग्रोवर, जिला महामंत्री प्रभात कृष्णा, जिला संगठन मंत्री उमेश चंद्र, रमेश ग्रेवाल, वसीम अख्तर, सुशील अग्रवाल, सुभाष मित्तल और चिंटू शर्मा सहित प्रमुख व्यापारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### डायट प्रवक्ता ने किया प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर द्वितीय का निरीक्षण



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रवक्ता डॉक्टर अनिल यादव ने प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर द्वितीय का निरीक्षण किया उन्होंने विभिन्न कक्षाओं में जाकर बच्चों के ज्ञान की परीक्षा ली सही उत्तर देने पर उन्होंने बच्चों कि सराहना की है स मेघावी बच्चों को उन्होंने पुरस्कार देकर सम्मानित कियास डॉ अनिल यादव शासन के निर्देश पर विद्यालय में सपोर्टिंग सुपरविजन के लिए पहुंचे।

उन्होंने शासन द्वारा बच्चों के हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की स विद्यालय में 262 बच्चों का नामांकन है 188 बच्चे उपस्थित मिले स प्रधानाध्यापक मोहम्मद इरफान, प्रियंका चौधरी आदि भी निरीक्षण के समय स्कूल में मौजूद रहे।

### युवा उद्योग व्यापार मंडल ने विद्युत कटौती शेड्यूल बदलने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**चन्दौसी।** अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल द्वारा रविवार को उपविभागीय अधिकारी विद्युत विभाग के माध्यम से प्रबंध निदेशक विद्युत विभाग उ0प्र0 सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से वर्तमान समय में जो विद्युत शेड्यूल है, उस पर असंतोष जाहिर कर बदलने कि मांग की। विद्युत कटौती उस समय की जाती है जब आम जानता को विद्युत की अति आवश्यकता होती है घर के सभी कार्य सुबह में किए जाते है उस समय विद्युत की सप्लाई ना होना एक परेशानी बन जाता है। व्यापार मंडल के नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि सुबह के समय की यह कटौती लोगों की दिनचर्या को पूरी तरह बिगाड़ रही है। घरों में महिलाएं गैस या इंडक्शन पर नाश्ता नहीं बना पा रहीं, बच्चों के स्कूल जाने की तैयारी प्रभावित हो रही है। बिजली के ना होने से पानी की सप्लाई भी बाधित हो जाती है।

सुबह के समय सेहत के लिए टहलने वाले बुजुर्गों के लिए विद्युत का सुबह के समय ना होना एक बहुत बड़ी समस्या बन गया है। बताया कि सुबह का यही समय दिन की सबसे व्यस्त घड़ी होती है, जब हर घर में भागदौड़ चलती है, बच्चों को स्कूल भेजना, नौकरी या व्यापार के लिए तैयारी करना। ऐसे में बिजली जाने से पूरा कामकाज ठप पड़ जाता है। छात्राओं का अंधेरे में तैयार होकर निकलना खतरे से खाली नहीं है। गलियों और रास्तों में स्ट्रीट लाइटें बंद होने से किसी अप्रिय घटना की आशंका बनी रहती है। जनमानस की गंभीर समस्या को देखते हुए विद्युत कटौती सुबह 05 बजे से 10 बजे तक और शाम 05 बजे से रात के 10 बजे तक किसी भी हाल में कटौती नहीं की जाए। जनमानस की परेशानी को देखते हुए तत्काल विद्युत शेड्यूल बदला जाए। ज्ञापन में प्रदेश युवा उपाध्यक्ष शाह आलम मंसूरी, जिलाध्यक्ष सागर गुप्ता, प्रभात कृष्णा, मो‍ि. हत, अमोल शर्मा, रितिक वार्ष्णेय, शुभम अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**चन्दौसी।** रविवार को नगर के एफ.आर. इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला स्काउट गाइड कमिश्नर संगीता भार्गव ने स्काउट गाइड के द्वारा बनाए हुए टेंट का निरीक्षण किया एवं उनसे परिचय प्राप्त किया। विद्यालय के स्काउट गाइड प्रभारी वाहिद हुसैन ने



बताया कि यह प्रथम सोपान का प्रशिक्षण कार्यक्रम था। प्रशिक्षण के कार्यक्रम को डी.ओ.सी. मीना सिंह एवं उनके एक साथी ने स्काउट एवं गाइड को प्रशिक्षित किया। मुख्य अतिथि संगीता भार्गव ने स्काउट एवं गाइड को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट एवं गाइड अनुशासित रहते हुए समाज में जरूरतमंद लोगों की निस्वार्थ सेवा करने का काम करते हैं। स्काउट एवं गाइड को सुझाते हुए बताया कि आपको द्वितीय एवं तृतीय सोपान को पूर्ण करके आगे बढ़ाना है। स्काउट एवं गाइड से मिले हुए प्रमाण पत्र आगे जीवन में काम आते हैं। प्रधानाचार्य वसीमउद्दीन ने स्काउट एवं गाइड को समाजसेवा का संदेश दिया। विद्यालय में पधारे मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए सभी अपने साथी सहयोगियों शाजिया खानम, प्रशिक्षक मीना सिंह भावना गुप्ता, राशि त्यागी, नजमा, अब्दुल जाहिद एवं समस्त स्टाफ का धन्यवाद दिया।

# एसआईआर गणना प्रपत्र को लेकर मतदाताओं को सपा विधायक ने किया जागरूक



**बिलारी।** सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने रविवार को क्षेत्र के गांव पीपली चक, बिचौला ढूकी समेत नगर बिलारी के अनेक बूथों पर पहुंचकर एसआईआर गणना प्रपत्र भरे जाने को लेकर जागरूक किया। इस दौरान नगर बिलारी में एसआईआर को लेकर बीएलओ द्वारा लगाए गए कैंप में पहुंचे सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि 2003 की वोटर लिस्ट में जिन मतदाताओं का डाटा मिल रहा है उन्हें केवल गणना प्रपत्र भरकर देने हैं, इसके अलावा जिनका डाटा नहीं मिल पा रहा है, तो वह अपने माता-पिता, दादा-दादी का ब्यौरा 2003 की लिस्ट से उपलब्ध करा दे। इस दौरान समाजवादी पार्टी के बीएलए हप्पू राजा, मुनाजिर, मौहम्मद शफीक, हाजी गुडडू, इसरार, वसीम, शफीक मौहम्मद आसिफ, तसलीम अहमद, मास्टर इस्लाम, जरीफ अंसारी, अफजाल अहमद आदि का सहयोग रहा। इस अवसर पर अंसार आलम, यामीन, मुबस्सिर आलम, शादाब आदि बीएलओ भी मौजूद रहे।

# रामलीला मैदान में 17वें विशाल जागरण का आयोजन

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** बम बटक एकता मंच के तत्वाधान में नगर के श्री रामलीला मैदान में मां भगवती के 17 वें भव्य विशाल जागरण का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ अति विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व विधायक पुत्र मुकेश माहेश्वरी और विशिष्ट अतिथि भाजपा के पूर्व मंडलाध्यक्ष राजपाल सिंह प्रजापति ने हिमाचल प्रदेश ज्वाला देवी मंदिर से लाई गई अखंड जोत स्थापित कर और भावेश शर्मा ने पूजन कराकर कराया।

गणेश वंदना और उनकी सुंदर झांकी के पश्चात आशीष जागरण एंड पार्टी की ओर से आए गायक कलाकार विवेक शर्मा दिल्ली, ओमकार देवा मुरादाबाद और रविंद्र नायक दिल्ली ने तमाम भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया। दारा आर्ट ग्रुप के कलाकारों ने भगवान गणेश, श्रीराम दरवार, वीर हनुमान, मां काली तंडव, शिव-पार्वती विवाह, मां सती की लीला, धानू भगत की लीला, पूतना वध की लीला, लक्ष्मण मूर्छा लीला आदि की झांकियां और नृत्य प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। तारा रानी की कथा, मां दुर्गा आरती कर कन्याओं के पूजन के बाद जागरण का समापन किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ प्राप्त किया। आयोजकों ने अतिथियों और सहयोगियों




को सम्मानित किया। सुरक्षा व्यवस्था में एसएचओ कांठ सुदेश पाल सिंह, एसआई संजीव कुमार आदि फोर्स के साथ रहे।व्यवस्था में बम बटक एकता मंच के अध्यक्ष डॉ. देवराज सिंह, उपाध्यक्ष गौरव कुमार, अरविंद कुमार, मीडिया प्रभारी पंकज कुमार, मुकुल भुइयार छोटू, मनोज कुमार, नीरज कुमार, विनोद प्रजापति, डॉ. त्रिवेद भुइयार, राधेश्याम भुइयार, नीरज भुइयार, हिमांशु गोला, हेमंत कुमार, नितिन कुमार, गणेश कुमार, अनुभव, पप्पू प्रजापति, अंकित शर्मा, निशांत कुमार, रनवीर सिंह, विरेंद्र विश्नोई, सचिन कुमार, जितेंद्र चौहान, मुकुल कुमार, अमित कुमार, सुशांत कुमार, राजकुमार सिंह नन्हें आदि का सहयोग रहा।

# आईएफटीएम में 'एग्रीकल्चर एंड एलाइड साइंसेज में कॅरियर की संभावनाएं' विषय पर सेमिनार का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज एंड इंजीनियरिंग द्वारा कृषि विद्यार्थियों को कृषि क्षेत्र में रोजगार के विभिन्न अवसरों की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ''एग्रीकल्चर एंड एलाइड साइंसेज में कॅरियर की संभावनाएं'' विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने सेमिनार के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कृषि के क्षेत्र में रोजगार की असीम संभावनाएं हैं। सेमिनार के मुख्य वक्ता व आईसीएआर- भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली के प्रिंसिपल साइंटिस्ट प्रोफेसर यशवीर सिंह शिवाय ने कृषि छात्र-छात्राओं को प्राइवेट सेक्टर्स जैसे कि सिंजेंटा, मोनसेंटो, बॉयर, टेक्सटाइल कंपनीज एवं फूड सेक्टर की कंपनियों में रोजगार के अवसरों की जानकारी दी। प्रो. शिवाय ने वैश्विक कॅरियर संभावनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।



उन्होंने गवर्नमेंट सेक्टर जैसे कि एग्रीकल्चर फील्ड ऑफिसर, कॉटन कॉरपोरेशन, सिल्क बोर्ड, नाबार्ड, कृषि तकनीक सहायक मिल्क इंस्पेक्टर, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी इत्यादि के बारे में रोजगार के अवसरों पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने बताया कि कृषि के अन्य क्षेत्रों जैसे कि मुर्गी पालन, मछली पालन, सूअर पालन इत्यादि के रिसर्च क्षेत्रों में रोजगार के बहुत ही सुनहरे अवसर प्राप्त किए जा सकते हैं। प्रो. शिवाय ने बताया कि छात्र-छात्राएं जेआरएफ एवं एसआरएफ जैसी छात्रवृत्ति के लिए तैयारी करने के साथ-साथ अपने पाठ्यक्रम को भी पूरा कर सकते हैं। प्रो. शिवाय ने एक बहुत ही महत्वपूर्ण कथन प्रस्तुत किया 'कृषि की खोज सभ्य जीवन की ओर पहला बड़ा कदम था' इसका तात्पर्य यह था कि वर्तमान में हमारे पड़ोसी देशों में भोजन के लिए युद्ध हो रहे हैं, परंतु भारत देश इस परेशानी से कोसों दूर है, क्योंकि भारत ने अपने कृषि के क्षेत्र को इतना विकसित कर लिया है कि भविष्य में भी उसे इस प्रकार की किसी भी समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा। इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज एंड इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने मुख्य वक्ता प्रो. शिवाय को पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत करते हुए बताया कि प्रो. शिवाय द्वारा सबसे पहले भारत एवं विश्व की अर्थव्यवस्था में कृषि के योगदान के बारे में अवगत कराया गया। उन्होंने यह भी कहा कि भारत देश में आय का मुख्य साधन कृषि ही है और हम कृषि में इतने सक्षम हैं कि हमें किसी अन्य देश पर निर्भर नहीं रहना पड़ता है। सेमिनार के अंत में कार्यक्रम के संयोजक व एग्रीकल्चर साइंसेज एंड इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश पाल ने सभी उपस्थितों के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया। सेमिनार का संचालन आयोजन सचिव व स्कूल की शिक्षिका डॉ. अक्षिता बिष्ट द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षकों, शोधार्थियों के अलावा से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# यातायात नियमों के प्रति किया जागरुक



**चन्दौसी।** यातायात माह नवंबर-2025 के अंतर्गत संचालित सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक संभल के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी यातायात व प्रभारी यातायात के नेतृत्व में रविवार को बहजोई में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान आमजन एवं वाहन चालकों को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा उपायों तथा विभिन्न सड़क संकेतों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। लोगों को हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, सुरक्षित गति, ओवरलोडिंग से बचने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जागरूक किया गया। साथ ही सड़क दुर्घटना की स्थिति में घायल व्यक्ति की तुरंत सहायता करने के लिए प्रेरित किया गया तथा राहवीर योजना की विस्तृत जानकारी दी गई, जिसके तहत दुर्घटना पीडिघ्त की मदद करने वाले व्यक्ति को विधिक सुरक्षा एवं प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है। उपस्थित जनसमूह ने कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने का संकल्प लिया, जबकि टीम ने सभी को सुरक्षित एवं जिम्मेदार यातायात व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# मतदाताओं में जागरूकता की कमी पड़ रही बीएलओ को भारी

**कांठ (शाह टाइम्स)।** मतदाताओं में जागरूकता की कमी बीएलओ की मुसीबत का कारण बन रही है मतदाताओं द्वारा किए जाने वाला काम भी खुद बीएलओ को करने के कारण भारी उलझनों का सामना करना पड़ रहा है। बतादे कि इस समय उत्तर प्रदेश में एसआईआर चल रहा है जिसका समय 4 नवंबर से 4 दिसंबर निर्धारित किया गया है इस काम में बीएलओ को लगाया गया है।

बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्र घर-घर दिए जाने हैं और मतदाताओं को वह प्रपत्र भरकर बीएलओ को वापस करने हैं इसके बाद यदि उनमें कोई कमी पाई जाती है तो उसके लिए चुनाव कार्यालय से नोटिस जारी होना है और नोटिस में मांगे गए प्रपत्र मतदाता को संबंधित बीएलओ तक पहुंचाने है लेकिन काफी मतदाताओं को तो अभी एस आई आर की जानकारी ही नहीं है और जिन्हें जानकारी है उन्हें यह पता नहीं की प्रपत्र में भरना क्या है और अगर भर भी दिया तो 2003 की मतदाता सूची उनके पास उपलब्ध न होने के कारण उनके द्वारा भरा गया गणना प्रपत्र अधूरा है इस काम को भी पूरा करने की जिम्मेदारी बीएलओ पर आ गई है बीएलओ पहले घर-घर जाकर फॉर्म देते हैं उसके बाद वह फॉर्म वापस लेते हैं और फिर 2003 की सूची से मिलान करके वह उन प्रपत्र को भरकर फिर उसे ऑनलाइन दर्ज करने का काम कर रहे हैं। जिसकी वजह से स्कूलों में शिक्षण कार्य तो प्रभावित हो ही रहा है बीएलओ को भी भारी उलझन का सामना करना पड़ रहा है कुछ जानकार लोगों का कहना था कि जिस तरह से बीएलओ को संबंधित प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी जाती है यदि उनके साथ-साथ ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सदस्यों को भी इस संबंध में जानकारी देकर जिम्मेदारी दी जाए तो वह अपने-अपने ग्राम पंचायत और अपने-अपने वार्डों में जाकर मतदाताओं को जागरूक करने के साथ-साथ प्रपत्र भरवाने में भी सहयोग करें इससे इस कार्य में तेजी भी आ सकती थी और बीएलओ की परेशानी भी कुछ काम हो सकती थी। फिलहाल बीएलओ पूरी तरह से एस आई आर में उलझ चुके हैं।

# सहालग के चलते बाजारों में भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शादियों के सहालग के चलते नगर के बाजारों में खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ रही है, जिससे कई स्थानों पर जाम जैसी स्थिति बन गई। ज्ञात हो कि नवंबर माह में सर्वाधिक मांगलिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं, जिनमें बड़ी संख्या में विवाह समारोह सम्पन्न किए जाते हैं। शहर की लगभग सभी धर्मशालाएं, रिसॉर्ट, फार्महाउस और बैंकट हाल पूरी तरह बुक चल रहे हैं।

बढ़ते विवाह समारोहों के कारण बाजारों में भी खरीदारों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। वहीं भीड़ प्रबंधन के लिए यातायात पुलिस द्वारा कुछ व्यस्ततम मार्गों पर ई-रिक्शाओं का संचालन अस्थायी रूप से रोका गया।

# रेलवे फाटक बना जी का जंजाल लंबी दूरी का सफर तय करके पकड़ी लोगों ने मंजिल

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** थाने के सामने स्थित रेलवे फाटक लोगों के जी का जंजाल बन गया आज लोगों ने अतिरिक्त सफर तय करके अपनी मंजिल पूरी की है बतादे की गन्ना सीजन शुरू होते ही रेलवे फाटक पर जाम लगना आम बात हो गई है इससे पहले लोगों को सड़क चौड़ीकरण के चलते जाम का सामना करना पड़ा था लेकिन मुख्य मार्ग पर चौड़ीकरण के काम में तेजी लाने के बाद थोड़ी सी जाम से राहत मिली लेकिन अब रेलवे फाटक, जाम के मामले में लोगों के लिए परेशानी लेकर आ गया आज दोनों ओर से लंबी-लंबी वाहनों की लाइन लग गई बड़ी संख्या में वाहन जिस मार्ग पर थे वहीं से वापस हो गए पेली बिश्नोई के रेलवे फाटक का रुख किया तो वहां पर रेलवे लाइन पर काम चलने के कारण आवागमन पूरी तरह बंद मिला। इससे वाहन चालकों की परेशानी और बढ़ गई स्योहारा की तरफ जाने वाले वाहन चालकों को ग्रामीण क्षेत्र से गुजरने वाली सड़कों से निकलने



को मजबूर होना पड़ा जबकि कुछ वाहन रसूलपुर नहर के किनारे होकर अपने गंतव्य को रवाना हुए मुख्य मार्ग भी जाम होने के कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा लोगों ने रेलवे फाटक पर एक बार फिर ओवर ब्रिज बनवाए जाने की मांग उठाई और कहा कि रेलवे विभाग को वैकल्पिक व्यवस्थाओं के सहारे आवागमन सुचारू करना चाहिए।

# पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज में फायर मॉक ड्रिल का आयोजन, 1470 प्रशिक्षुओं ने लिया हिस्सा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज, मुरादाबाद में रविवार को व्यापक फायर मॉक ड्रिल एवं इवैक्यूएशन ड्रिल का आयोजन किया गया। यह अभ्यास अपर पुलिस महा. निदेशक के आदेश एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व मुख्य अग्निशमन अधिकारी (CFO) डॉ. आर.के. पांडेय ने किया। मॉकड्रिल में कुल 1470 प्रशिक्षुओं ने प्रतिभाग कर आग लगने की स्थिति में तत्परता, जागरूकता और सुरक्षित निकासी की प्रक्रिया का अभ्यास किया।



ड्रिल के दौरान काल्पनिक आग की स्थिति निर्मित कर प्रशिक्षुओं को बताया गया कि किस प्रकार बिना घबराए निर्धारित मार्गों से सुरक्षित बाहर निकला जाए, प्रारंभिक आग पर नियंत्रण कैसे किया जाए तथा रेस्क्यू ऑपरेशन किस प्रकार संचालित होता है।प्रशिक्षण के दौरान थ्ै० मोहित कुमार और स्वतंत्र कुमार अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। उन्होंने प्रशिक्षुओं को विभिन्न प्रकार के अग्निशामक यंत्रों के उपयोग, आग की तीव्रता के आधार पर उपयुक्त तकनीक के चयन तथा आपदा प्रबंधन के मूल सिद्धांतों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अग्निशमन स्टाफ ने लाइव डेमो के माध्यम से दिखाया कि गैस सिलेंडर में आग लगने, शॉर्ट सर्किट या भवन में धुआं फैलने जैसी स्थितियों में प्राथमिक कदम क्या होने चाहिए।ड्रिल का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षुओं को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने में दक्ष बनाना, त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता विकसित करना और आगजनी की घटनाओं में जोखिम को न्यूनतम करना था। अधिकारियों का कहना है कि ऐसी नियमित मॉक ड्रिल्स सुरक्षा मानकों को मजबूत करने के साथ-साथ प्रशिक्षुओं में आत्मविश्वास भी बढ़ाती हैं।कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और प्रशिक्षुओं ने इस प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताया।

# अधिकारियों द्वारा तमाम शिकायतों के बाद भी मंदिर की भूमि की पैमाइश नहीं

## अभिलेखों में रकबा मौके पर कम, मुख्यमंत्री पोर्टल पर फिर से शिकायत

**ठाकुरद्वारा।** नगर में ठाकुरद्वारा-मुरादाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित प्राचीन एवं प्रसिद्ध श्री शिव मढ़ी मंदिर की अभिलेखों में दर्ज भूमि पर फिर से स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों ने मंदिर की भूमि की आधी अधूरी पै माइस कराये जबरन आयुर्वेदिक चिकित्सालय का निर्माण फिर से शुरू करा दिया है। जिससे क्षेत्र के लोगों में आक्रोश फिर से बढ़ने लगा है । धर्म प्रेमियों ने इसकी शिकायत एक बार फिर से जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ- साथ मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा कर कहां है कि मंदिर की भूमि अभिलेखो मे दर्ज होने के बावजूद भी स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी जबरन मंदिर की भूमि पर अवैध रूप से आयुर्वेदिक चिकित्सालय का निर्माण कराने पर उतारू है । जबकि उक्त भूमि अभिलेखों में दर्ज रक्वे से मंदिर की मौके पर भूमि कम है । स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों से कई बार लिखित रूप में मंदिर की भूमि की पैमाइश की मांग की। लेकिन राजस्व विभाग की टीम ने आज तक मंदिर की



भूमि की मौके पर जाकर आधी अधूरी पेमाइश की जो आज तक पूरी नहीं हो सकी । शिकायतकर्ताओं का कहना है कि आयुर्वेदिक चिकित्सालय का निर्माणमणि मंदिर की गाटा संख्या 595 रकबा 0376 हेक्टर कराया जा रहा है ,जबकि उसी के बराबर में गाटा संख्या 595 ग बंजर झाड़ी रकवा वरावर मे मौजूद है । शिकायतकर्ताओं का कहना है कि उसे सरकारी भूमि पर स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों की मिली भगत से अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण करा दिया गया है । बताते चलें कि इससे पूर्व भाजपा के जिला अध्यक्ष आकाश पाल पूर्व अध्यक्ष राजपाल सिंह , सत्यपाल सिंह सैनी, आदि ने उप मुख्यमंत्री से भी शिकायत दर्ज कराई गई थी । यहां तक की मंडल आयुक्त को शिकायत पत्र देकर निष्पक्ष कार्यवाही की मांगकी थी । दो-तीन महीने मामला शांत रहा । स्थानीय प्रशासनिकअधिकारियों के इशारे पर अस्पताल का निर्माण शुरू कर दिया गया । जिसमें मिट्टी का भरान ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा हैजिससे मंदिर कमेटी के अतिरिक्त नगर के आसपास के क्षेत्र विभिन्न संगठनों के लोगों मैं आक्रोश व्याप्त होने लगा है । मंदिर की भूमि को बचाने के लिए रणनीति तैयार शुरू कर दी है। किंतु भौतिक सत्यापन में स्कूल के बराबर में एक चकरोड भी चल रही है, जो कि राजस्व नक्शे में नहीं है। संभवत नगर पालिका कि उक्त भूमि इस रास्ते में ही निकल गई है, किंतु इसका नक्शे में एवं खसरा, खतौनी में दूरस्तीकरण नहीं हुआ है। इस अवैध निर्माण प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई करने को कहा मंदिर भूमि के संबंध में भाजपा का शिष्ट मंडल ने आयुक्त आनंद जय सिंह को भी इस निर्माण कार्य के संबंध में जानकारीदी थी।

संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम ठाकुरद्वारा को ज्ञापन दिया गया था, लेकिन उन्होंने कोई उचित कार्यवाही नहीं की। इस संबंध में राजेंद्र पांडे पूर्व सभासद ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर फिर से शिकायत दर्ज कराई है। और निर्माण कार्य को रोके जाने की मांग की है । नगर पालिका ठाकुरद्वारा भी लगभग इस संबंध में एसडीएम ठाकुरद्वारा को एक लेटर लिखकर अस्पताल के निर्माण से पूर्व इस भूमि को चिन्हित किए जाने को लिख चुकी है। किंतु एसडीएम कार्यालय में नगर पालिका के लेटर को ठंडे बस्ते में डाले बिना भूमि को चिन्हित किये अस्पताल का निर्माण कार्य फिर से शुरू कर दिया । शिष्ट मंडल ने आयुक्त महोदय कोशिकायती पत्र देकर नगर ठाकुरद्वारा में कई भू माफिया म ढी मंदिर की भूमि पर निगाह लगाएं बैठे हैं। उन्होंने भूमाफियाओं के विरुद्ध कार्यवाही करने का आश्वासन दिया था श्री शिव मढ़ी मंदिर सेवा ट्रस्ट कार्यकर्ताओं ने उच्च अधिकारियों से अस्पताल निर्माण से पूर्व सही भूमि चिन्हित किए जाने की मांग की थी। लेकिन अधिकारियों ने अपनी मनमर्जी से मंदिर की भूमि पर अस्पताल निर्माण कार्य फिर से शुरू कर दिया है । कमलेश कुमार ,राजेंद्र पांडे, संजीव सिंघल, रचित अग्रवाल ,एवं श्री शिव मढ़ी मंदिर सेवा ट्रस्ट के संजय सिंघल, अनुराग सिंघल ,अभिषेक अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, राकेश गोयल, संजीव अग्रवाल आदि ने उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर निष्पक्ष जांच कराए जाने तक निर्माण कार्य को रोके जाने की मांग की है ।

# बारात में आईक्रिम स्टाल पर जमकर चले लाठी-डंडे और कर्सियां, दूल्हे के भाई सहित कई लोग घायल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** जसपुर मार्ग स्थित एक मैरिज हाल में खाने के दौरान आईक्रिम को लेकर आइक्रिम स्टाल संचालक और बरातियों में कहासुनी के बाद जमकर , लाठी डंडे, बैल्ट और कर्सियों चली। इस मारपीट में स्टाल संचालक व उसके दो साथी , और बरातियों में दूल्हे का भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। मारपीट के दौरान बरात में अफरा तफरी मच गई। दोनों पक्षों ने पुलिस को एक दूसरे के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। नगर के मोहल्ला बिजली घर के पीछे निवासी वसीम पुत्र शरीफ बहेड़ावाला निवासी शाहवेज , वार्ड 09 निवासी कासिम पुत्र निजाजमुददीन , शादी समारोह के दौरान आईक्रिम का कार्यक्रय करते है। रविवार को थाना डिलारी के गांव कांकरखेड़ा निवासी एक युवक की बरात कोतवाली के ग गांव मलपुरा लक्ष्मीपुर में आयी थी। बरात के रूकने की व्यवस्था जसपुर रोड स्थित मैरिज हाल में थी। बराती खाना खाने लगे। खाना खाते हुए जब दूल्हे का भाई अपने साथियों के साथ आईक्रिम स्टाल पर पहुंचे तो वहा भीड़ अधिक होने के कारण आईक्रिम देने वाले वसीम से कुछ देर हो गई। इस बात से नाराज दूल्हे के भाई ने आईक्रिम स्टाल पर आईक्रिम देने वाले युवक के साथ गाली गलौज करते हुए गला पकड़कर मारना पीटना शुरू कर दिया। मारपीट के दौरान बरात में अफरा तफर मच गई। मारपीट की सूचना पर शाहवेज , कासिम भी मौके पर पहुंचें।

आरोप है कि बरातियों ने शाहवेज , कासिम और वसीम को बुरी तरह लाठी डंडो और बेल्टों से मारपीट की और जमकर कुर्सियां भी चली। इस मारपीट में दोनों पक्षो के दूल्हे के भाई सहित चार गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों पक्षों ने कोतवाली पहुंचकर एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

# 60 वर्षीय महिला लापता, बेटी ने थाना कटघर में दर्ज कराई गुमशुदगी

**मुरादाबाद।** थाना कटघर क्षेत्र अंतर्गत सूरजनगर रामपुर रोड में रहने वाली 60 वर्षीय महिला नारायण देवी के लापता होने से परिजनों में चिंता का माहौल है। उनकी बेटी राजवती ने थाना कटघर में पहुंचकर मां की गुमशुदगी दर्ज कराते हुए बरामदगी की गुहार लगाई है। राजवती ने पुलिस को बताया कि उसकी मां नारायण देवी पत्नी राजकुमार, निवासी सूरजनगर, गुलाबबाड़ी चुंगी, रामपुर रोड, दिनांक 11 अक्टूबर 2025 की दोपहर अचानक घर से लापता हो गई थीं। उन्होंने पहले परिवार और आसपास के इलाकों में उनकी तलाश शुरू की, लेकिन कई दिनों की खोजबीन के बावजूद नारायण देवी का कोई सुराग नहीं मिला।परिजनों ने रिश्तेदारों, परिचितों और पड़ोसियों से भी संपर्क किया, परंतु किसी ने उन्हें कहीं आते-जाते नहीं देखा। राजवती ने बताया कि उसने कई वृद्ध आश्रमों में जाकर भी तलाश की, लेकिन वहां भी मां के बारे में कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई। लगातार प्रयासों के बाद भी जब सफलता नहीं मिली तो उन्होंने पुलिस की मदद लेने का निर्णय लिया।थाना कटघर पुलिस ने महिला की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने, संभावित स्थानों पर खोजबीन करने और परिजनों से विस्तृत जानकारी एकत्र करने में जुटी है।परिजनों ने आशंका जताई है कि मां किसी मान. सिक तनाव या भूलने की बीमारी के कारण रास्ता भटक सकती हैं। राजवती ने आमजन से भी अपील की है कि यदि किसी को नारायण देवी दिखाई दें या उनके बारे में कोई जानकारी मिले तो तत्काल थाना कटघर या परिवार से संपर्क करें।फिलहाल पुलिस महिला की तलाश में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है और उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही नारायण देवी का पता लगाया जा सकेगा।

# शांति भंग के आरोप में दो गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** मामूली कहासुनी के दौरान मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनो पक्षो के दो व्यक्तियों का शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार एसडीएम न्यायालय में पेश किया। कोतवाली क्षेत्र के गांव बोवदवाला निवासी विशाल पुत्र महेंद्र सिंह व योगेंद्र पुत्र विक्रमम सिंह के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। रविवार को पुलिस ने दोनों का शांति भंग के आरोप में चालान कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया। जहां पर एसडीएम ने सुनवाई के उन्हे जमानत पर छोड़ दिया है।

# आठवीं की छात्रा से अधेड़ ने की छेड़खानी, सीसीटीवी में कैद हुई घटना



**मुरादाबाद।** जनपद में मनचलों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला मुगलपुरा थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है, जहां 8वीं कक्षा की 13 वर्षीय छात्रा से अधेड़ आदमी ने छेड़खानी की। घटना उस समय हुई जब छात्रा स्कूल से घर लौट रही थी। आरोप है कि अधेड़ व्यक्ति ने छात्रा को दीवार और साइकिल के बीच दबाकर उससे अश्लील हरकत की। छेड़खानी की यह पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में आरोपी द्वारा किए जा रहे कृत्य साफ दिखाई दे रहे हैं। यही वीडियो अब सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र में आक्रोश फैल गया है। स्थानीय लोग इस घटना को नगर में बढ़ते मनचलों के आतंक से जोड़कर देख रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद लोगों ने आरा. ेपी पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच में जुट गई है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश तेज कर दी गई है। इस घटना ने एक बार फिर शहर में छात्राओं की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

# ब्रांच करनपुर चौराहा में हुआ मासिक सत्संग का आयोजन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**करनपुर।** संत निरंकारी मिशन की शाखा ब्रांच करनपुर चौराहा में निरंकारी मासिक संत समागम का आयोजन हुआ इस समागम में मुरादाबाद से आए प्रचारक बाबूराम ने अपने प्रवचनों में कहा की सत्संग ही वह आधार है जो रूहानियत और इंसानियत को आपस में जोड़कर भक्तिमय जीवन का मार्ग दिखाता है श्रद्धा, विश्वास और समर्पण तो भक्ति के आवश्यक अंग हैं जो बिना सत्संग के पक्के नहीं होते सत्संग से सीख पाकर ही मानव मानवता के पथ पर आगे बढ़ता है उन्होंने कहा कि संत महात्मा गुरु पीर पैगंबर मानव को स्वार्थ से हटाकर परमार्थ से जोड़ने का प्रयास करते हैं जो परहित से जुड़ गया वह सही मायने में मानव बन गया परहित से जुड़ने के लिए परमार्थ से जुड़ना अति आवश्यक है

प्रभु से जुड़कर जो जीवन को प्रेममय बना लेता है वही संसार में प्रेम बांटने वाला बन जाता है आज संसार में प्रेम की कमी है। प्रेम से ही प्रेम को पाया जा सकता है प्रेम के आदान-प्रदान से ही मानव मानव के बीच एकता कायम हो सकती है इसलिए आज संसार में एकरूपता ही कि नहीं एकता की जरूरत है सत्संग में स्टेज संचालन राजवीर सिंह ने किया सत्संग में कवि दरबार का भी आयोजन किया गया जिसमें धर्मपाल सिंह ज्योति, अमित कुमार, रामवीर सिंह आदि कवियों ने अपनी अपनी कविता सभी के समक्ष रखी इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ बाबू सिंह ,त्रिवेणी शंकर कमल कुमार ,महेंद्र सिंह, संदीप कुमार, रमेश भारती, कोमल सिंह, सुभाष कुमार ,पूरन सिंह, खिलेंद्र सिंह, विनोद कुमार, राजकुमार अमन कुमार ,भजन सिंह, चंद्रपाल सिंह,ग्राम पंचायत करनपुर की ग्राम प्रधान रेखा देवी, अनीता देवी, कमलेश देवी, नीतू देवी, मोनिका देवी, सविता देवी सीमा देवी,ज्योति सिंह, अवनी आस्था वंशिका आदि उपस्थित रहे सत्संग के पश्चात उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने लंगर का प्रसाद बड़े ही श्रद्धा पूर्वक ग्रहण किया।

# रिजर्व पुलिस लाइन में पौधारोपण कार्यक्रम किया गया आयोजित, वरिष्ठ अधिकारियों ने लगाए पौधे

**मुरादाबाद।** रिजर्व पुलिस लाइंस में रविवार को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर बड़ी संख्या में मौजूद कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत डीआईजी मुनिराज जी, एसएसपी सतपाल अंतिल तथा एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार ने पीपल, पाखड़ और बरगद जैसे महत्वपूर्ण व पर्यावरणीय दृष्टि से उपयोगी पौधे रोपित कर की।पौधारोपण कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी लाइन राजेश कुमार, सीओ कोतवाली सुनीता दहिया, नारी एवं बाल उत्थान समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी अधिकारियों और कर्मियों ने पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ पूरे परिसर में बड़ी संख्या में पौधे लगाए।इस अवसर पर एसएसपी सतपाल अंतिल ने बताया कि रिजर्व पुलिस लाइन में किया गया यह बड़े स्तर का पौधारोपण कार्यक्रम न केवल परिसर को



हराभरा बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि समाज को पर्यावरण सुरक्षा का संदेश देने का भी माध्यम है। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है कि हम केवल अपने लिए ही नहीं, बल्कि पशु-पक्षियों और आने वाली पीढ़ियों के लिए भी पर्यावरण को बेहतर बनाने का संकल्प लें।उन्होंने कहा कि पीपल, बरगद और पाखड़ जैसे पौधे ऑक्सीजन की अधिक मात्रा उत्पन्न करते हैं और पर्यावरण संतुलन के लिए बेहद उपयोगी हैं। ऐसे पौधों का रोपण पुलिस लाइन के वातावरण को और अधिक स्वच्छ, शांत व प्राकृतिक बनाएगा।कार्यक्रम के दौरान पुलिसकर्मियों में विशेष उत्साह देखने को मिला और सभी ने पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लिया। पौधारोपण के बाद परिसर में हरियाली बढ़ाने तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने पर सहमति व्यक्त की गई।

# रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित हुआ भव्य नि:शुल्क मेडिकल कैंप, 15 से अधिक डॉक्टरों ने की जांच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नारी एवं बाल उत्थान समिति के तत्वावधान में रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों और उनके परिवार. जनों के लिए नि:शुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य जागरूकता और पुलिस बल के कल्याण हेतु आयोजित इस कैंप का शुभारंभ पुलिस डीआईजी मुनि. राज जी तथा वरिष्ठ एसएसपी सतपाल अंतिल ने संयुक्त रूप से किया। कैंप में 15 से अधिक चिकित्सकों ने अपनी सेवाएँ प्रदान कीं। प्रमुख रूप से डॉ.आशी खुराना, डॉ. राजकपूर, डॉ. यूसुफ खान, डॉ. प्रतीक गर्ग, ऋचा अग्रवाल और अर्जुन टंडन सहित चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम ने पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके





परिजनों के स्वास्थ्य की विस्तृत जांच की। डॉक्टरों ने रक्तचाप, शुगर, हृदय रोग, नेत्र परीक्षण, सामान्य रोगों की जांच और परामर्श उपलब्ध कराया। जरूरतमंदों को वहीं पर आवश्यक दवाएं भी नि:शुल्क वितरित की गईं।कैंप के उद्घाटन के दौरान डीआईजी मुनिराज जी ने कहा कि पुलिस कर्मी लगातार व्यस्त दिनचर्या और तनावपूर्ण परिस्थितियों में काम करते हैं, ऐसे में नियमित स्वास्थ्य जांच अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नारी एवं बाल उत्थान समिति द्वारा किए गए इस सामाजिक पहल की सराहना की। एसएसपी सतपाल अंतिल ने भी स्वास्थ्य शिविर को पुलिस परिवार के लिए बेहद उपयोगी बताते हुए भविष्य में ऐसे और कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करने की बात कही।कार्यक्रम का आयोजन समिति के अध्यक्ष मुकुल अग्रवाल (एडवोकेट) के सौजन्य से किया गया। उनके निर्देशन में संचालित टीम ने पूरे कैंप में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और लोगों को जरूरी चिकित्सकीय सहायता सुनिश्चित की। आयोजन में एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार, क्षेत्राधिकारी लाइन राजेश कुमार, कई सीओ, इंस्पेक्टर और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सम्बंध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र शोभित को उसके गलत चाल-चलन के कारण उससे अपने व अपने अन्य परिजनों के सभी सम्बंध विच्छेद कर उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, मेरा व मे किसी भी परिजन का अब पुत्र शोभित से कोई सम्बंध या वास्ता-सरोकार नहीं है। जो भी व्यक्ति पुत्र शोभित से किसी भी प्रकार का कोई सम्बंध या वास्ता-सरोकार या लेन-देन के व्यवहार रखेगा तो उसके लिए यह व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा, मैं या मेरा कोई भी परिजन शोभित के किसी भी कृत्य के लिए जिम्मेदार नहीं हैं।

**जगवती पत्नी स्व. जय सिंह निवासी- ग्राम सिहोरा बाज मूंडापाण्डे, जिला मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# द. अफ्रीका ने भारत को हराया



● कप्तान बावुमा नाबाद 55 की जुझारू पारी, हार्मर के चार विकेट व यानसन और महाराज दो-दो विकेट की बदौलत जीता दक्षिण अफ्रीका

**कोलकाता, वार्ता।** कप्तान टेम्बा बावुमा (नाबाद 55) की जुझारू पारी के बाद साइमन हार्मर (चार विकेट), मार्को यानसन और केशव महाराज (दो-दो विकेट) की बेहत. रीन गेंदबाजी के दम पर विश्व चैंपियनशिप विजेता दक्षिण अफ्रीका ने पहले टेस्ट मैच में तीसरे ही दिन भारत को रविवार को 30 रनों से हरा दिया। 124 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत को तेज गेंदबाज मार्को यानसन ने भोजनकाल से पहले यशस्वी जयसवाल और केएल राहुल को सस्ते में निपटा दिया। भोजनकाल तक भारत ने दो विकेट पर 10 रन बना लिए थे। भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पहले ही ओवर में मार्को यानसन ने यशस्वी जयसवाल (शून्य) को विकेटकीपर काइल वेरेन के हाथों कैच आउट कराकर दक्षिण अफ्रीका पहली सफलता दिलाई।

इसके बाद उन्होंने तीसरे ओवर में केएल राहुल को भी उसी तरह आउट कराकर दिखाया कि बल्लेबाजों के लिए मुश्किल पिच पर वह आसानी से भारत को जीतने नहीं देंगे। भारत का तीसरा विकेट 15वें ओवर में ध्रुव जुरेल (13) के रूप में गिरा। उन्हें साइमन हार्मर ने आउट किया। इसके बाद तो दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे भारतीय बल्लेबाज बेबस नजर आए और तू चल मैं आया की तर्ज पर एक-एक कर पवेलियन लौटते चले गए। ऋषभ पंत (दो) और रवींद्र जडेजा (18) को हार्मर ने आउट किया। 31वें ओवर में एडन मारक्रम ने वॉशिंगटन सुंदर (31) को आउटकर भारत की मैच जीतने की उम्मीद को खत्म कर दिया। 35वें ओवर में केशव महाराज ने अक्षर पटेल (26) और मोहम्मद सिराज को आउटकर भारत की दूसरी पारी का 93 के स्कोर पर अंत कर दिया। केशव महाराज ने अपने ओवर में एक चौका और दो छक्के खाने के बाद अक्षर पटेल का शिकार किया। इससे पहले मोहम्मद सिराज (दो रन देकर दो विकेट) और जसप्रीत बुमराह (एक विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने सुबह के सत्र में भोजनकाल से पहले दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी को 153 रनों के स्कोर पर समेट दिया। कप्तान टेम्बा बावुमा (नाबाद 55) की जुझारू बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया और मुश्किल पिच पर भारत को जीत के लिए 124 रनों का लक्ष्य मिला। दक्षिण अफ्रीका ने कल के सात विकेट पर 93 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में टेम्बा बावुमा ने अपनी जुझारु बल्लेबाजी का परिचय देते हुए अपना अर्द्धशतक पूरा किया।

# 120-125 हमेशा जीत का स्कोर नहीं होता: बावुमा



● हमने चुनौतीपूर्ण बल्लेबाजी परिस्थितियों के बावजूद, टीम ने संयम बनाए रखने और सामने आए मौको का फायदा उठाने पर ध्यान केंद्रित किया

**कोलकाता, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने ईडन गार्डन्स में भारत पर अपनी टीम की रोमांचक पहली टेस्ट जीत की कुंजी के रूप में दृढ़ता और विश्वास के महत्व को रेखांकित किया और बताया कि कैसे दृढ़ संकल्प ने एक मामूली स्कोर को विजई प्रदर्शन में बदल दिया। मैच के बारे में बात करते हुए, बावुमा ने कहा कि ऐसा हर बार नहीं होता कि आप 120-125 का स्कोर बनाते हैं और आपको लगता है कि यह जीत का स्कोर है। यह बस खेल में बने रहने और विश्वास बनाए रखने का मामला था। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि चुनौतीपूर्ण बल्लेबाजी परिस्थितियों के बाव जूद, टीम ने संयम बनाए रखने और सामने आए मौकों का फायदा उठाने पर ध्यान केंद्रित किया।

ये टिप्पणियां दक्षिण अफ्रीका द्वारा ईडन गार्डन्स में दो मैचों की टेस्ट सीरीज़ के पहले मैच में भारत को 30 रनों से हराने के बाद की गईं। प्रोटियाज की पारी को महत्वपूर्ण साझेदारियों, खासकर कॉर्बिन बॉश और मार्को जेनसन के साथ, ने मजबूत किया, जिसने टीम को निर्णायक क्षणों में गति प्रदान की। बावुमा ने कहा कि बॉश के साथ और मार्को के साथ भी, उस साझेदारी ने हमें आज सुबह थोड़ा बेहतर खेलने के लिए प्रेरित किया। हमने जितना हो सके खेल में बने रहने की कोशिश की। बावुमा ने भारतीय परिस्थितियों के अनुकूल ढलने के अपने तरीके पर भी चर्चा की।उन्होंने कहा कि मैं यहां अच्छा प्रदर्शन करने की चाहत लेकर आया हूं। इन परिस्थितियों में मेरा रिकॉर्ड बहुत अच्छा नहीं है, इसलिए खुद को इन परिस्थितियों को सीखते हुए और उन सभी छोटी-छोटी चीज़ों को लागू करते हुए जिन्हें मैं आजमा रहा हूं और टीम के लिए योगदान देते हुए देखना मेरे लिए एक उत्साहजनक अनुभव रहा है। जिस तरह से मैंने खेला, वह सिर्फ़ एक जागरूकता थी कि उन्होंने कहा। उन्होंने अपनी तकनीक और निर्णय लेने की क्षमता पर भरोसा जताया और दबाव में प्रतिक्रिया देने के बजाय निरंत. रता पर ध्यान केंद्रित करने के महत्व पर ज़ोर दिया। बल्लेबाज़ी के नजरिए से, मैं अपने आप में, अपनी तकनीक में सहज हूं, ट्रिगरिंग और इस तरह की सभी चीज़ों की चिता नहीं करता। मुझे खेल की अच्छी समझ है, बावुमा ने आगे कहा। द.अफ्रीकी कप्तान ने गें. दबाजी इकाई, खासकर साइमन हार्मर और केशव की भी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रशंसा की। कहा कि इन दोनों से हमारा गेंदबाजी आक्रमण निश्चित रूप से मजबूत हुआ है।

# मैं स्टैट्समैन नहीं हूं विनमैन हूं: साइमन हार्मर

● दोनों पारियों में चार-चार विकेट लेने वाले हार्मर प्लेयर ऑफ द मैच बने

**कोलकाता, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका की भारत पर पहले टेस्ट में तीसरे ही दिन रविवार को 30 रन की जीत में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर ने खुद को स्टैट्समैन नहीं विनमैन बताया। दोनों पारियों में चार-चार सहित कुल आठ विकेट लेने वाले हार्मर अपनी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच बने।

प्रेजेंटेशन में हार्मर ने कहा कि टीम के लिए योगदान देकर अच्छा लग रहा है। जिस तरह से टीम ने प्रदर्शन किया वो यह दर्शाता है कि टीम को अपने ऊपर कितना विश्वास है। मैं स्टैट्समैन नहीं हूं, विनमैन हूं। टीम के लिए योगदान देकर अच्छा लग रहा है। हार्मर ने कहा कि जब हम बल्लेबाजी कर रहे थे तो हमें पता था कि हम मैच में वापस आने से एक साझेदारी दूर हैं और गेंदबाजी के दौरान भी हम यही सोच रहे थे कि एक अच्छी साझेदारी मैच को हमसे दूर ले जा सकती है। जडेजा, पंत और जुरेल के विकेट के दौरान मैं भाग्यशाली रहा। मैं पंजे के बारे में नहीं सोच रहा था, मुझे लगा कि शुभमन शायद बल्लेबाजी के लिए आएंगे लेकिन नौवां विकेट गिरने के बाद जब सभी जश्न मनाने लगे तो मैं शुरुआत में समझ ही नहीं पाया। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने कहा कि ऐसे मुक़ाबले का हिस्सा होना हमेशा खास होता है खास तौर पर जब आप जीतने वाली तरफ हैं।

# बल्लेबाजी के लिए और धैर्य की जरूरत थी: गंभीर



● दोनों टीमों को चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन यह ऐसी पिच थी, जहां तकनीक और धैर्य की परीक्षा हुई

**कोलकाता, वार्ता।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने रविवार को कहा कि ईडन गार्डन्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की पिच खेलने लायक थी और उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि भारतीय बल्लेबाजी के सामने चुनौतियां परिस्थितियों से ज्यादा तकनीक, धैर्य और मानसिक दृढ़ता से जुड़ी थीं। पहले टेस्ट में भारत की 30 रनों से हार के बाद गंभीर ने कहा कि विकेट ने रन बनाने के मौके दिए और बल्लेबाजों के कौशल के बजाय दबाव को झेलने की उनकी क्षमता का परीक्षण किया। उन्होंने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों से कहा कि यह खेलने लायक थी। दोनों टीमों को चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन यह ऐसी पिच थी जहां तकनीक और धैर्य की परीक्षा हुई, न कि ऐसी सतह जिस पर खेलना संभव न हो। गंभीर ने टेम्बा बावुमा, अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर जैसे खिलाड़ियों के प्रदर्शन का हवाला देते हुए कहा कि विकेट के टर्निंग स्वभाव के बावजूद रन बने। उन्होंने बताया कि पिच से टर्न तो मिल रहा था, लेकिन ज्यादातर विकेट तेज गेंदबाज़ों ने लिए, जिससे उनकी इस राय को बल मिला कि पिच ज्यादा मुश्किल नहीं थी। उन्होंने आगे कहा कि क्यूरेटर काफ़ी सहयोगी थे और पिच बिल्कुल वैसी ही थी जैसी हमें चाहिए थी। अगर आप धैर्य बनाए रखें और मजबूत डिफेंस और धैर्य रखें, तो आप रन बना सकते हैं। पूर्व सलामी बल्लेबाज़ ने भारत की बल्लेबाजी इकाई में अनुभव और मानसिक मजबूती की जरूरत पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि बल्लेबाजी इकाई को देखें तो ज्यादा अनुभव नहीं है। कौशल के अलावा, मानसिक मजबूती भी जरूरी है क्योंकि टेस्ट क्रिकेट में अगर आप दबाव नहीं झेल पाते, तो यह बहुत चुनौतीपूर्ण हो जाता है। टर्निंग विकेट पर, पहले 10-15 मिनट हमेशा सबसे मुश्किल होते हैं। एक बार जब आप इससे पार पा लेते हैं, तो तेज गेंदबाजों के लिए चीजें आसान हो जाती हैं। उन्होंने टीम की ज़िम्मेदारी के महत्व पर भी ज़ोर दिया और इस बात पर ज़ोर दिया कि टेस्ट मैच एक सामूहिक प्रयास होता है। उन्होंने कहा कि हम साथ मिलकर जीतते हैं और साथ मिलकर हारते हैं। कोई भी खिलाड़ी या टीम अकेले टेस्ट मैच नहीं जीतती या हारती। हर खिलाड़ी योगदान देता है, और जब हम हारते हैं, तो यह सामूहिक ज़िम्मेदारी होती है। गंभीर ने मैच के दौरान ऋषभ पंत के रवैए का बचाव करते हुए कहा कि अपने स्वाभाविक खेल पर ध्यान देना और दबाव में समझदारी से काम लेना जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि पंत बाएं हाथ के स्पिनर का सामना करने की कोशिश कर रहे थे, जो उस समय टीम को साझेदारियां बनाने और महत्वपूर्ण रन बनाने में मदद करने का सबसे अच्छा विकल्प था। कभी-कभी, आपको रणनी. तिक रहते हुए खिलाड़ियों को अपना स्वाभाविक खेल खेलने देना चाहिए।

# हमें लक्ष्य हासिल करना चाहिए था: पंत



**कोलकाता, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका से भारत की पहले टेस्ट में हार से निराश नजर आ रहे कार्यवाहक कप्तान ऋषभ पंत ने कहा कि टीम को लक्ष्य का पीछा करना चाहिए था। चोटिल कप्तान शुभमन गिल की जगह प्रेजेंटेशन में आए पंत ने रविवार को कहा कि इस तरह के मैच में आप ज्यादा नहीं सोच सकते। हमें इस स्कोर का पीछा करना चाहिए था। दूसरी पारी में हम पर दबाव बढ़ गया और हम इसका फ़ायदा नहीं उठा पाए। पंत ने कहा कि टेम्बा बावुमा और कार्बिन बॉश ने शानदार साझेदारी की और इसी ने उन्हें मैच में वापस ला दिया। विकेट से मदद मिल रही थी, 120 जैसा स्कोर मुश्किल हो सकता है, लेकिन एक टीम के तौर पर हमें दबाव को झेलने और उसका फ़ायदा उठाने में सक्षम होना चाहिए।

**खेल विशेष**

## महिला कबड्डी विश्व कप का खिताब डिफेंड करने उतरेगा भारत

**ढाका, वार्ता।** भारत महिला कबड्डी विश्व कप 2025 में डिफेंडिग चैंपियन के रूप में उतरेगा। यह टूर्नामेंट सोमवार से बांग्लादेश के ढाका में शुरू हो रहा है। सभी मुकाबले 17 से 24 नवम्बर के बीच मीरपुर स्थित शहीद सुहरावर्दी इंडोर स्टेडियम में खेले जाएंगे। भारत में महिला कबड्डी विश्व कप 2025 की लाइव स्ट्रीमिग भी उपलब्ध रहेगी। यह टूर्नामेंट 13 साल बाद वापसी कर रहा है और यह कुल मिलाकर दूसरा महिला कबड्डी विश्व कप है। पहले संस्करण में भारत की महिला टीम ने पटना, बिहार में खेले गए फाइनल में ईरान को हराकर खिताब जीता था। उस समय 16 टीमों ने खिताब के लिए मुकाबला किया था। 2025 संस्करण को पहले जून में बिहार में आयोजित होना था, फिर इसे अगस्त के लिए हैदराबाद शि“ट किया गया, लेकिन कई बार स्थगित होने के बाद आखिरकार इसे बांग्लादेश में आयोजित करने का फैसला लिया गया। यह टूर्नामेंट इतिहास में पहली बार भारत के बाहर आयोजित हो रहा है। इससे पहले सभी तीन पुरुष कबड्डी विश्व कप भी भारत में ही खेले गए थे। कुल 11 टीमें महिला कबड्डी विश्व कप 2025 में खिताब की दौड़ में उतरेंगी। भारत, बंगलाद. श, चीनी ताइपे, जर्मनी, ईरान, केन्या, नेपाल, पोलैंड, थाईलैंड, युगांडा और ज़ांज़ीबार। अर्जेंटीना भी हिस्सा लेने वाली थी, लेकिन उसने अपना नाम वापस ले लिया। टीमों को दो ग्रुपों में बांटा गया है, जहां एक में छह और दूसरे में पांच टीमें हैं। वूमेंस कबड्डी वर्ल्ड कप 2025 टीम

ग्रुप ए: भारत, बंगलादेश, थाईलैंड, युगांडा, जर्मनी

ग्रुप बी : चीनी ताइपे, ईरान, पोलैंड, केन्या, नेपाल, ज़ांज़ीबार

हर ग्रुप की टॉप दो टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी। फाइनल 24 नवम्बर को खेला जाएगा। भारत और ईरान कबड्डी की दिग्गज टीमें मानी जाती हैं, लेकिन चीनी ताइपे ने

# स्लोवेनिया से हार के साथ भारतीय टेनिस टीम की क्वालीफायर की उम्मीदें खत्म

● बिली जीन कप रैंकिंग में स्लोवेनिया से 2-1 से हारी

**बेंगलुरु, वार्ता।** शनिवार को बेंगलुरु के एसएम कृष्णा टेनिस स्टेडियम में बिली जीन किग कप 2025 प्ले-ऑफ में स्लोवेनिया से 2-1 से हार के साथ भारतीय महिला टेनिस टीम की पहली क्वालीफायर में जगह बनाने की उम्मीद खत्म हो गई। बिली जीन किग कप रैंकिग में 27वें स्थान पर काबिज भारत को ग्रुप जी में दुनिया की 14वें नंबर की नीदरलैंड और 19वें नंबर की स्लोवेनिया के साथ रखा गया था। स्लोवेनिया, जिसने पहले मुकाबले में नीदरलैंड को 2-1 से हराया था, 2026 के क्वालीफायर्स में आगे बढ़ने के लिए ग्रुप में शीर्ष पर रहा, जबकि भारत और नीदरलैंड 2026 के लिए अपने-अपने क्षेत्रीय ग्रुप एक मुकाबलों में वापस आ गए। विश्व की 381वें नंबर की खिलाड़ी श्रीवल्ली भामिदिपति ने भारत के अभियान की शुरुआत 2021 फ्रेंच ओपन सेमीफाइनलिस्ट तमारा ज़िदानसेक के खिलाफ की, जो वर्तमान में महिला एकल में 162वें स्थान पर हैं। भारतीय टेनिस खिलाड़ी ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन दो घंटे 19 मिनट में 6-3, 4-6, 6-1 से हार गईं। ज़िदानसेक ने शुरुआती गेम में दबदबा बनाया और 4-0 की बढ़त बना ली, जबकि भामिदिपति को अपनी सीमा हासिल करने में दिक्कत हो रही थी। भारतीय खिलाड़ी ने छठे गेम में वापसी की, लेकिन स्लोवेनियाई खिलाड़ी की शुरुआती बढ़त बरकरार रही और उन्होंने सेट 6-3 से अपने नाम कर लिया। भामिदिपति ने दूसरे सेट के शुरुआती गेम में भी ब्रेक किया और 5-1 की बढ़त बना ली। ज़िदानसेक ने आठवें गेम में ब्रेक हासिल किया, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने खुद को संभाला और निर्णायक सेट में जगह बनाई। भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त टेनिस खिलाड़ी, सहजा यामालापल्ली, जो विश्व रैंकिग में 309वें स्थान पर हैं, को विश्व रैंकिग में 98वें स्थान पर काजा जुवान से एक घंटे 30 मिनट में 6-4, 6-2 से हार का सामना करना पड़ा। पहला सेट 4-4 की बराबरी पर था, लेकिन नौवें गेम में यामालापल्ली ने अपनी सर्विस गंवा दी, जिससे जुवान को बढ़त मिल गई। स्लोवेनियाई खिलाड़ी ने दूसरे सेट में भी अपनी लय बरकरार रखी और चौथे और छठे गेम में सर्विस तोड़कर अपनी टीम के लिए मुकाबला जीत लिया। युगल मुकाबले में, एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता अंकिता रैना और प्रार्थना थोम्बारे ने दलिला जाकुपोविक और नीका रेडिसिक पर 1-6, 6-3, 10-7 से जीत हासिल करके भारत को बढ़त दिलाई और स्लोवेनिया को क्लीन स्वीप से रोक दिया।

## न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को सात रनों से हराया

**क्राइस्टचर्च, वार्ता।** डैरिल मिशेल (119) और डेवन कॉन्वे (49) की शानदार बल्लेबाजी के बाद काइल जेमीसन (तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने पहले एकदिवसीय मैच में वेस्टइंडीज को रोमांचक मुक. ाबले में सात रनों से हराया। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है।

270 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज के खिलाफ काइल जेमीसन ने जॉन कैंपबेल (चार) को आउटकर न्यूजीलैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद केसी कार्टी और ऐलेक ऐथनेज की जोड़ी ने पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिए 60 रन जोड़े। 21वें ओवर में मिचेल सैंटनर ने ऐलेक ऐथनेज (29) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया।

# धनुष श्रीकांत ने जीता स्वर्ण पदक

● धनुष ने जापान के टोक्यो में 10 मी. एयर राइफल में विश्व रिकॉर्ड तोड़ा

**टोक्यो, वार्ता।** धनुष श्रीकांत ने जापान के टोक्यो में चल रहे 25वें ग्रीष्मकालीन डेफलंपिक्स में 10 मीटर एयर राइफल में विश्व बधिर रिकॉर्ड तोड़ते हुए निशानेबाजी में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने डेफलंपिक क्वालीफिकेशन रिकॉर्ड भी तोड़कर फाइनल में जगह पक्की की। फाइनल में, धनुष ने 252-2 अंक बनाकर अपने ही विश्व रिकॉर्ड 251-7 अंक से बेहतर प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता, जबकि उनके साथी मोहम्मद मुर्तजा वानिया ने 250-1 अंक के साथ रजत पदक जीता। महिला निशानेबाजों ने एक रजत और एक कांस्य पदक जीतकर प्रतियोगिता के पहले दिन निशानेबाजी में भारत के लिए कुल चार पदक जीते। महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल फ़ाइनल में, महित संधू ने 250-5 अंकों के साथ रजत पदक जीता, जो यूक्रेन की वायलेटा लाइकोवा से 1-9 अंक पीछे था, जिन्होंने 252.4 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। भारत की कोमल मिलिद वाघमारे ने 228.3 अंकों के साथ कांस्य पदक जीतकर भारतीय महिलाओं के लिए दोहरा पोडियम फ़िनिश बनाया। फ़ाइनल में धनुष का स्कोर पिछले हफ़्ते आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में इसी स्पर्धा के फ़ाइनल में जर्मनी के मैक्सिमिलियन डेलिगर द्वारा बनाए गए स्कोर से ज्यादा है। जर्मन खिलाड़ी 252-0 अंकों के साथ विश्व चैंपियन बने, जो टोक्यो में धनुष द्वारा बनाए गए स्कोर से 0-2 अंक कम है। इससे पहले क्वालीफिकेशन में, धनुष ने 630.6 अंकों के साथ मौजूदा डेफ़लिपिक विश्व रिकॉर्ड 625.1 अंकों से बेहतर प्रदर्शन किया, जो दक्षिण कोरिया के किम वू रिम ने ब्राज़ील के कैक्सियास डू सुल में पिछले संस्करण में बनाया था। मोहम्मद मुर्तजा ने भी मौजूदा डेफलंपिक स्कोर को 626.3 के स्कोर के साथ बेहतर किया। फ़ाइनल में दोनों भारतीय निशानेबाज़ों के बीच कड़ी टक्कर रही, लेकिन धनुष ने ज्यादातर हाई-10 स्कोर बनाए जिससे उन्हें स्वर्ण पदक मिला। दक्षिण कोरिया के सेउंघाक बाक ने कांस्य पदक जीता। महिलाओं के क्वालीफिकेशन राउंड में, क्वालीफिकेशन विश्व रिकॉर्ड धारक माहित ने 623.4 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए फ़ाइनल में जगह बनाई। दक्षिण कोरिया की डैन जियोंग ने डेफलंपिक रिकॉर्ड तोड़ते हुए 624.4 के स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। कोमल मिलिद वाघमारे 622.0 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। पिस्तौल निशानेबाज कल 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में हिस्सा लेंगे और पदकों का फैसला होगा।

# कोलकाता टेस्ट से पूरी तरह बाहर हुए शुभमन गिल

● पहले टेस्ट के दूसरे दिन गर्दन के पीछे दर्द के कारण रिटायर्ड हर्ट हुए थे गिल

**कोलकाता, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में पहले टेस्ट के दूसरे दिन गर्दन के पीछे दर्द महसूस करने के बाद रिटायर्ड हर्ट हुए शुभमन गिल आगे इस टेस्ट मैच में हिस्सा नहीं लेंगे। यह जानकारी बीसीसीआई ने रविवार सुबह तीसरे दिन के खेल शुरू होने से पहले दी।

बीसीसीआई के बयान में कहा गया कि गिल को दिन का खेल समाप्त होने के बाद जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया था। वह वर्तमान में अस्पताल में निगरानी में हैं। वह इस टेस्ट मैच में आगे कोई हिस्सा नहीं लेंगे। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी निगरानी जारी रखेगी। शनिवार रात ही यह साफ़ हो गया था कि ईडन गार्डन्स टेस्ट के बचे हुए हिस्से में गिल की भागीदारी संदिग्ध है। ईएसपीएन क्रिकइंफो ने रिपोर्ट किया था कि उन्हें स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर ले जाया गया और अस्पताल में भर्ती कराया गया।

उस समय बीसीसीआई ने इसे एहतियाती कदम बताया था, क्योंकि उन्हें गर्दन में ऐंठन की समस्या हुई थी। स्टेडियम से निकलते समय गिल को नेक-ब्रेस पहने देखा गया और टीम डॉक्टर भी उनके साथ थे। अपनी पारी की शुरुआत में केवल तीन गेंदों के बाद ही, हार्मर की गेंद पर स्वीप लगाकर चौका जड़ने के बाद उन्हें असहजता महसूस हुई। उन्होंने तुरंत कफ़ज़ियो को बुलाया और गर्दन के पीछे हाथ रखते हुए तकलीफ का इशारा किया। गिल तुरंत मैदान छोड़कर रिटायर्ड हर्ट हो गए।

# IPL 2026 में गायकवाड़ होंगे सीएसके के कप्तान



● ऋतुराज गायकवाड़ ने आईपीएल 2025 के शुरुआती पांच मैचों में टीम की कप्तानी की थी

**चेन्नई, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स ने अपने एक्स पोस्ट से साफ कर दिया कि आईपीएल 2026 में टीम की कप्तानी ऋतुराज गायकवाड़ ही करेंगे। फ्रेंचाइजी ने औपचारिक ऐलान नहीं किया, लेकिन पोस्ट में जिस तरह तस्वीर और संदेश दिया था, उससे यह बिल्कुल स्पष्ट था कि कप्तानी फिर से गायकवाड़ के पास ही रहेगी। पिछला सीजन गायकवाड़ के लिए मुश्किल भरा था। उन्होंने आईपीएल 2025 के शुरुआती पांच मैचों में टीम की कप्तानी की थी। इन मुक. ाबलों में चेन्नई को सिर्फ एक जीत मिली थी और चार मैचों में हार झेलनी पड़ी थी।

इन्हीं पांच मैचों में गायकवाड़ ने 122 रन बनाए थे। राजस्थान के खलिाफ उन्हें कोहनी पर चोट लगी और उसके बाद वह पूरे सीजन से बाहर हो गए। टीम की कप्तानी फिर एम एस धोनी ने संभाली, लेकिन चेन्नई का प्रदर्शन नहीं सुधरा और वे 14 में से केवल चार मैच जीतकर आखरिी पायदान पर रहे। चेन्नई ने आईपीएल 2026 से पहले अपने स्क्वाड में बड़े बदलाव किए हैं।

रवींद्र जडेजा और सैम करन को ट्रेड कर दिया गया है और कई खिलाड़ियों को रिलीज कर दिया गया है। टीम ने रुतुराज और धोनी के साथ मजबूत कोर बनाए रखा है और कुछ दिलचस्प रिटेंशन्स भी किए हैं। साथ ही टीम में संजू सैमसन का होना, उन्हें मजबूती प्रदान करेगा। सीएसके द्वारा आईपीएल 2026 से पहले रिलीज किए गए खिलाड़ी : रवींद्र जडेजा (आरआर को ट्रेड)।

## 'भारतीय बल्लेबाजों को ऐसी पिचों पर रन बनाने का तरीका ढूंढना होगा': पुजारा

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन मेजबान टीम को विश्व टेस्ट चैंपियन के हाथों हार का सामना करना पड़ा। जियोस्टार के पोस्ट-मैच शो 'क्रिकेट लाइव' में बोलते हुए, जियोस्टार के विशेषज्ञ चेतेश्वर पुजारा ने पिच के साथ भारत की मुश्किलों, बल्ले से कमज़ोरी और दूसरी पारी में कप्तान शुभमन गिल की अनुपस्थिति पर प्रकाश डाला। 'क्रिकेट लाइव' पर बात करते हुए, पुजारा ने भी बताया कि पहले टेस्ट में टीम इंडिया के लिए क्या गलत हुआ। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि सबसे पहले, हमें नहीं पता कि टीम प्रबंधन वास्तव में ऐसी पिच चाहता था या नहीं। लेकिन सतह चाहे जो भी हो, आपको उस पर अच्छा प्रदर्शन करना होगा और अच्छी तैयारी करनी होगी। मैं कहूंगा कि हमें थोड़ी बेहतर गेंदबाज़ी करनी चाहिए थी और साथ ही, बेहतर बल्लेबाज़ी भी करनी चाहिए थी। पुजारा ने कहा कि दुर्भाग्य से, हमारे पास एक बल्लेबाज कम था। शुभमन गिल पहली पारी में चोटिल हो गए और दूसरी पारी में भी उपलब्ध नहीं थे।

## निशांत सिधु और हर्षित ने दक्षिण अफ्रीका ए को 132 रन पर समेटा

**राजकोट, वार्ता।** निशांत सिधु (चार विकेट) और हर्षित राणा (तीन विकेट) की बेहत. रीन गेंदबाजी की बदौलत भारत ए ने रविवार को दूसरे अनौपचारिक एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ए को 132 रन के स्कोर पर समेट दिया। यहां दक्षिण अफ्रीका ए ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। सलामी बल्लेबाज लुआन-द्रे प्रेटोरियस और रिवाल्डो मूनसामी की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 39 रन जोड़े। आठवें ओवर में हर्षित राणा ने लुआन-द्रे प्रेटोरियस (21) को आउटकर भारत ए को पहली सफलता दिलाई। 11वें ओवर में सिधु ने रिवाल्डो मूनसामी (33) का शिकार कर लिया। कप्तान मार्केस(सात) और जॉर्डन (पांच) विकेट मिले।

# कांशी शास्त्रार्थ में मूर्ति पूजा सिद्ध न हो सकी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महर्षि दयानंद सरस्वती और कांशी के पौराणिक विद्वानों के बीच 16 नवम्बर 1869 को 'वेदों में मूर्ति पूजा' नामक विषय पर हुए शास्त्रार्थ को 156वर्ष होने के उपलक्ष्य में आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद पर साप्ताहिक यज्ञ व सत्संग के अंतर्गत ष्कांशी शास्त्रार्थ एक सत्य की विजयष विषय पर गोष्ठी आयोजित की गयी। गोष्ठी के प्रारंभ में पंडित वीरेंद्र आर्य ने राजेश नारंग -प्रभा नारंग की यज्ञमानी में वैदिक रीति से यज्ञ संपन्न कराया तत्पश्चात शिवम् आर्य ने महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन से ओतप्रोत भजन प्रस्तुत किया और डा राममुनि ने महर्षि दयानंद सरस्वती के अमर ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश का पाठ किया। इस अवसर पर आर्य विद्वान वानप्रस्थी कपिल मुनि ने कांशी शास्त्रार्थ के सम्बन्ध में बताया कि 16नवम्बर 1869 को कांशी के आनन्द बाग में जो अमेठी के राजा माधो सिंह के बाग में ष्वेदों में मूर्ति पूजाष पर शास्त्रार्थ हुआ।

कांशी के 23 विद्वान (पंडे) वेदों में मूर्ति पूजा है के पक्ष में थे जबकि महर्षि दयानंद सरस्वती अकेले वेदो में मूर्ति पूजा नहीं है, के पक्ष में थे। तत्कालीन राजा ईश्वरीय प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में और नगर कोतवाल रघुनाथ प्रसाद की सुरक्षा में 25-30हजार की उपस्थिति में शास्त्रार्थ हुआ। शास्त्रार्थ कई दिनों तक चलने के बाद भी कांशी के विशुद्धानंद, बालशास्त्री जैसे बड़े -बडे विद्वान यह सिद्ध न कर पाये कि चारों वेदों के अमुख मंत्र में मूर्ति पूजा का वर्णन है जबकि महर्षि दयानंद सरस्वती ने ऋग्वेद, यजुर्वेद आदि चारों वेदों के मंत्रों से सिद्ध किया कि परमपिता परमात्मा अकाय है, निराकार है,अजन्मा है,अनन्त है, निर्विकार है, अनादि है, सर्वव्यापक है, सर्वांतर्यामी हैं, अजर ,अमर ,अभय , नित्य और पवित्र है। आर्य विद्वान सूर्य प्रकाश द्विवेदी ने भी यजुर्वेद के मंत्रों के माध्यम से बताया कि ईश्वरीय अकाय होने के कारण ही सर्वत्र और सर्वांतर्यामी कहलाता हैं। साकार एक स्थान विशेष तक ही सीमित रह सकता है लेकिन निराकार ही सृष्टि के हर तत्व में विद्यमान हो सकता है। इसलिए परमपिता परमात्मा का वेदों में कहीं भी साकार रुप के होने का उल्लेख नहीं है। इस अवसर पर प्रधान डा अभय श्रोत्रिय मंत्री रमेश सिंह आर्य ज्ञानेंद्र गांधी डा आलोक कुमार अरविन्द आर्यबंधु निर्मल आर्य राकेश कुमार राजेश नारंग दिनेश दीक्षित सतीश मदान अजबसिंह आर्य, रमाशंकर आर्य, जितेंद्र आर्य, ज्ञानप्रकाश भगत, अर्जुन सिंह प्रफुल्ल आर्य अमित आर्य प्रज्ञाशु आर्य यशपाल आर्य आदि उपस्थित रहे।

# पोस्टर प्रतियोगिता में बीएचपी को प्रथम, राजकीय को द्वितीय व डीपोल को मिला तीसरा स्थान

**■ एसडीएम ने पोस्टर प्रतियोगिता की छात्राओं को वितरित की वेजेता शील्ड व धनराशि, मधुमेह की जागरूकता पर बनाये पोस्टरों ने फैलाई बच्चों व परिवारों में जागरूकता**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** शुक्रवार की शाम बिलारी नगर में आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें बीएचपी एम इंटर कॉलेज, डॉ देवेंद्र पाल विद्या मंदिर, शंकर सहाय हर सहाय कन्या इन्टर कॉलिज, डी पॉल, एसबीएस, आजाद इंटर कॉलेज, पीएम श्री राजकीय इन्टर कॉलिज, से लगभग 250 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया था। जिसमें बीएचपी इन्टर कॉलिज की दसवीं कक्षा की छात्रा उरूज फात्मा ने प्रथम पीएम श्री राजकीय से दसवीं कक्षा की छात्रा प्रशाली द्वितीय व डीपोल से दसवीं की छात्रा नव्या अग्रवाल ने तृतीय स्थान का पुरस्कार जीता, जिसमे विजेताओं को प्रतियोगिता के संचालक डॉ मौ शायगान एमबीबीएस एमडी ने एसडीएम विनय कुमार सिंह के द्वारा 5000 रु, 3000रु व 1000रु की पुरुस्कार राशि साथ मे शील्ड व प्रशंसा पत्र भेंट कराया। साथ ही डॉ देवेन्द्र पाल की छात्रा रितु गर्ग, शंकर सहाय की डोली, बीएचपी की अल्शिफा, एसबीएस की ऐंजल रोज, मन्तशा व आजाद स्कूल की छात्रा आलिया को उत्कृष्ट पुरुस्कार स्वरूप 500रु, शील्ड व प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया। इतना ही नही प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले स्कूलों को भी प्रोत्साहन हेतु शील्ड दी गयी। बिलारी सिटी हॉस्पिटल के प्रांगण में सभी बच्चों के पोस्टरो को प्रदर्शित किया गया जहां सभी छात्र-छात्राओं को बुलाया गया। कार्यक्रम के उपरांत डॉ शायगान ने कहा की वर्ल्ड डायबिटीज डे को मनाने के लिए अपने क्षेत्र में हमने मधुमेह के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु अवेयरनेस ड्राइव कैंपेन चलाया था जिसमें हर दिन एक कार्यक्रम किया गया हमें खुशी है कि इन पांच दिनों में हमने क्षेत्र के सैकड़ो लोगों तक मधुमेह जैसे रोग की जानकारी और बचाव की बातें बतायी। बताया कि हमने अपने पिता डॉक्टर नफीस के नाम से सभी को अवार्ड देकर प्रोत्साहन करने का भी प्रयास किया है। उपजिलाधिकारी ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि चित्र में बीमारियों के प्रति जागरूकता फैलाने का यह बहुत ही सफल प्रयास है ऐसे कार्यक्रम समाज को लाभ पहुंचाते हैं अंत में सामाजिक कार्यकर्ता संगठन के अध्यक्ष नोमान जमाल ने सभी का आभार व्यक्त किया, कार्यक्रम का संचालन डॉ मुजफ्फर नादिर ने किया।

## लूट और चोरी में वांछित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**चन्दौसी/कुढफतेहगढ़।** थाना कुढ़फतेहगढ़ पुलिस ने चोरी व लूट में वांछित चल रहे वारंटी अपराधी नाजिम पुत्र इब्राहिम निवासी रसूलपुर धतरा हाल निवासी मोहल्ला लक्ष्मण गंज, चन्दौसी को बदायूं चुंगी स्टैंड चन्दौसी से शनिवार की रात दस बजे गिरफ्तार किया गया। उक्त नाजिम कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र में हुई दम्पति से लूट एवं राजथल से हुई बकरा चोरी में शामिल था। कुढ़फतेहगढ़, हयातनगर, असमोली, बहजोई तथा कटघर मुरादाबाद थाने में नाजिम पर कुल पच्चीस मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने शनिवार को नाजिम को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हुए रविवार को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक रघुराज सिंह तथा कांस्टेबल उमाकांत शामिल रहे। बता दें कि नाजिक पर दो दर्ज ने से अधिक अभियोग दर्ज हैं।

# तेंदुए ने नीलगाय को बनाया अपना निवाला, ग्रामीणों में दहशत

**ठाकुरद्वारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम अस्दुल्लापुर पट्टी में तेंदुआ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। गांव के ही अधिवक्ता कपिल चौधरी के खेत में एक नीलगाय मृत पाई गई, जिसके पास तेंदुआ सुबह लगभग 8 बजे बैठा दिखाई दिया। तेंदुए को करीब से देखकर खेत स्वामी और आसपास मौजूद लोग भयभीत होकर गांव की ओर भागे और शोर मचाया। शोर सुनकर गांव के लोग लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंच गए, जिन्हें आता देख तेंदुआ खेत से भाग निकला। घटना की सूचना खेत स्वामी कपिल चौधरी ने तुरंत ही वन विभाग के दारोगा संजय चौहान को दी। सूचना पर वन विभाग के कर्मचारी जितेंद्र सिंह कांस्टेबल को मौके पर भेजा गया। विभागीय टीम ने ग्रामीणों की मदद से मृत नीलगाय को खेत में ही गड्ढा खोदकर दफना दिया। तेंदुआ दिखाई देने की घटना से ग्रामीणों में भारी दहशत और आक्रोश का माहौल बन गया। मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान पति बलवंत सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने तेंदुए को पकड़ने की मांग करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुआ गांव के लिए गंभीर खतरा बन सकता है और किसी भी समय अनहोनी हो सकती है। ग्रामीणों की मांग पर वन विभाग ने पिंजरा लगाने का प्रस्ताव मांगा, जिसे ग्राम प्रधान एवं ग्रामीणों ने मौके पर तैयार कर विभाग को सौंप दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन अभी तक सक्रिय नहीं दिख रहा, जबकि तेंदुए की उपस्थिति से पूरा गांव भय के साये में है। लोगों का स्पष्ट कहना है कि अति शीघ्र पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ा जाए, ताकि किसी बड़ी घटना को रोका जा सके।

# टीएमयू की डॉ. सुमन वशिष्ट को बेस्ट नर्सिंग टीचर अवार्ड



**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ नर्सिंग में मेंटल हेल्थ नर्सिंग विभाग की एचओडी डॉ. सुमन वशिष्ट को मथुरा में आयोजित राष्ट्रीय नर्सिंग कॉन्फ्रेंस में नेशनल बेस्ट नर्सिंग टीचर अवार्ड- 2025 से नवाजा गया। नर्सिंग टीचर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया- एनटीएआई की ओर से आयोजित नेशनल कॉन्फ्रेंस में संस्कृति यूनिवर्सिटी में नर्सिंग कॉलेज की डीन डॉ. डी पुनगोडी ने सर्टिफिकेट, चांदी का सिक्का आदि देकर सम्मानित किया। डॉ. वशिष्ट को यह पुरस्कार नर्सिंग शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान, अनुसंधान कार्यों और स्टुडेंट्स के समग्र विकास में उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए दिया गया। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर 42 रिसर्च पेपर्स प्रकाशित हो चुके हैं। डॉ. वशिष्ट की नर्सिंग की चार पुस्तकें भी प्रकाशित हैं, जिनमें से नर्सिंग फाउंडेशन पुरस्कृत है। सम्मेलन की थीम रोगियों के स्वास्थ्य परिणामों में सुधार हेतु साक्ष्य-आधारित अभ्यासों और स्वास्थ्य तकनीक के उपयोग की भूमिका रही। नेशनल कॉन्फ्रेंस में लोकसभा की अनुसूचित जाति एवम् अनुसूचित जनजाति कल्याण समिति के अध्यक्ष एवम् सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते बतौर मुख्य अतिथि, उत्तर प्रदेश सरकार में महिला कल्याण, बाल विकास एवम् पोषण विभाग राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला और मथुरा के विधायक श्रीकांत शर्मा बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। नेशनल कॉन्फ्रेंस में देश के लगभग 200 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। उल्लेखनीय है, डॉ. वशिष्ठ को नर्सिंग में 15 वर्षों का समृद्ध शिक्षण, अनुसंधान एवम् प्रशासनिक अनुभव है। डॉ. वशिष्ट की झोली में यंग रिसर्चर अवार्ड, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम रत्न सम्मान, पेटेंट एंड प्रोजेक्ट अवार्ड भी हैं।

# मतदाता गहन परीक्षण अभियान की समीक्षा बैठक ,घर-घर पहुंच चुके 94 प्रतिशत मतदाता फॉर्म

**ठाकुरद्वारा।** भारतीय चुनाव आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश में संचालित मतदाता गहन परीक्षण अभियान के तहत बीएलओ एवं भाजपा के बूथ लेवल अधिकारी-2 द्वारा अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। यह समीक्षा बैठक शक्ति केंद्र अंसा. रियान में आयोजित हुई। बैठक में सेक्टर संयोजक अंकुर राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त बीएलओ ने अवगत कराया कि लगभग 94 प्रतिशत मतदाता फॉर्म घर-घर पहुँचाए जा चुके हैं। यह कार्य समयबद्ध रूप से आगे बढ़ रहा है और शेष फॉर्म शीघ्र वितरित किए जाएंगे। बैठक में उपस्थित बीएलओकृ भूरे खान, हरपाल सिंह, फहीम अहमद, परवीन जहां और इदरीश अहमद ने अपने-अपने क्षेत्रों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। भाजपा के बीएलओ-2 तरूश अग्रवाल, संजीव कुमार रोहिला, आशुतोष अग्रवाल, विनीत अग्रवाल ने भी अभियान की जानकारी साझा की। इस अवसर पर भाजपा मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार, उमेश कुमार गुप्ता, एडवोकेट अंकित गुप्ता, आशु तथा अन्य पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एसएम कॉलेज चंदौसी प्रकरण, प्रबंधतंत्र पर कार्रवाई की संस्तुति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** एस.एम. कॉलेज चंदौसी के प्रबंधतंत्र और आयोग चयनित नियमित प्राचार्यों के बीच लंबे समय से जारी विवाद एक बार फिर गहरा गया है। उच्च शिक्षा निद. ेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा कॉलेज प्रबंध समिति के विरुद्ध राज्य विश्व विद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 57 एवं 58 के तहत कार्रवाई की संस्तुति शासन को भेजी गई है। यह संस्तुति तब आई है जब कॉलेज प्रबंधतंत्र पर गंभीर प्रशासनिक और वित्तीय अनियमितताओं, जांच में सहयोग न करने तथा विभागीय आद. ेशों की लगातार अवहेलना जैसे आरा. ेप सामने आए हैं। धारा 57 के तहत स्पष्टीकरण मांगा जाता है, जबकि धारा 58 में स्पष्टीकरण असंतोषजनक पाए जाने पर प्रबंधतंत्र भंग करने का प्रावधान है। बता दें कि कॉलेज में पिछले कई वर्षों में नियुक्त हुए किसी भी आयोग चयनित प्राचार्य ने पूरा कार्यकाल नहीं किया। डॉ. वीरेंद्र सिंह, डॉ. आर.बी. रावल (पूर्व सांसद), डॉ. वकुल बंसल और डॉ. ए. के. गुप्ता सहित सभी प्राचार्य विवादों के कारण कॉलेज छोड़ने को मजबूर हुए। प्राचार्य डॉ. वकुल बंसल पर हमले के मामले में वर्तमान एवं पूर्व प्रबंधक को जेल जाना पड़ा था। वर्तमान आयोग चयनित प्राचार्य डॉ. दानवीर सिंह यादव और प्रबंधतंत्र के बीच भी विवाद चरम पर है, जिसके चलते दो दर्जन से अधिक मुकदमे जिला न्यायालय और उच्च न्यायालय में लंबित हैं। इनमें कई शिक्षक व कर्मचारी भी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हुए हैं।

उच्च शिक्षा विभाग, विश्वविद्यालय, महिला आयोग, पिछड़ा वर्ग आयोग, मानवाधिकार आयोग, एससी एसटी आयोग तथा अन्य संस्थानों द्वारा की गई जांचों में अधिकांश स्थानों पर आयोग चयनित प्राचार्यों को दोषमुक्त पाया गया, सिवाय उन जांचों के जो कॉलेज स्तर पर प्रबंधतंत्र द्वारा कराई गईं और जिनमें जांच अधिकारी स्वयं प्रबंधक के रिश्तेदार बताए जाते हैं। उल्टा, प्रबंधतंत्र के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों पर विशेष अंकेक्षण और कई जांचें चल रही हैं, जिनमें अभिलेख उपलब्ध न कराए जाने, वेतन-भत्ते न देने, आदेशों की अवहेलना करने और न्यायालय में बार-बार वाद दायर कर जांच रोकने जैसे आरोप शामिल हैं। विश्वविद्यालय ने भी शासन को इस कॉलेज में धारा 58 के अंतर्गत अधिकृत नियंत्रक नियुक्त करने की संस्तुति की है। सूत्रों के अनुसार बिना पर्यवेक्षक के कराए गए प्रबंध समिति के चुनाव को अभी तक विश्वविद्यालय से अनुमोदन नहीं मिला है, जिससे इसकी वैधता पर प्रश्नचिह्न है।

लगातार विवादों, प्रबंधतंत्र की मनमानी और विभागीय आदेशों की अवहेलना के कारण विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों तथा कर्मचारियों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। शिक्षा जगत में यह मामला अत्यंत गंभीर माना जा रहा है। क्योंकि इसका नकारात्मक प्रभाव संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता और क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था पर पड़ रहा है। माना जा रहा है कि शासन इस लंबे विवाद से ऊब चुका है और जल्द ही प्रबंध समिति के खिलाफ कठोर कार्रवाई की संभावना है। अब सभी की निगाहें शासन के अगले कदम पर टिकी हैं, जो न केवल कॉलेज के भविष्य, बल्कि इससे जुड़े स्टाफ व छात्रों के भविष्य को भी प्रभावित करेगा।

## खनन अधिकारी की गाड़ी देखकर ओवरलोड डंपर डंपर रेत सड़क पर गिराकर भागा



**सुरजन नगर।** शनिवार को सुरजन नगर क्षेत्र में खनन अधिकारी घूम रहे थे। डिलारी रोड पर ग्राम लालपुर के पास रेत से भराओवरलोड डंपर जा रहा था तभी उसको खनन अधिकारी की गाड़ी आने की जानकामिली तब डंपर ड्राइवर चलते डंपर से रेत को सड़क पर गिरा कर भाग गया। सड़क पर रेत गिरने से रास्ता बंद होगया और खनन अधिकारी को अपनी गाड़ी रो. कनी पड़ी। खनन अधिकारी ने ग्रामीणों को रेत उठवा कर मार्ग खुलवाया। समाचार लिखे जाने तक डंपर का पता नहीं चला।

# समाज सेवी मरहूम हाजी शरीफ उद्दीन पाशा की याद में एक तरही महफिल का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** समाज सेवी मरहूम हाजी शरीफ उद्दीन पाशा ( बाबू वकील) की याद में एक तरही महफिल का आयोजन किया गया। जिसमें शोअरा हजरात ने मिसरा तरह 'इंसान किसी मोड़ पे रुसवा नहीं होता' पर अपने कलाम पढ़कर खूब वाह वाही लूटी। नगर के किसान पब्लिक इंटर कॉलेज में आयोजित तरही महफिल का आगाज जमीर अहमद, नवाब हुसैन , आरिफ पाशा ने शमा रोशन करके किया। तरही महफिल में उस्ताद शायर जमीर साल्की अदीबी ने अपना कलाम पढ़ते हुए कहा। फरजाने बियाबां में ठिकाने न बनाते दीवाना अगर रौनके सहरा नहीं होता डाक्टर नफीस बिलारवी ने कहा अब मेरे तसव्वुर में भी आता नहीं कोई। क्या बात है क्यों मिलना मिलना नहीं होता। आरिफ पाशा ने यूं पढ़ा एक आंख किसी को भी गवारा नहीं होता। जो आदमी किरदार का अच्छा नहीं होता अब्दुल कुद्दूस ने यू पढ़ा। दौलत के हमें रंग दिखाता है जमाना। दौलत पे कभी प्यार का सौदा नहीं होता। अली जमाल ने कहा। वो दिल जो मुनव्वर है मोहब्बत की जिया से उस दिल में तो नफरत का अंधेरा नहीं होता राशिद राहत ने कहा हमदर्द हो मेरे तो उसी शख्स को लाओ। मैं और किसी शख्स से अच्छा नहीं होता। इकरार इमरतपुरी ने कहा। गिरते ना कभी आप जमाने की नजर से ईमान अगर आपने बेचा नहीं होता डा नाजिम कुन्दरकीवी ने कहा लोगों के सितम भी तो बना देते हैं पागल हर शख्स पे आसेब का साया नहीं होता अजहर अब्बास नकवी ने कहा हालात समझने की परख तुझ में जो होती जख्मी तिरा हर बार कलेजा नहीं होता मजहर अब्बास नकध्वी ने कहा पैसा हलाल जरिये से अपना कमाइये क्योंके हराम पैसे से उमराह नहीं होता तरही महफिल की सदारत उस्ताद शायर जमीर साल्की अदीबी और निजामत अजहर अब्बास नकवी ने की। इस अवसर पर आसिफ इकबाल अफरोज पाशा शमीम अहमद नजीर अहमद नसीम रंगरेज अब्दुल रहमान अमीर हमजा हबीब मजहर हुसैन आदि मौजूद रहे। आखिर में तरही महफिल के कन्वीनर आरिफ पाशा एडवोकेट ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# शिव पार्वती रसोई ने किया निःशुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शिव पार्वती रसोई द्वारा प्रत्य्येक रविवार की भांति आज भी नि:शुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। आज के वितरण में अरहर की दाल, चावल एवं शुद्ध जल जरूरतमंदों को उपलब्ध कराया गया। आज की रसोई का शुभारंभ दि बार एसोसिएशन एण्ड लाइब्रेरी मुरादाबाद के महासचिव श्री कपिल गुप्ता जी एवं उनकी धर्मपत्नी शिवी गुप्ता जी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर संस्था की ओर से दोनों अतिथियों का पटका पहनाकर एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया गया। संस्था के अध्यक्ष पुष्प यादव ने बताया कि शिव पार्वती रसोई का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद वर्ग तक प्रेम व सम्मान के साथ भोजन पहुँचाना है, और यह सेवा हर रविवार नियमित रूप से जारी रहती है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रत्यूष यादव, आशुतोष त्यागी, सुमित टंडन, डॉ. सतवीर चौहान, योगेश भारती, बंटी गुप्ता, विनय कश्यप, ओमप्रक. ाश सिंह, सुनीत अग्रवाल, विवेक गुप्ता, योगेंद्र तिवारी, नितेश कुमार आदि संस्था के सदस्य उपस्थित रहे।

# बिहार विधानसभा चुनाव में वैश्य समाज की बड़ी जीत पर वैश्य एकता समिति ने मनाया जश्न

**चन्दौसी।** हाल ही में संपन्न हुए बिहार विधानसभा चुनाव में वैश्य समाज के 32 विधायक विजयी हुए, जिससे पूरे वैश्य समाज में उत्साह और खुशी की लहर दौड़ गई है। इसी उपलक्ष्य में रविवार को वैश्य एकता समिति उत्तर प्रदेश संगठन के अस्थायी कार्यालय पर समिति सदस्यों ने एकत्रित होकर एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और आतिशबाजी कर जश्न मनाया। समिति अध्यक्ष लवित वार्ष्णेय ने कहा कि बिहार में वैश्य समाज के लोगों ने चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विभिन्न राजनीतिक दलों ने कुल 63 वैश्य प्रत्याशी मैदान में उतारे थे, जिनमें से 32 ने शानदार जीत दर्ज कर वैश्य समाज का मान और गौरव बढ़ाया है। वैश्य एकता समिति रजि0 संगठन ने सभी नवनिर्वाचित विधायकों को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। इस अवसर पर समिति महामंत्री आकाश वार्ष्णेय, दीपेश वार्ष्णेय, डॉ. दिशांत गुप्ता, विपिन बालाजी, क्षितिज गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, नगर अध्यक्ष सुमित वार्ष्णेय, मोहित बंसल, बृजेश चंद वार्ष्णेय, हेमंत वार्ष्णेय, सजल सिंघल, संजीव वार्ष्णेय, मधुर गुप्ता, कुश वार्ष्णेय, अभिनव वार्ष्णेय सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।



# 29 नियमों को मानने वाला ही विश्नोई कहलाता है



**सुरजन नगर।** सुरजननगर चौकी क्षेत्र के ग्राम लालापुर पीपलसाना में चल रही श्री जम्भवाणी हरि कथा के तीसरे दिन कथा वाचक आचार्य अमृतानंद जी ने बताया हमें अपने कार्यों का फल स्वयंभोगना पड़ता है इसलिए हमें अच्छे कर्म करने चाहिए। आचार्य जी ने कहा हमें प्रतिदिन हवन करना चाहिए जिस घर में प्रतिदिन हवन होता है उस घर में शांति रहती हैं और बीमारी दूर भाग जाती हैं। उन्होंने कहा सन्तो का जीवन परोपकार के लिए होता है आज समाज में स्वर्गीय स्वामी राजेंद्रानंद जी जैसा नहीं है जिन्होंने अपना सारा जीवन बिश्नोई समाज के उत्थान के लिए न्योछावर कर दिया।वे अंतिम समय तक गाय सेवा में लगे रहे। आचार्य जी ने बताया बिश्नोई परिवार में जन्म लेने से बिश्नोई नहीं बनता।

भगवान जंभेश्वर द्वारा रचित 29 नियमों का पालन करने वाला व्यक्ति ही बिश्नोई कहलाता है। बिश्नोई समाज सदैव हरे वृक्षों की रक्षा करता है बिश्नोई समाज हरे वृक्षों की रक्षा करने के लिए अपने जीवन का भी बलिदान दे देता है। कथा मे स्वामी धर्मानंद जी, रमेशानंद जी, जगदेवानंद जी, सागरानंद जी उपस्थित थे।



# रोहिणी की हार के मायने

बिहार विधान सभा चुनाव 2025 में करारी हार के बाद सोमवार को पहली बार तेजस्वी यादव सामने आएंगे, हो सकता है, वह कुछ बड़ा नया कहें, लेकिन चुनाव का परिणाम आने के अगले दिन लालू प्रसाद यादव के परिवार में त्रासदी की जो बड़ी तस्वीर सामने आई है, वह देश दुनिया में चर्चा का विषय बनी हुई है। मीडिया के अनुसार लालू परिवार में दूसरे नंबर की बेटी रोहिणी आचार्य ने पहले कहा था कि उन्होंने परिवार छोड़ दिया, पार्टी छोड़ दी, फिर पटना से निकलते समय कहा कि मुझे परिवार से निकाल दिया। तेजस्वी यादव के दो करीबियों का नाम लेकर कहा था कि उनके बारे में बोलने पर चप्पल उठाई जाती है। अब, आज सोशल मीडिया पर लिखा कि मुझ पर चप्पल उठाई गई। यह हंगामा 2024 की शुरुआत में ही शुरू हो गया था। जमीन, तो उससे पहले बन गई थी। लालू प्रसाद जब मुख्य धारा में शीर्ष पर थे, तब उनकी पत्नी राबड़ी देवी के भाई साधु यादव और सुभाष यादव का जलवा था। मीसा भारती और रोहिणी आचार्य की शादी तक यह जलवा कायम था। जैसे-जैसे लालू परिवार की नई पीढ़ी राजनीतिक समझ के साथ आगे बढ़ने लगी तो सबसे पहले साधु-सुभाष निकाल बाहर किए गए। दोनों भाई इस परिवार का सबकुछ जानते हैं। बहुत कुछ बता भी चुके हैं। अब भी बहुत कुछ छिपा रखा है, यह भी सभी जानते हैं, लेकिन, अब उससे आगे बेटियों की चर्चा। बड़ी बेटी मीसा भारती फिलहाल पार्टी और परिवार में सक्रिय हैं, जबकि रोहिणी आचार्य ने परिवार छुड़ाए और राजनीतिक छोड़ने की जानकारी दी, अगर 2024 के लोकसभा चुनाव में मीसा भारती ने केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव को नहीं हराया होता, तो शायद उनका दर्द भी सामने आ जाता। रामकृपाल यादव कभी राजद के मजबूत आधार-स्तंभ थे, लेकिन एक सीट को लेकर चाचा के सामने भतीजी मीसा भारती उतरीं और हरा नहीं सकीं तो मामला राज्यसभा भेजकर संभाला गया था। शादी के बाद पति राव समरेश के साथ सिंगापुर में रह रहीं रोहिणी आचार्य बाकी बहनों राजलक्ष्मी, अनुष्का, रागिनी, हेमा और चंदा की तरह बिहार की राजनीति से दूर थीं। 2022 में जब सिंगापुर बुलाकर पिता लालू प्रसाद को रोहिणी आचार्य ने अपनी किडनी दान में दी और इलाज कराने के बाद भारत भेजा, तब तक उनके प्रति सहानुभूति की लहर फैल चुकी थी। लालू प्रसाद ने बिहार में एक सभा को वर्चुअल तरीके से संबो. धित किया, तो भी रोहिणी को लेकर नारे लगे। उन्होंने बेटी से जीवनदान मिलने का जिक्र भी किया। इन परिस्थितियों ने रोहिणी आचार्य के लिए राजनीतिक जमीन तैयार कर दी। 2023 के अंत को थोड़ा यादव करना होगा। इस समय रोहिणी आचार्य सक्रिय राजनीति में नहीं उतरी थीं, लेकिन राजनीतिक बयानों से चर्चा में आने लगी थीं। बार-बार लग रहा था कि जनादेश 2020 के बाद अचानक आई महागठबंधन सरकार गिर सकती है। लेकिन, मुहर नहीं लग रही थी। अचानक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर रोहिणी आचार्य का एक तीखा बयान आया और 24 घंटे के अंदर लोगों ने महागठबंधन सरकार गिरते और जनादेश 2020 के आधार पर चुनी गई एनडीए सरकार को वापस आते देख लिया। ऐसा नहीं है कि रोहिणी के एक बयान से वह सरकार गिरी, लेकिन रोहिणी ने तब वह भी लिख दिया था जो तत्कालीन उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी चाचा नीतीश कुमार के बारे में बोलने से बच रहे थे। इसके बाद रोहिणी सक्रिय राजनीति में उतरीं और लोकसभा चुनाव 2024 में पिता लालू प्रसाद यादव ने उन्हें सारण लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता राजीव प्रताप रूडी के खिलाफ टिकट भी दे दिया। इस चुनाव में रोहिणी की हार के बाद से ही लालू परिवार में उनका सितारा खराब दिखने लगा।

## विकास के बड़े लक्ष्य नजरअंदाज न हों



दरअसल आतंकवाद 1989-90 में कश्मीर से शुरू हुआ और धीरे-धीरे मुंबई, पुणे, दिल्ली तक फैल गया है, भारत पिछले 30 साल से आतंकवाद से चुनौती झेल रहा है, अब इस पर कठोर और असरदार एक्शन की जरूरत है, ध्यान दें, तो हर आतंकी घटना में दो चीजें बेहद अहम होती हैं, यह पता लगाना कि वारदात किसने और क्यों की और ऐसे हमलों को दोबारा होने से रोकने के उपाय, हर मुद्दे को युद्ध और शांति के चश्मे से नहीं परखा जा सकता, आतंकवाद पर सख्ती जरूरी है, लेकिन देश के विकास के बड़े लक्ष्य को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।

**-शशि थरूर**
**कांग्रेस सांसद**

# कांग्रेस का निर्णायक मोड़ः बैसाखियों से मुक्ति और जन विश्वास बहाली



**वीरेश तरार**

कांग्रेस आज जिस मोड़ पर खड़ी है, वहां उसके सामने सिर्फ चुनावी पराजय का खतरा नहीं, बल्कि एक सर्वांगीण राजनीतिक अस्तित्व संकट उभर आया है। यह वह स्थिति है जहां उसके लिए 'सबसे निचला पायदान' जैसे शब्द भी अतिशयोक्ति नहीं लगते। स्वतंत्र भारत की सबसे पुरानी पार्टी के लिए यह क्षण केवल आत्ममंथन का नहीं, बल्कि आत्मपुनर्निर्माण की निर्णायक आवश्यकता का है। चुनावी परिदृश्य चाहे राज्यों का हो या राष्ट्रीय स्तर काकृकांग्रेस की हिचकिचाहट, संगठन की निष्क्रियता, नेतृत्व की अस्पष्टता और जनता तक पहुंचने के लिए प्रभावी मुद्दों की कमी ने उसकी पकड़ को लगातार ढीला किया है। परंतु यह कहना गलत होगा कि कांग्रेस पूरी तरह समाप्तप्राय अवस्था में पहुंच चुकी है। बिहार विधानसभा चुनाव के आंकड़े इस निष्कर्ष को गलत ठहराते हैं, क्योंकि वहां कांग्रेस प्रत्याशियों को औसतन बहत्तर हजार मत मिले, जो बताते हैं कि जनाधार पूरी तरह विखंडित नहीं हुआ है। उसका औसत मत संख्या का यह संकेत स्पष्ट करता है कि समस्या वोटर के पलायन की नहीं, बल्कि सैनिक-संगठन, रणनीति निर्माण और नेतृत्व-संयोजन की है।

वास्तविक संकट यह है कि कांग्रेस अपनी राजनीतिक लड़ाई अपनी शर्तों पर नहीं लड़ पा रही। पिछले एक दशक में वह लगातार उस एजेंडा पर लड़ने को विवश हुई है जिसे भारतीय जनता पार्टी और नरेंद्र मोदी तैयार करते हैं। कोई भी राष्ट्रीय मुद्दा हो जाति, धर्म, अर्थव्यवस्था, विदेश नीति, सामाजिक न्याय, डिजिटल पहल या कल्याणकारी योजनाएं हर मोर्चे पर कांग्रेस की प्रतिक्रिया 'उत्तर' के रूप में रही, 'प्रश्न' के रूप में नहीं। एक राष्ट्रीय पार्टी की पहचान उसके अपने प्रश्नों से बनती है, अपने विचार से, अपने संघर्षों से। लेकिन कांग्रेस ने लंबे समय से यह क्षमता खो दी है कि वह खुद कोई राष्ट्रीय विमर्श तय करे। यात्रा राजनीति के जरिए राहुल गांधी ने जो नई ऊर्जा पैदा की, वह ऊर्जा संगठन में रूपांतरित नहीं हो सकी। कन्याकुमारी से कश्मीर तक की उनकी यात्रा ने जिन युवाओं को, जिन सामाजिक समूहों को प्रेरित किया, उन्हें स्थाई संरचना में बदलने का कोई प्रबंध पार्टी नहीं कर सकी। ऐसे समय में जब जनमत नौकरी, महंगाई, शिक्षा और जीवन-स्तर से जुड़े वास्तविक प्रश्नों पर समाधान चाहता है, कांग्रेस के पास उन सवालों के जवाब देने के लिए एक व्यवस्थित रणनीति नहीं दिखी। समस्या का दूसरा पक्ष नेतृत्व का राज्यस्तरीय रिक्तता है। यदि कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व भीड़ जुटा लेता है, भावनाएं जगा लेता है, तो वही भावनाएं राज्यों में नेतृत्व और संगठन के अभाव के कारण वापस बिखर जाती हैं। उत्तर प्रदेश जैसे विशाल राज्य में कांग्रेस के पास ऐसा कोई चेहरा नहीं है जिस पर जनता भरोसा कर सके कि वह आने वाले समय में मुख्यमंत्री पद के योग्य नेता के रूप में खड़ा हो सकेगा। हरियाणा में नेतृत्व केवल खेमों की खींचतान तक सीमित है, जहां पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा का प्रभाव सीमांत होता जा रहा है और नया नेतृत्व आकार नहीं ले पा रहा। राजस्थान में सचिन पायलट और अशोक गहलोत के बीच चलने वाला लंबा संघर्ष पार्टी की जड़ों को खोखला कर चुका है।

मध्य प्रदेश में कांग्रेस लगातार कोई नया, आश्वस्त करने वाला नेतृत्व स्थापित नहीं कर सकी। दक्षिण भारत में उसकी स्थिति और भी जटिल है, जहां कई राज्यों में पार्टी न नेतृत्व दे पा रही है, न गतिशील संगठन। इन राज्यों की स्थिति इस बात का संकेत है कि समस्या अकेले शीर्ष नेताओं में नहीं, बल्कि संगठनात्मक ढांचे में है। कांग्रेस सेवा दल जैसी ऐतिहासिक विरासत कभी कांग्रेस की रीढ़ हुआ करती थी गांव-गांव जाकर लोगों को जोड़ने वाली, बूथ तक वोटर को पहुंचाने वाली, पार्टी की नीतियों को जनता के मन में उतारने वाली व्यवस्था। यह प्रणाली वर्षों में निष्क्रिय हो गई, और इसका परिणाम यह हुआ कि कांग्रेस के पास अब वह नेटवर्क ही नहीं बचा जो जनता से संवाद कर सके। चुनाव केवल लोकप्रिय चेहरे नहीं जीततेय वे संगठन के बूते जीते जाते हैं। आज भी बीजेपी की सबसे बड़ी ताकत उसका बूथ स्तर तक फैला अनुशासित नेटवर्क है। कांग्रेस में इसके ठीक विपरीत, संगठन लगभग अस्तित्वहीन स्थिति में है। इसी संगठनात्मक कमजोरी ने कांग्रेस को क्षेत्रीय दलों की बैसाखियों पर निर्भर बना दिया है। जब भी कांग्रेस गठबंधन राजनीति में प्रवेश करती है, वह नेतृत्व छोड़कर साथी दलों के एजेंडे पर चलने लगती है। एक राष्ट्रीय पार्टी का अस्तित्व उसके स्वतंत्र एजेंडे पर निर्भर करता है, न कि दूसरों की शर्तों पर। लेकिन कांग्रेस ने पिछले एक दशक में इस निर्भरता को त्यागने की कोशिश ही नहीं की। बिहार या झारखंड में महागठबंधन हो, महाराष्ट्र में साझेदारी हो, तमिलनाडु में द्रविड़ दलों पर निर्भरता हो हर जगह वह सशक्त भूमिका न लेकर एक सहायक भूमिका में दिखाई देती है। यह स्थिति उसे न केवल कमजोर करती है, बल्कि उसके मूल मतदाता को भ्रमित करती है। कांग्रेस तभी राष्ट्रीय विकल्प बन सकती है जब वह स्वयं को क्षेत्रीय समीकरणों के बोझ से मुक्त करे और राष्ट्रीय नीति-संरचना को स्वयं गढ़े। राहुल गांधी को भी इस वास्तविकता को स्वीकार करना होगा कि उनकी लोकप्रिय छवि और यात्राएं तभी सार्थक हैं जब वे संगठन के पुनरूनिर्माण से जुड़ी हों। केवल भाषण, यात्रा, संवाद से कांग्रेस का पुनर्जन्म नहीं हो सकता। उसके लिए एक अनुशासित, सक्रिय, तकनीकी रूप से सक्षम और जन-संपर्क में निपुण संगठन की आवश्यकता है। कार्यकर्ताओं को केवल चुनाव के समय नहीं, बल्कि पूरे वर्ष निरंतर सक्रिय रखने की व्यवस्था बनानी होगी। यदि कांग्रेस अपने संगठन का पुनर्गठन नहीं करती, तो किसी भी राज्य में नेतृत्व गढ़ने का उसका प्रयास असफल रहेगा, क्योंकि नेतृत्व तभी प्रभावी होता है जब उसके पीछे एक मजबूत संरचना हो।

इसके साथ ही कांग्रेस के सामने मुद्दों की स्पष्टता का संकट भी है। आज के भारत में बेरा. ेजगारी, कृषि संकट, महंगाई, शिक्षा की गुणवत्ता, स्वास्थ्य व्यवस्था, आर्थिक असमानता, महिलाओं की सुरक्षा और लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता जैसे विषय जनता के मन में गहरे बैठे हैं। लेकिन इन मुद्दों पर कांग्रेस की नीति का कोई स्पष्ट, ठोस दस्तावेज जनता तक नहीं पहुंचता। यह स्थिति इसलिए भी गंभीर है क्योंकि बीजेपी के पास अब कोई नया विमर्श प्रस्तुत करने के लिए पर्याप्त विकल्प नहीं बचा है। पिछले दस वर्षों की अधिकांश घोषणाएं अब या तो स्थिर हो गई हैं या जनमानस में अपनी सीमा तक पहुंच चुकी हैं। ऐसे समय में यदि कांग्रेस वास्तविक मुद्दों पर निर्भीकता से चलती है, तो जनता उसे विकल्प के रूप में देखने लगेगी। परंतु इसके लिए उसे अपने संवाद को सक्रिय, स्थाई और विश्वसनीय बनाना होगा।

युवाओं को जोड़ना इस समय कांग्रेस के लिए सबसे बड़ा अवसर है। देश की विशाल युवा आबादी राजनीतिक रूप से सचेत है और रोजगार तथा शिक्षा से जुड़े मसलों पर अपनी भूमिका चाहती है। यदि कांग्रेस युवाओं को नेतृत्व देने का वास्तविक मंच तैयार करती है, उन्हें प्रदेश और जिला स्तर पर जिम्मेदारियां सौंपती है, संगठन को तकनीकी और डिजिटल स्तर पर आधुनिक बनाती है, तो यह नई पीढ़ी उसके पुनरुत्थान की सबसे बड़ी ताकत बन सकती है। किंतु यदि कांग्रेस केवल पुरानी संरचनाओं में ही उलझी रहेगी, तो उसके पास भविष्य की कोई ठोस दिशा नहीं बचेगी।

कांग्रेस को यह समझना होगा कि लोकसभा चुनाव के लिए जनता विकल्प तभी चुनती है जब वह उस विकल्प पर भरोसा कर सके। आज कांग्रेस के लिए यह भरोसा दो कारणों से कमजोर है संगठन की निष्क्रियता और नेतृत्व का अस्पष्ट स्वरूप। यदि कांग्रेस स्वयं को मजबूत संगठन, स्पष्ट नेतृत्व और राष्ट्रीय मुद्दों पर दृढ़ नीति के रूप में प्रस्तुत करती है, तो उसके पास आने वाले वर्षों में विकल्प बनने की संभावना बनी रह सकती है। लेकिन यदि पार्टी क्षेत्रीय गठबंधनों की बैसाखियों पर ही चलती रही, अपने आंतरिक संघर्षों को हल नहीं कर सकी, और संगठन को पुनर्जीवित करने का साहस नहीं जुटा पाई, तो उसके लिए राजनीति की मुख्यधारा में लौट पाना अत्यंत कठिन हो जाएगा। भारत की राजनीति लोकतंत्र की हिमायत और हिफाजत में एक मजबूत विपक्ष की मांग करती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सबसे तेज बनने के चक्कर में श्रद्धांजलि का पात्र मीडिया

**सनी की टीम की ओर से आधिकारिक बयान जारी कर कहा गया कि मिस्टर धर्मेंद्र स्थिर हैं और ऑब्जर्वेशन में हैं। वे अच्छी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। झूठी अफवाहें न फैलाएं, प्राइवेसी का सम्मान करें और जल्द स्वस्थ होने की दुआ करें। इस अफवाहबाज गोदी मीडिया को सबसे अधिक जलालत व अपमान का सामना सोशल मीडिया में करना पड़ा। इतना आक्रोश तो उस समय भी देखना नहीं पड़ा था जब पहले भी कई बार यही गैर जिम्मेदार और झूठ परोसने वाला मीडिया कभी अमिताभ बच्चन तो कभी रजनीकांत कभी शाहरुख तो कभी फरीदा जलाल जैसे कई कलाकारों को जीवित रहते हुए भी मारने की खबरें चलाता रहा है।**



**तनवीर जाफरी**

अन्य करोड़ों लोगों की तरह मैं भी फिल्म जगत में ही मैन के नाम से प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र का बचपन से ही प्रशंसक हूं। 1985-87 के मध्य इलाहाबाद में अमिताभ बच्चन के साथ काम करने का अवसर मिला। उसी दौर में मुंबई आना जाना रहा। उन दिनों मुझे संजय खान, दारा सिंह, रणजीत, देव कुमार उनकी सुपुत्री मिस इंडिया मनीषा कोहली सहित अन्य कई कलाकारों से व्यक्तिगत रूप से मिलने का अवसर मिला परन्तु इत्तेफाक से दो बार कोशिशों के बावजूद धर्मेंद्र से इसलिए न मिल सका क्योंकि मेरे मुंबई के प्रवास के दौरान वे शूटिंग पर कहीं बाहर होते। बहरहाल उनसे मिलने व उनके साथ बैठने की हसरत दिल में ही रही। इत्तेफाक से 2005 में जब मैं लोकसभा की कार्रवाई देखने के लिए दिल्ली गया था उसी दौरान संसद के मुख्य द्वार पर मेरी नजर इस महान अभिनेता पर पड़ी। उस समय वे 2004 से 2009 के मध्य बनी 14वीं लोकसभा में राजस्थान के बीकानेर लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी की ओर से निर्वाचित हुए सांसद थे। मैं उन्हें देखकर जोर से बोल पड़ा अरे बीरु और धर्मेंद्र ने मेरी तरफ दोनों हाथ बढ़ाते हुए जोर से कहा आ जा मेरी जान। मैं उनकी तरफ तेजी से बढ़ा, उन्होंने बी आगे बढ़कर पूरी गर्मजोशी से मुझे दोनों हाथों से झप्पी डालते हुए इतनी जोर से उठाया कि मेरे दोनों पैर जमीन से ऊपर उठ गए। उस अविस्मरणीय क्षण को मैं आज भी भी याद करता हूं।

बहरहाल पिछले दिनों भारत के बदनाम जमाना गोदी मीडिया ने देश के उस हरदिल अजीज अभिनेता को उनके जीवनकाल में ही अपनी खबरों में श्रद्धांजलि दे डाली। गौर तलब है कि सांस लेने में दिक्कत होने के कारण उन्हें पिछले दिनों मुंबई के ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में उन्हें भर्ती कराया गया था। उनके अस्पताल में भर्ती होते ही टीआरपी के भूखे गोदी मीडिया ने अपने मुख्य वाक्य सबसे तेज को साकार करने के मकसद से मोर्चा संभाल लिया। और 10-11 नवंबर के बीच अच्छे खासे बोलते बात चीत करते इस लोकप्रिय अभिनेता की मौत की झूठी अफवाहें तेजी से फैला दीं। ऐसी अफवाहबाजी कि केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंहवी, तेलुगु सुपरस्टार चिरंजीवी, अभिनेत्री भाग्य, गीतकार व पटकथा लेखक जावेद अख्तर यहां कि खुद गोदी मीडिया की ही एक चर्चित पत्रकार चित्रा त्रिपाठी तक ने इसी झूठी खबर पर विश्वास करते हुए धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि व श्रद्धासुमन अर्पित कर डाले। बाद में इनमें से कई हस्तियों ने अपने ऐसे ट्वीट डिलीट भी किए? यहां तक कि कई बड़े अखबारों ने भी इसी गोदी मीडिया की इस झूठी खबर पर विश्वास हुए मुख्य पृष्ठ पर खबरें प्रकाशित कर डालीं। उधर वही धर्मेंद्र अपनी मौत की झूठी खबर फैलने के अगले ही दिन यानी 12 नवंबर को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिए गए। अस्पताल से छुट्टी के बाद वे सजे संवरे सर पर हैट धारण किए अपने अभिनेता पुत्रों के साथ हंसते मुस्कुराते और उसी मीडिया का अभिवादन करते हुए अपने घर जाते नजर आए परन्तु पहले भी इस तरह की अफवाह फैलाते रहने वाले गोदी मीडिया को इस बार कुछ ज्यादा ही मुंह की खानी पड़ी। न केवल धर्मेंद्र के परिवार के सदस्यों ने बल्कि धर्मेंद्र के प्रशंसकों ने भी सोशल साइट्स पर गोदी मीडिया की धज्जियां उड़ाकर रख दीं।

धर्मेंद्र की बेटी अभिनेत्री ईशा देओल ने सबसे पहले अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि मीडिया हद से ज्यादा सक्रिय है और झूठी खबरें फैला रहा है। मेरे पापा स्थिर हैं और रिकवर कर रहे हैं। परिवार को प्राइवेसी दें। पापा के जल्द ठीक होने की दुआओं के लिए शुक्रिया। उसके फौरन बाद अभिनेत्री पत्नी व सांसद हेमा मालिनी ने ट्विटर पर गुस्से में लिखा कि जो हो रहा है वो अक्षम्य है। जिम्मेदार चैनल ऐसे व्यक्ति के बारे में झूठी खबरें कैसे फैला सकते हैं जो इलाज पर अच्छी प्रतिक्रिया दे रहा है और रिकवर कर रहा है? यह बेहद असम्मानजनक और गैर -जिम्मेदाराना है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**


# आखिर क्यों नहीं रुकते देश में आतंकवादी हमले



**विनीत नारायण**

एक बार फिर आतंकवादी हमलों ने देश की राजधानी दिल्ली को दहला दिया। लाल किले के भीड़ भरे इलाके में यह जानलेवा विस्फोट उस साजिश से कहीं कम थे जो पूरी दिल्ली को दहलाने के लिए रची गई थी। इन आतंकी हमलों के पीछे पढ़े लिखे ऐसे लोग शामिल हैं जिनसे ऐसी वैशियाना हरकत की उम्मीद नहीं की जा सकती। प्रश्न है कि जब देश की सुरक्षा एजेंसियां हर समय अपने पंजों पर रहती हैं उसके बावजूद भी देश की राजधानी जो कि सुरक्षा के लिहाज से काफी मुस्तैद मानी जाती है, वहां पर इतनी भारी मात्रा विस्फोटक सामग्री लेकर एक आतंकी कैसे घूम रहा था? कैसे इन विस्फोटक राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पहुंचा? हमारी रक्षा और गृह मंत्रालय की खुफिया एजेंसियां क्या कर रही थी?

इन हमलों से सारा देश हतप्रभ है पहलगाम में हुई आतंकवादी वारदात के छह महीने बाद ही ए दूसरा बड़ा झटका लगा है। सवाल उठता है कि देश में आतंकवाद पर कैसे काबू पाया जाए? हमारा देश ही नहीं दुनिया के तमाम देशों का आतंकवाद के विरुद्ध इकतरफा साझा जनमत है। ऐसे में सरकार अगर कोई ठोस कदम उठाती है, तो देश उसके साथ खड़ा होगा। उधर तो हम सीमा पर लड़ने और जीतने की तैयारी में जुटे रहें और देश के भीतर आईएसआई के एजेंट आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देते रहें तो यह लड़ाई नहीं जीती जा सकती। मैं पिछले 30 वर्षों से अपने लेखों में लिखता रहा हूं कि देश की खुफिया एजेंसियों को इस बात की पुख्ता जानकारी है कि देश के 350 से ज्यादा शहरों और



कस्बों की सघन बस्तियों में आरडीएक्स, मादक द्रव्यों और अवैध हथियारों का जखीरा जमा हुआ है जो आतंकवादियों के लिए रसद पहुंचाने का काम करता है। प्रधानमंत्री को चाहिए कि इसके खिलाफ एक 'आपरेशन क्लीन स्टार' या 'अपराधमुक्त भारत अभियान' की शुरुआत करें और पुलिस व अर्धसैनिक बलों को इस बात की खुली छूट दें जिससे वे इन बस्तियों में जाकर व्यापक तलाशी अभियान चलाएं और ऐसे सारे जखीरों को बाहर निकालें।

गृहमंत्री अमित शाह ने दिल्ली में हुए धमाके के बाद अपने बयान में यह साफ कहा कि आतंकियों को ऐसा सबक सिखाया जाएगा कि पूरी दुनिया देखेगी। उल्लेखनीय है कि कश्मीर के खतरनाक आतंकवादी संगठन 'हिजबुल मुजाईदीन' को दुबई और लंदन से आ रही अवैध आर्थिक मदद का खुलासा 1993 में मैंने ही अपनी विडियो समाचार पत्रिका 'कालचक्र' के 10वें अंक में किया था। इस घोटाले की खास बात यह थी कि आतंकवादियों को मदद देने वाले स्रोत देश के लगभग सभी प्रमुख दलों के बड़े नेताओं और बड़े अफसरों को भी यह अवैध धन मुहैया करा रहे थे। इसलिए सीबीआई ने इस कांड को दबा रखा था। घोटाला उजागर करने के बाद मैंने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और आतंकवादियों को आ रही आर्थिक मदद के इस कांड की जांच करवाने को कहा। सर्वोच्च अदालत ने मेरी मांग का सम्मान किया और भारत के इतिहास में पहली बार अपनी निगरानी में इस कांड की जांच करवाई। बाद में यही कांड 'जैन हवाला कांड' के नाम से मशहूर हुआ। जिसने भारत की राजनी. ति में भूचाल ला दिया। पर मेरी चिंता का विषय यह है कि इतना सब होने पर भी इस कांड की ईमानदारी से जांच आज तक नहीं हुई और यही कारण है कि आतंकवादियों को हवाला के जरिए, पैसा आना जारी रहा और आतंकवाद पनपता रहा।

उन दिनों हॉगकॉग से 'फार ईर्स्टन इकोनोमिक रिव्यू' के संवाददाता ने 'हवाला कांड' पर मेरा इंटरव्यू लेकर कश्मीर में तहकीकात की और फिर जो रिर्पोट छपी, उसका निचोड़ यह था कि आतंकवाद को पनपाए रखने में बहुत से प्रभावशाली लोगों के हित जुड़े हैं। उस पत्रकार ने तो यहां तक लिखा कि कश्मीर में आतंकवाद एक उद्योग की तरह है। जिसमें बहुतों को मुनाफा हो रहा है। उसके दो वर्ष बाद जम्मू के राजभवन में मेरी वहां के तत्कालीन राज्यपाल गिरीश सक्सैना से चाय पर वार्ता हो रही थी। मैंने उनसे आतंकवाद के बारे में पूछा, तो उन्होंने अंग्रेजी में एक व्यग्यात्मक टिप्पणी की जिसका अर्थ था कि मुझे 'घाटी के आतंकवादियों' की चिंता नहीं है, मुझे 'दिल्ली के आतंकवादियों' से परेशानी है। अब इसके क्या मायने लगाए जाए?

आतंकवाद को रसद पहुंचाने का मुख्य जरिया है हवाला कारोबार। अमरीका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के तालि. बानी हमले के बाद से अमरीका ने इस तथ्य को समझा और हवाला कारोबार पर कड़ा नियन्त्रण कर लिया। नतीजतन तब से आज तक वहां आतंकवाद की कोई घटना नहीं हुई, जबकि भारत में हवाला कारोबार बेरोकटोक जारी है। इस पर नियन्त्रण किए बिना आतंकवाद की श्वासनली को काटा नहीं जा सकता। एक कदम संसद को उठाना है, ऐसे कानून बनाकर जिनके तहत आतंकवाद के आरोपित मुजरिमों पर विशेष अदालतों में मुकदमे चला कर 6 महीनों में सजा सुनाई जा सके। जिस दिन मोदी सरकार यह कदम उठा लेगी उस दिन से भारत में आतंकवाद का बहुत हद तक सफाया हो जाएगा। यह चिंता का विषय है कि तमाम दावों और आश्वासनों के बावजूद पिछले चार दशक में कोई भी सरकार आतंकवाद के खिलाफ कोई कारगर उपाय कर नहीं पाई है। हर देश के नेता आतंकवाद को व्यवस्था के खिलाफ एक अलोकतांत्रिक हमला मानतेरहे हैं और बेगुनाह नागरिकों की हत्याओं के बाद यही कहते रहे हैं कि आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पर कई दशक बीत जाने के बाद भी विश्व में आतंकवाद के कम होने या थमने का कोई लक्षण हमें दिखाई नहीं देता। नए हालात में जरूरी हो गया है कि आतंकवाद के बदलते स्वरूप पर नए सिरे से समझना शुरू किया जाए। हो सकता है कि आतंकवाद से निपटने के लिए बल प्रयोग ही अकेला उपाय न हो। क्या उपाय हो सकते हैं उनके लिए हमें शोधपरख अध्ययनों की जरूरत पड़ेगी। अगर सिर्फ 70 के दशक से अब तक यानी पिछले 40 साल के अपने सोच विचार.ष्टि अपनी कार्यपद्धति पर नजर डालें तो हमें हमेशा तदर्थ उपायों से ही काम चलाना पड़ा है। इसका उदाहरण कंधार विमान अपहरण के समय का है जब विशेषज्ञों ने हाथ खड़े कर दिए थे कि आतंकवाद से निपटने के लिए हमारे पास कोई सुनियोजित व्यवस्था ही नहीं है।

यदि विश्वभर के शीर्ष नेतृत्त्व एकजुट होकर कुछ ठोस कदम उठाएं, तो उम्मीद है कि हम आतंकवाद के साथ भ्रष्टाचार, साम्प्रदायिकता, शोषण और बेरोजगारी जैसी समस्याओं का भी समाधान पा लें। देश इस समय गंभीर हालत से गुजर रहा है। मातम की इस घड़ी में रोने के बजाए सीमा सुरक्षा पर गिद्धदृष्टि और दोषियों को कड़ा जबाब देने की कार्यवाही की जानी चाहिए पर यह भी याद रहे कि हम जो भी करें, वो दिलों में आग और दिमाग में बर्फ रखकर करें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**



पटना। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत का जश्न मनाते भाजपा समर्थक।

# साउथ कोरिया की न्यूक्लियर पनडुब्बियों में मदद करेगा अमेरिका

## साउथ कोरिया और अमेरिका के बीच एक समझौता, साउथ कोरियाई मंत्री बोले: यह किम जोंग की नींद उड़ा देगी

**वाशिंगटन।** साउथ कोरिया और अमेरिका के बीच एक समझौता हुआ है, जिसमें अमेरिका ने साउथ कोरिया को परमाणु ऊर्जा से चलने वाली हमलावर पनडुब्बियां (अटैक सबमरीन) बनाने की इजाजत दे दी है।

व्हाइट हाउस ने गुरुवार को जारी किए गए एक लेटर में बताया कि अमेरिका इन पनडुब्बियों के लिए फ्यूल देने के साथ तकनीकी सहयोग भी करेगा। पिछले महीने हुए व्यापार समझौते के तहत साउथ कोरिया, अमेरिका में 29.58 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगा। इसमें 16.9 लाख करोड़ रुपये नकद और 12.68 लाख करोड़ रुपये जहाज निर्माण में लगेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने अपने सोशल



■ पिछले महीने हुए व्यापार समझौते के तहत साउथ कोरिया, अमेरिका में 29.58 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगा

मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि ये पनडुब्बियां अमेरिकी राज्य पेंसिल्वेनिया के फिलाडेल्फिया के शिपयार्ड में बनेंगी, जो दक्षिण कोरियाई कंपनी हन्वा की अमेरिकी यूनिट है। हालांकि दक्षिण कोरियाई अधिकारी चाहते हैं कि ये पनडुब्बियां कोरिया में ही बनाई जाएं, क्योंकि वहां मौजूदा सुविधाएं इनका निर्माण तेजी से कर सकती हैं।

साउथ कोरियाई रक्षा मंत्री अहन ग्यू-बैक ने कहा कि यह उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की नींद उड़ा देंगी। अमेरिका और साउथ कोरिया के बीच यह समझौता ऐसे समय में हुआ है जब दोनों देशों के नेताओं ने पिछले महीने एक व्यापार समझौते पर सहमति जताई थी, जिसके तहत अमेरिका ने टैरिफ को 25 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत कर दिया था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इस वर्ष की शुरुआत में साउथ कोरिया पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दी थी। राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने 15 प्रतिशत तक कम करने के लिए बातचीत की थी। वर्तमान में सिर्फ 6 देशों के पास परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बियां हैं। इसमें अमेरिका, चीन, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस और भारत शामिल है। साउथ कोरिया के पास पहले से ही लगभग 20 पनडुब्बियां हैं, लेकिन वे सभी डीजल से चलती हैं और इसलिए उन्हें बार-बार सतह पर आना पड़ता है। इसके तुलना में परमाणु पनडुब्बियां लंबे समय तक पानी के अंदर रह सकती हैं, तेज गति से चल सकती हैं और दूर तक ऑपरेशन कर सकती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### रेस के दौरान कार के बाड़ से टकराने से नौ लोग घायल

**सिडनी।** सिडनी के उत्तर में एक रेस कार्यक्रम के दौरान एक कार के बाड़ से टकराने से नौ लोग घायल हो गए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) राज्य की पुलिस ने रविवार को एक बयान में कहा कि वाहन एक दौड़ में हिस्सा ले रहा था और शनिवार शाम लगभग 6:15 बजे सिडनी से 320 किलोमीटर उत्तर में स्थित वाल्चा के छोटे से शहर में एक बाड़ से टकराने के बाद एक मंच से टकरा गया। दर्शकों ने घायलों को एम्बुलेंस पैरामेडिक्स आने तक सहायता प्रदान की और 20 से 75 वर्ष की आयु के सात पुरुषों और दो महिलाओं को निकटवर्ती अस्पताल पहुंचाया।

### आईएफएफआई ने इफिस्टा 2025 का किया शुभारंभ

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) इस वर्ष दूरदर्शन द्वारा प्रस्तुत चार दिवसीय संगीत एवं प्रदर्शन कार्यक्रम इफिस्टा 2025 के साथ अपने सांस्कृतिक प्रभाव को व्यापक बनाने के लिए तैयार है। यह कार्यक्रम गोवा के श्यामा प्रसाद मुखर्जी ऑडिटोरियम में 21 से 24 नवम्बर तक प्रतिदिन शाम 6:00 बजे से 8:00 बजे तक चलेगा। वेव्स कल्चरल्स एंड कॉन्सर्ट्स के तहत तैयार किया गया।

### कॉप-30 में हरित औद्योगिकरण के लिए बेलेम घोषणा पत्र जारी

**बेलेम।** ब्राजील के बेलेम में चल रहे संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन शिखर सम्मेलन (कॉप-30) में 35 देशों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और संस्थाओं के समर्थन से हरित औद्योगीकरण के लिए बेलेम घोषणापत्र जारी किया गया। यह दस्तावेज तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने और आर्थिक विकास के एक स्थाई मॉडल को स्थापित करने के लिए पर्यावरणीय, आर्थिक और सामाजिक लक्ष्यों की रूपरेखा प्रस्तुत करता है। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए भागीदार देश साझा प्रयास करेंगें और समन्वित कार्रवाई करेंगे।

# मेक्सिको में भ्रष्टाचार के खिलाफ GenZ का प्रदर्शन

## 120 घायल, मेयर की मौत से गुस्साए, राष्ट्रपति निवास की दीवारें गिराईं

**मेक्सिको।** मेक्सिको में हजारों जैन-जी बढ़ते अपराध, भ्रष्टाचार, हिंसा में मिल रही छूट, सार्वजनिक हत्या औरा सुरक्षा की कमी के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं। यह गुस्सा एक मेयर की सार्वजनिक हत्या के बाद और भड़क गया। मेक्सिको के पश्चिमी राज्य मिचोआकेन में 1 नवम्बर को उरुअपन के मेयर कार्लोस मंजो की एक प्रोग्राम के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

गुस्साए जैन-जी ने राष्ट्रपति के आधिकारिक निवास नेशनल पैलेस की सुरक्षा दीवारों को गिरा दिया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थरों, हथौड़े, पटाखों, लाठियों और जंजीरों से हमला किया। इन्हें रोकने के लिए पुलिस ने आंसू गैस छोड़ी। राजधानी के सुरक्षा सचिव पाब्लो वाजक्वेज ने द इंडिपेंडेंट को बताया कि प्रदर्शन में 120 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 100 पुलिस अधिकारी हैं। वहीं 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस साल कई देशों में जेन जेड युवा असमानता, लोकतंत्र की गिरावट और भ्रष्टाचार के खिलाफ सड़कों पर उतरे हैं। नेपाल में सितम्बर में सोशल मीडिया बैन के बाद बड़ा प्रदर्शन हुआ, जिससे प्रधानमंत्री को इस्तीफा देना पड़ा।



मेक्सिको में भी युवा भ्रष्टाचार और हिंसक अपराधों में मिल रही छूट से परेशान हैं। 29 साल के बिजनेस कंसल्टेंट एंड्रेस मासा ने कहा कि हमें ज्यादा सुरक्षा चाहिए। प्रदर्शन में सिर्फ युवा ही नहीं, बल्कि मध्यम आयु और बुजुर्ग वर्ग के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

43 वर्षीय चिकित्सक एरिजबेथ गार्सिया ने बताया कि हम सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए ज्यादा फंडिंग चाहते हैं। लेकिन सबसे बड़ी समस्या सुरक्षा है। डाक्टर भी असुरक्षित हैं। यहां कोई मारा जाता है और कुछ नहीं होता। मेक्सिको ने हाल में हुए कई हाई-प्रोफाइल हत्याकांडों ने राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम को लेकर जनता में गुस्सा भर दिया है। प्रदर्शन से कुछ दिन पहले शीनबाम ने दक्षिणपंथी विपक्षी दलों पर गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ये दल जेन जेड आंदोलन में घुसपैठ कर रहे हैं और सोशल मीडिया का इस्तेमाल करके प्रदर्शन को बड़ा दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, इस हफ्ते कुछ जैन-जी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ने प्रदर्शन से अपना समर्थन वापस ले लिया। दूसरी ओर, पूर्व राष्ट्रपति विसेंट फाक्स और मेक्सिको के अरबपति उद्योगपति रिकार्डो सालिनास प्लिजियो ने सोशल मीडिया पर प्रदर्शन का खुला समर्थन किया। विरोध में जैन-जी (18 से 29 साल के युवा) जापानी कामिक्स 'वन पीस' के केरेक्टर 'लूफी' को अपना प्रतीक बना रहे हैं। प्रदर्शनकारियों के हाथ में खोपड़ी वाली टोपी का निशान देखा जा रहा है, जो लूफी की पहचान है। एक छात्र नेता लियोनार्डो मुन्योस ने कहा कि लूफी जगह-जगह जाकर भ्रष्ट और तानाशाही शासकों से जनता को आजाद कराता है। यहां भी वही स्थिति है। अब और खामोश नहीं रहेंगे छात्र सैंटियागो जापाटा ने कहा हम इस बात से थक चुके हैं कि मौत और भ्रष्टाचार को सामान्य बना दिया गया है। हमारी पीढ़ी अब खामोश नहीं बैठेगी। सरकार को जनता से डरना चाहिए, न कि जनता को सरकार से। वन पीस जापान की मशहूर कामिक्स और ऐनिमे सीरीज है। इसकी कहानी समुद्री डाकुओं (पाइरेट्स) पर आधारित है, जो आजादी, दोस्ती और न्याय के लिए लड़ते हैं। यह सीरीज पूरी दुनिया में युवाओं के बीच बेहद लोकप्रिय है। जैन-जी ने प्रदर्शन के लिए जापानी कामिक्स 'वन पीस' के केरेक्टर 'लूफी' के मशहूर निशान खोपड़ी के झंडे लहराए। बांग्लादेश, नेपाल और अफ्रीकी महाद्वीप में भी जैन-जी प्रदर्शन हुए। बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और आर्थिक असमानता से त्रस्त यह युवा पीढ़ी अब केवल विरोध नहीं कर रही, वह सरकारें बदल रही है। पिछले एक साल में केन्या, मेडागास्कर, मोरक्को और बोत्सवाना जैसे देशों में जेन-जी के नेतृत्व में व्यापक प्रदर्शन हुए।

# जापान में चीनी नागरिक सुरक्षित नहीं: चीन

**बीजिंग।** चीन ने रविवार को जापान पढ़ने जाने वाले चीनी छात्रों के लिए सुरक्षा एडवाइजरी जारी की है। चीन का कहना है कि जापान में इन दिनों सुरक्षा स्थिति ठीक नहीं है और वहां रहने वाले चीनी नागरिकों के लिए खतरा बढ़ गया है। चीन के मुताबिक, जापान में हाल ही में अपराध बढ़े हैं और चीनी छात्रों के लिए माहौल पहले जैसा सुरक्षित नहीं रहा। चीन की यह चेतावनी उस समय आई है जब जापान की नई प्रधानमंत्री साने ताकाइची ने संसद में ताइवान को लेकर एक बयान दिया। उन्होंने कहा कि अगर चीन ने ताइवान पर हमला किया या उस पर दबाव बनाने की कोशिश की, तो जापान अपनी सैन्य कार्रवाई करेगा। चीन ने इस बयान को बेहद गैर-जिम्मेदार और उकसाने वाला करार दिया है। चीन का कहना है कि ताकाइची का यह बयान दोनों देशों के रिश्तों को नुकसान पहुंचा सकता है और पूरे क्षेत्र में तनाव बढ़ा सकता है। चीन ने इस बयान का विरोध करते हुए जापान के राजदूत को तलब किया और प्रधानमंत्री से अपने बयान को वापस लेने की मांग की। दूसरी तरफ, जापान ने भी चीन के एक राजनयिक की सोशल मीडिया पोस्ट पर आपत्ति जताई है। चीन के सरकारी मीडिया का कहना है कि जापान ताइवान मुद्दे में बेवजह दखल दे रहा है और ऐसा करके खुद अपने देश को खतरे में डाल रहा है। एक न्यूज एडिटोरियल में यह भी लिखा गया कि अगर जापान की सेना ने इस मामले में दखल दिया, तो पूरे क्षेत्र को नुकसान झेलना पड़ेगा।

# जापान के प्रधानमंत्री अपने गैर-परमाणु सिद्धांतों में करेंगे बदलाव

**टोक्यो।** जापान के प्रधानमंत्री अपने उन 3 गैर-परमाणु सिद्धांतों की समीक्षा करने पर विचार कर रहे हैं जो उसे परमाणु हथियार नहीं रखने, उसका उत्पादन नहीं करने और जापानी क्षेत्र में परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की अनुमति नहीं देते हैं। जापान के प्रधानमंत्री के इस कदम से देश की सुरक्षा नीति में एक बड़े बदलाव का संकेत मिल रहा है। जापान के प्रधानमंत्री साने ताकाइची देश में लंबे समय से चले आ रहे उन तीन गैर-परमाणु सिद्धांतों की समीक्षा करने पर विचार कर रहे हैं। क्योडो न्यूज के अनुसार प्रधानमंत्री के इस विचार से घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विवाद तय है।



■ प्रधानमंत्री के इस विचार से घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विवाद तय है

ताकाइची जापान की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति और दो संशोधित दस्तावेजों को अद्यतन करते हुए तीसरे सिद्धांत को भी संशोधित करने पर विचार कर रहे हैं क्योंकि वे परमाणु हथियारों को जापान के क्षेत्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं देते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर इस सिद्धांत में बदलाव किया जाता है तो यह देश की सुरक्षा नीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव होगा और इस पर घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विवाद होना तय है। गौरतलब है कि वर्ष 1967 में जापान के तत्कालीन प्रधानमंत्री ईसाकु सातो ने देश की संसद डाइट में अपने तीन परमाणु सिद्धांतों की घोषणा करते हुए कहा था कि उनका देश अब न तो परमाणु हथियार रखेगा, न ही उनका उत्पादन करेगा और न ही जापानी क्षेत्र में परमाणु हथियारों के प्रवेश की अनुमति होगी। जापान में तब से इसे एक राष्ट्रीय सिद्धांत माना जाता है। जापान में वर्ष 1922 में कैबिनेट द्वारा जब राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति अनुमोदित की गई, तब उस समय भी कहा गया कि तीन गैर-परमाणु सिद्धांतों का पालन करने की मूल नीति भविष्य में भी अपरिवर्तित रहेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि ताकाइची का परमाणु हथियार न रखने या उनका उत्पादन न करने के जापान के रुख को संशोधित करने का कोई इरादा नहीं है लेकिन उनका मानना है कि परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की अनुमति न देने से अमेरिकी परमाणु-सशस्त्र जहाजों के बंदरगाहों पर आने-जाने में बाधा आ सकती है, जिससे अमेरिकी परमाणु प्रतिरोध कमजोर हो सकता है।

# ताइवान के जल क्षेत्र में देखे गए चीनी विमान और नौसेना जहाज

**ताइपे।** ताइवान के राष्ट्रीय जलक्षेत्र के आसपास रविवार सुबह 6 बजे तक चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के 30 विमानों और सात नौसेना (पीएलएएन) के जहाजों के साथ-साथ एक चीनी आधिकारिक जहाज को सक्रिय देखा गया।

ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) ने रविवार को एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि आज सुबह 6 बजे तक ताइवान के आसपास 30 पीएलए विमान, 7 पीएलए के जहाज और 1 आधिकारिक जहाज सक्रिय देखे गए। 17 उड़ानें मध्य रेखा को पार करके ताइवान के उत्तरी, मध्य, दक्षिण-पश्चिमी और पूर्वी एडीआईजेड में प्रवेश कर गईं। हमने स्थिति पर नज़र रखी है और जवाबी कार्रवाई की है। ताइवान ने चीन की गतिविधियों का मुकाबला करने के लिए विमान और नौसैनिक जहाज तैनात किए और चीनी गतिविधियों पर नज़र रखने के लिए तट-आधारित मिसाइल प्रणालियों को सक्रिय किया। चीन की गतिविधियों में वृद्धि को ताइवान और अमेरिका की हालिया रक्षा खरीद की पृष्ठभूमि में देखा जा सकता है। उल्लेखनीय है कि 13 नवम्बर को ही अमेरिका ने 33 करोड़ अमेरिकी डॉलर के लड़ाकू विमानों और विमानों के पुर्जों को ताइवान को बेचने पर सहमति जताई थी।

# जलवायु जिम्मेदारी निभाते हुए विकास कर रहा भारत

## यूएनडीपी प्रमुख हाओलियांग शू बोले: भारत ने ये दिखाया: आर्थिक विकास और सामाजिक समावेश एक साथ आगे बढ़ सकते हैं

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा है कि भारत ने ये दिखाया है कि आर्थिक विकास और सामाजिक समावेश एक साथ आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि समतापूर्ण विश्व बनाने के लिए दुनिया को भारत से सीखने की जरूरत है। यूएनडीपी के कार्यवाहक प्रशासक हाओ. लियांग शू ने कहा कि भारत के विकास की कहानी न केवल आर्थिक प्रगति के बारे में नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए भी है कि प्रौद्योगिकी और सहभागी शासन साथ-साथ चल सकते हैं।

शू ने कहा कि जलवायु अनुकूलन, नवीकरणीय ऊर्जा और समावेशी डिजिटल वित्त के प्रति भारत की प्रतिबद्धता विकास और स्थिरता के बीच संतुलन बनाने का एक उदाहरण पेश करती है। उन्होंने कहा कि भारत इस तरह विकास कर रहा है जो आर्थिक रूप से मजबूस और जलवायु-उत्तरदाई दोनों हों। डिजिटलीकरण और जलवायु कार्रवाई सहित सहयोग के नए क्षेत्रों को मजबूत करने और उनकी पहचान करने के

**भारत इस तरह विकास कर रहा है जो आर्थिक रूप से मजबूत और जलवायु-उत्तरदाई दोनों हों**

लिए हाओलियांग शू भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर आए हुए हैं। यूएनडीपी के नवीनतम मानव विकास सूचकांक से पता चलता है कि मानव विकास में वैश्विक प्रगति 35 वर्षों के निचले स्तर पर आ गई है और पिछले दो वर्षों से यह लगभग स्थिर है। शू ने जलवायु परिवर्तन और गरीबी सहित विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिए भारत के विकास माडल की सराहना की। यूएनडीपी प्रमुख ने कहा कि भारत ने दिखाया है कि तेज विकास को लोगों, विशेष रूप से ऐतिहासिक रूप से पिछड़े लोगों में सोच-समझकर किए गए निवेश से जोड़ा जा सकता है। शू ने खासकर भारत के प्रमुख कार्यक्रमों जैसे मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) और आयुष्मान भारत का उल्लेख किया और कहा कि ये कार्यक्रम आजीविका सुरक्षा को सामाजिक सुरक्षा के साथ जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और वित्तीय समावेशन प्लेटफार्मों, जिनमें जन धन, आधार, मोबाइल (जेएएम) ट्रिनिटी और यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) शामिल हैं, ने करोड़ों लोगों तक पारदर्शी और सीधे लाभ पहुंचाने में मदद की है।

# पाकिस्तान के सिंध प्रांत में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, सात लोग मरे


**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिणी सिंध प्रांत में एक पटाखा फैक्ट्री में हुए शक्तिशाली विस्फोट में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। राहत एवं आपातकालीन बचाव टीम 1122 सिंध के प्रवक्ता हसन उल हसीब ने बताया कि यह विस्फोट शनिवार शाम हैदराबाद जिले के लगहारी गोठ में हुआ। उन्होंने कहा कि विस्फोट के बाद भीषण आग ने देखते ही देखते पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया।

# टेम्स नदी में इंडियन के पैर धोने से विवाद

## सोशल मीडिया यूजर बोले: गंगा-यमुना काफी नहीं, टेम्स को भी वैसा बनाना चाहते हो

**लंदन।** लंदन की मशहूर टेम्स नदी में एक भारतीय युवक के पैर धोने से विवाद छिड़ गया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। कुछ रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया है कि उसने नदी में नहाने की भी कोशिश की थी।

टेम्स नदी लंदन की पहचान मानी जाती है और इसके किनारे संसद भवन, लंदन आई और टावर ब्रिज जैसी मशहूर जगहें हैं। जब यह वीडियो इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स पर सामने आया, तो लोगों की तीखी प्रतिक्रियाएं दी। एक सोशल मीडिया यूजर ने कहा कि गंगा-यमुना काफी नहीं थीं, अब टेम्स को भी वैसा बनाना चाहते हो। एक अन्य ने लिखा कि इंडियन आदमी टेम्स में पैर धो रहा है, लोग नाराज हैं। ये कैसी हरकतें हैं? कई सोशल मीडिया यूजर्स ने युवक के सपोर्ट में भी ट्वीट किए हैं। एक



यूजर ने लिखा कि पैर धोने में आखिर समस्या क्या है। सम्मान के साथ पूछ रहा हूं, इसमें दिक्कत क्या है? एक यूजर ने पूछा-क्या पानी में पैर डालना गैरकानूनी है? एक यूजर ने लिखा कि नदी का रंग ही बता रहा है कि इसमें कुछ भी धोना ठीक नहीं। दूसरे ने मजाक में कहा-भाई, पैर मत धोओ, लोग यही पानी पीते हैं। टेम्स नदी लंदन शहर के बीच से गुजरती है और सदियों से शहर के विकास, व्यापार और परिवहन का मुख्य आधार रही है। रोमन साम्राज्य के समय से ही यह नदी महत्वपूर्ण रही है। लंदन शहर की स्थापना भी इसी नदी के किनारे हुई थी। टेम्स नदी पर लंदन ब्रिज, टावर ब्रिज, वेस्टमिंस्टर पैलेस, लंदन आई और टेम्स बैरियर जैसे फेमस ब्रिज हैं। नदी के किनारे कला, संगीत, थियेटर और त्योहारों से जुड़ी कई एक्टिविटी होती हैं। टेम्स पर की जाने वाली क्रूज यात्राएं लंदन के प्रमुख आकर्षणों में से हैं। इस विवाद के बीच, नदी की सफाई और प्रदूषण पर भी चर्चा शुरू हो गई। 'द गार्जियन' की एक रिपोर्ट के मुताबिक, टेम्स नदी के कई हिस्सों में ई.कोली बैक्टीरिया और सीवेज के प्रदूषण की मात्रा काफी बढ़ गई है। जांच में यह भी पाया गया कि नदी में गीले वाइप्स और प्लास्टिक का कचरा जमा होकर वेट वाइप आइलैंड्स जैसी बड़ी ढेरियां बन चुकी हैं। ऐसा ही एक बड़ा ढेर हेमरस्मिथ ब्रिज के पास मिला है।

# मादुरो ने अमेरिकी धमकियों के खिलाफ लामबंदी का आह्वान किया

**काराकास।** वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने कैरिबियाई क्षेत्र में अमेरिका और त्रिनिदाद एवं टोबैगो द्वारा संयुक्त सैन्य अभ्यास की घोषणा के बाद देश के पूर्वी क्षेत्र में स्थाई तौर पर सतर्कता बरतने और लामबंदी का आह्वान किया है। मादुरो ने उत्तरी राज्य मिरांडा के पेटारे में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान कहा कि मैं एक बार फिर पूर्वी राज्यों-दक्षिणी बोलिवर, डेल्टा अमाकुरो, मोनागास, सूक्रे, एंज़ोएटेगुई और नुएवा एस्पार्टा-के सभी लोगों से नागरिकों, सैन्य बलों और पुलिस के बीच पूर्ण एकता बनाए रखने, सतर्कता बरतने और वेनेजुएला का झंडा ऊंचा करके सड़कों पर मार्च करने का आह्वान करता हूं।

मोदीनगर की संस्थापिका
UMESH MODI GROUP MODINAGAR
स्व.श्रीमती दयावती मोदी जी
के 110वें जन्मदिवस 17 नवम्बर, 2025 पर
हम सब उन्हें अपनी हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।



स्व.श्रीमती दयावती मोदी
1915 – 1994
समस्त प्रबंधक एवं कर्मचारीगण
उमेश मोदी ग्रुप
मोदीनगर